# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | वर्ष –69 | अंक –159 पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ रो रही है झेलम ...
■ नरेन्द्र मोदी के सामने... 04
■ शांति वार्ता के बीच फिर कीव में बरसा रूस का...
■ टकराया तो तबाह हो जाएगा पाकिस्तान 09
■ पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम
■ एक दिन की राहत के बाद फिर महंगा हुआ... 11
■ चेन्नई व हैदराबाद ...
■ केन्द्रीय खेल मंत्री ... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

चैन्नई विरूद्ध हैदराबाद
चैन्नई
7.30 बजे से

## पहलगाम हमले पर हुई सर्वदलीय बैठक

### राजनाथ, शाह, खड़गे व राहुल मौजूद रहे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पहलगाम हमले को लेकर पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चली।गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए।

बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इससे पहले केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ना होगा, क्योंकि 27 अप्रैल से उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। जिन्हें मेडिकल वीजा मिला है, उन्हें 29 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है।



बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया

### राष्ट्रपति मुर्मु से मिले शाह व जयशंकर, दी जानकारी

सर्वदलीय बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

### पाकिस्तान में रह रहे भारतीय लौटे स्वदेश

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से वर्तमान में पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा- भारत के नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

### कांग्रेस कार्यसमिति ने कहा- ये हमारे गणतंत्र पर सीधा हमला

**भाजपा पर भेदभाव को बढ़ावा देने का लगाया आरोप**

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में कहा गया कि पहलगाम के कायराना हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान है और यह हमला हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना भी की और आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी इस त्रासदी को भी तुष्टिकरण और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल कर रही है, जबकि इस समय एकता की सबसे ज्यादा जरूरत है। कांग्रेस पार्टी की फैसले लेने वाली सर्वोच्च निकाय कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह हमला कायराना और पूरी तरह से सोची समझी रणनीति के तहत किया गया, जिसका मास्टरमाइंड पाकिस्तान है। यह हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

## एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में टेक निवेशकों को निवेश का सुनहरा अवसर : मुख्यमंत्री

### ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में 27 अप्रैल को होगा भव्य आयोजन,जुटेंगे देश-दुनिया के टेक-दिग्गज

- राउंड टेबल मीटिंग में रणनीति साझेदारी पर होगा संवाद
- प्रमुख उद्योगपतियों से
- वनऑन-वन होगी मीटिंग एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का होगा शुभारंभ-

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर होगा। राज्य का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन 27 अप्रैल 2025 को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में शामिल अतिथि टेक-दिग्गजों और निवेशकों को प्रदेश के तकनीकी और डिजिटल नवाचार और उससे संबंधित आर्थिक दृष्टिकोण से परिचित कराएंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे ने बताया है कि कॉन्क्लेव राज्य सरकार का दृष्टिकोण समझाने के साथ ही इसके ठोस क्रियान्वयन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में 2 माह में ही कई परियोजनाओं का भूमि-पूजन और आईटी इकाइयों के लिए आवंटन पत्र जारी कर दिए हैं।

कॉन्क्लेव में गूगल, माइक्रोसोफ्ट, एनवीडिया, सीमेन्स-ईडीए, एएनएसआर, थोलोन्स, योट्टा, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर्स, रैकबैंक, नेटलिंक, इफोबीन्स, डेटा इंजीनियस ग्लोबल, केन्स टेक्नोलॉजी, एचएलबीएस टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचशील रियल्टी, एंबर एंटरप्राइज़ेस, केदारा कैपिटल, बॉस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया, और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों की भागीदारी होगी। साथ ही, मध्यप्रदेश की अग्रणी आईटी एवं स्टार्ट-अप कंपनियां जैसे इंपेटस टेक्नोलॉजीज, अपोइंटी और यश टेक्नोलॉजीज भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगी।

इस कॉन्क्लेव में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) एवीजी समिति, क्रेजी एनिमेसन्स स्टूडियो, पर्पल टर्टल,एबीएआई, कायरा एनिमेशन्स और सेंटर फॉर एंटरटेनमेंटआर्ट्स ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**सार संक्षेप**

### गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** एक ओर जहां पहलगाम आतंकी हमले से पूरा देश शोक में है तो दूसरी ओर पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर से जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क कर एफआईआर के लिए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए उपाय करने की मांग की। यह जानकारी गौतम गंभीर के कार्यालय से न्यूज एजेंसी को मिली है।

### पाकिस्तान की हिरासत में है बीएसएफ जवान

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ का जवान गलती से सीमा के उस पार चला गया था। जवान को वापस लाने के लिए बीएसएफ के अधिकारी पाकिस्तान रेंजर्स के बात कर रहे हैं। बीएसएफ एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जवान की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मीटिंग बुलाई गई है। यह बैठक फिरोजपुर बॉर्डर पर होगी।




### प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को दिया कड़ा संदेश

## आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

**मधुबनी, (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

उन्होंने मंच से ऐलान किया, आज बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके सरगना की पहचान करेगा, उसे खोजेगा और उसे सजा देगा। हम उन्हें धरती के कोने-कोने तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह



सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल समय में हमारे साथ खड़े हैं।'

**भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया**– पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

### बिहार को दीं करीब 13,480 करोड़ की योजनाओं की दी सौगातें

उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एकदिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी।

## बसंतगढ़ मुठभेड़ में जवान शहीद

**जम्मू, (देशबन्धु)।** पहलगांव हमले के बाद प्रदेश में कई जगह आतंकियों ने मोर्चे खोले हैं। अगर बसंतगढ़ में मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया तो कुलगाम में वे आतंकी भागने में कामयाब हो गए जिनके साथ कल रात से ही मुठभेड़ चल रही थी।

पुंछ, किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ के कई इलाकों में आतंकियों को देखे जाने की खबरों के बाद व्यापक तलाशी अभियान छेड़े गए हैं। उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर इलाके में जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया कि संपर्क स्थापित किया गया और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। शुरुआती गोलीबारी के दौरान एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल टीम के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद बाद में उसकी मौत हो गई। शहीद हुए जवान की पहचान6 पैरा स्पेशल फोर्सस के हवालदार जांटू अली शेख के तौर पर की गई है।

**कुलगाम में आतंकी भाग निकले**

हालांकि कुलगाम से मुठभेड़ से भाग जाने वाले आतंकियों के प्रति सुरक्षाधिकारी कहते थे कि उन्हें जल्द ही घेर कर मार डाला जाएगा। जबकि किश्तवाड़ में डूल डैम के इलाके में संदिग्धों को देखे जाने के उपरांत सुरक्षाबल अभी तक उनकी थाह पाने में नाकम रहे थे। यही हाल पुंछ तथा कठुआ के इलाकों में देखे जाने वाले आतंकियों के प्रति भी था जो अभी तक हाथ नहीं आए थे। दूसरी ओर पुलिस ने कहा कि उसे विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े कुछ ओजीडब्ल्यू ने अपने आकाओं के निर्देश पर आपराधिक साजिश रची है।

### सिंधु जल संधि रोकने से बौखलाया पाकिस्तान

## पानी रोकने को 'युद्ध जैसी कार्रवाई' बताया

- भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा
- भारतीय उड़ानों के लिए अपनी वायु सीमा बंद की
- शरीफ ने बुलाई थी राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े फैसले से बिलबिलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार खत्म करने का ऐलान किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई।

इस बैठक में भारत सरकार के सख्त फैसलों पर करीब दो घंटे तक चर्चा की गई। बैठक में पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। भारत के सिंधु जल समझौते को निलंबित किए जाने पर पाकिस्तान ने कहा कि पानी रोकना युद्ध जैसी कार्रवाई है।

**भारत के आरोपों को निराधार बताया**– पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) ने भारत के आरोपों को खारिज करते हुए निराधार और मनगढ़ंत बताया है। एनएससी का कहना है कि पहलगाम हमले को लेकर नई दिल्ली की ओर से पाकिस्तान को निशाना बनाने का अभियान पूरी तरह झूठ पर आधारित है।




**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-पाकिस्तान कह रहा है कि सिंधु जल समझौता रोकना जल युद्ध जैसा है।
**चुहिया- हां प्रिये**-कोई उससे यह भी पूछे कि निर्दोष नागरिकों का खून बहाना कौन सा युद्ध है।




**असर** पटरी से उतर सकती है कश्मीर की अर्थ व्यवस्था

## पहलगाम अटैक से 21,000 करोड़ दांव पर

**नई दिल्ली/जम्मू।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी अटैक ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि जहां हर साल लाखों पर्यटक अपनी फैमिली के साथ छुट्टियां मनाने और जिंदगी की कुछ खूबसूरत यादें जोड़ने जाते हैं, वहां कुछ ऐसा भी हो जाएगा। आतंकवादियों ने 26 लोगों को पहचान पूछकर मार डाला। जान गवांने वालों में ज्यादातर पर्यटक ही थे।

किसी की हाल ही में शादी हुई थी, तो कोई पैसे जुटाकर अपने फैमिली के साथ उस डेस्टिनेशन पर खुशी के पल बिताने गया था, लेकिन उन्हें इन डरपोक आतंकवादियों के हमले का जरा भी इल्म नहीं था। इस घटना का आक्रोश जम्मू-कश्मीर से लेकर पूरे देश में है। लोगों का गुस्सा पाकिस्तान पर फूट रहा है। सोशल मीडिया से पूरी दुनिया तक में पाकिस्तान की इस करतूत की थू-थू हो रही है।

**तरक्की की पटरी पर था कश्मीर**– इस आतंकी हमले से ये तो साफ है कि



पाकिस्तान को इसका करारा जवाब मिलेगा, लेकिन धारा 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में अमन और शांति लौट आई थी, उसपर ग्रहण लगाता हुआ नजर आ रहा है। जो टूरिज्म इंडस्ट्री वहां तेजी से फैल रही थी, अब उस इंडस्ट्री को बड़ झटका लगा है। लोगों के अंदर कश्मीर जाने को लेकर एक डर पैदा हो गया है।

**हमले से इन सेक्टर्स पर होगा गहरा असर!** – इस हमले का असर कश्मीर के सभी सेक्टर्स पर पड़ सकता है। खासकर पर्यटन पर ज्यादा प्रभाव दिखाई दे सकता है। वहां पर होटल, कंपनी खोलने और फल का व्यापार करने का इरादा रखने वाले निवेशकों का हिल सकता है। इससे सालों की मेहनत के बाद वापस स्थिर हुई कश्मीर की आर्थिक प्रगति पटरी से उतर सकती है। इतना ही नहीं, कश्मीर के लोगों की इनकम पर भी गहरा असर दिखाई पड़ सकता है।

**अभी तक मजबूत रही है कश्मीर की इकोनॉमी**– अभी तक जम्मू और कश्मीर की आर्थिक प्रगति मजबूत रही है। 2024-25 के लिए ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत

**नई दिल्ली।** जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जी-20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।

# पूरी शक्ति से आतंक के विषैले फनों को कुचला जाएगा : मुख्यमंत्री योगी

**कानपुर, (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी का गुरुवार को ड्योढ़ी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कानपुर के लाल को अंतिम विदाई दी। परिवार को सांत्वना देने के लिए सीएम योगी गुरुवार सुबह शुभम के हाथीपुर (कानपुर) स्थित आवास पर पहुंचे और वहां उन्होंने शुभम के पार्थिव शरीर को नमन कर श्रद्धांजलि दी।



उन्होंने शुभम के पिता से बातचीत की और उनकी पत्नी से पूरी आपबीती सुनी। परिवार को ढाढ़स बंधाने के बाद सीएम योगी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहलगाम में घटी आतंकी घटना क्रूर, वीभत्स और कायराना है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने परिवार समेत पूरे प्रदेश और देश के लोगों को भरोसा दिया कि यह सरकार आतंकी और उग्रवादी घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है और जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, पूरी शक्ति से आतंक के इन विषैले फनों को कुचला जाएगा।

जो लोग इस साजिश का हिस्सा बने हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा और आप सभी इसके साक्षी बनेंगे। हिंदू मां-बहनों के साथ उनके सामने ही उनके सिंदूर के साथ जो बर्बरता की गई है, इसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को उसकी सजा जरूर मिलेगी। इसमें कोई संदेह किसी को नहीं होना चाहिए।

शुभम के परिजनों को सांत्वना देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ है, उसमें कानपुर का नौजवान शुभम द्विवेदी भी शिकार हुआ है। यह हमला एक क्रूर, वीभत्स, कायराना कृत्य है, जिसकी भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के हर सभ्य समाज ने निंदा की है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। निर्दोष पर्यटकों पर उनकी जाति और धर्म पूछकर हमला किया गया और बहन-बेटियों के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ा गया। यह कोई सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की जो नीति रही है, वह प्रभावी ढंग से आतंकवाद को नेस्तनाबूत करेगी। इसके ताबूत पर अंतिम कील ठोकने की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सीसीएस की बैठक में कड़े निर्णय लिए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं उन क्षेत्रों का दौरा किया, जहां यह घटना घटी है। आगे की रणनीति के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद के खात्मे के लिए अब पूरा भारत आगे बढ़ा है। आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति भारत की जो जीरो टॉलरेंस की नीति है, पूरे भारत को प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभम द्विवेदी परिवार का एकमात्र पुत्र था। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। हम सभी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं।

## दुश्मनों को भारत का सख्त संदेश

# नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले ही डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 26 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे यह परीक्षण पूरा हुआ था। इस दौरान मिसाइल



ने भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को बहुत नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर नष्ट किया था। इस उड़ान परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए आवश्यक उच्च गति का प्रदर्शन किया था। वहीं, सैन्य शक्ति में जबरदस्त इजाफा करते हुए इसी माह भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एमपी टेक....** जैसी संस्थाएँ भी इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगी। इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन जैसे शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से अकादमिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में 'नीतिगत घोषणाएं, एमपीएसईडीसी' कॉफी टेबल बुक का विमोचन और ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स, सेमीकंडक्टर्स, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी और ड्रोन्स से संबंधित नीति-निर्देश जारी किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेशन हब, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर नोड्स, नए आईटी पार्क, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर, और स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का शिलान्यास किया जाएगा।

टेबल्स में जीसीसी, आईटी, आईटीईस, सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन्स और एवीजीस-एक्सआर पर चर्चा होगीष इसमें उद्योग जगत और सरकारी अधिकारी रणनीतिक साझेदारी पर संवाद करेंगे।

दोपहर बाद मुख्यमंत्री और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच वन-ऑन-वन मीटिंग्स होंगी, ताकि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति और परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

राज्य सरकार के एकीकृत प्रोत्साहन पोर्टल का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो सभी निवेश परियोजनाओं के लिए रियलटाइम अपडेट और सिंगल विंडो सुविधा प्रदान करेगा। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025, डिजिटल भारत की दिशा में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चत कर प्रदेश को वैश्विक नवाचार मानचित्र पर प्रदान करेगा।

**पहलगाम अटैक...** इसकी रीयल 7.06 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि नॉमिनल जीएसडीपी 2.65 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जो निरंतर तरक्की का संकेत है। 2019 और 2025 के बीच, केंद्र शासित प्रदेश ने 4.89 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की, जबकि प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 25 में 1,54,703 तक पहुंचने की उम्मीद थी, जो साल-दर-साल 10.6 प्रतिशतअधिक है।

यह शानदार तरक्की ऐसे ही नहीं है, बल्कि 2018 में आतंकवादी घटनाओं की संख्या 228 से घटकर 2023 में सिर्फ 46 रह गई थी, जो 99ल की गिरावट है। यह अभी तक शांति का ही फायदा था, जिसने निवेश, पर्यटन का ध्यान कश्मीर की ओर खींचा।

**21000 करोड़ दांव पर-** इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान यहां के टूरिज्म को होगा। यह एक ऐसा सेक्टर है जो कश्मीर की जीएसडीपी में 7-8 प्रतिशत का योगदान देता है। इकोनॉमिक सर्वे और बजट दस्तावेजों में पर्यटन क्षेत्र के लिए कोई खास आंकड़ा नहीं दिया गया है, लेकिन जीएसडीपी 2.65 लाख करोड़ रुपये होने के कारण पर्यटन का सालाना मूल्य 18,500-21,200 करोड़ रुपये के बीच है। सरकार ने अगले 4-5 वर्षों में जीएसडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी को 7 जीएसडीपी से बढ़ाकर कम से कम 15ल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

**कश्मीर में चरम पर था पर्यटन -** पहलगाम में आतंकी हमला ऐसे समय पर हुआ जब पर्यटकों का मौसम चरम पर था। इस हमले के कारण लोगों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी है। खासकर पूर्वी भारत से आने वाले, सबसे ज्यादा 30 जीएसडीपी पर्यटक पश्चिम बंगाल से आते हैं।

# फिटजी कोचिंग संस्थान के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

## दिल्ली-एनसीआर में 8 ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी ईडी की ओर से की गई यह कार्रवाई एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के प्रमोटर्स और मालिकों के खिलाफ की गई है, जिन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप है। ईडी ने 'फिटजी' के प्रमोटर डीके गोयल सहित कुछ अन्य प्रमुख लोगों के आवासीय परिसरों और कार्यालयों की तलाशी ली। जांच एजेंसी को संदेह है कि इन लोगों ने कोचिंग सेंटर्स से प्राप्त फंड्स को निजी उपयोग या अन्य संस्थाओं में डायवर्ट किया है। इस कार्रवाई की जनवरी 2025 में 'फिटजी' के कई केंद्रों के अचानक बंद हो जाने से जुड़ी हुई है।


दूरभाष 07582-223308
फैक्स 07582-222070, 224543
ईमेल-admsagar41@gmail.com

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सागर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0113/स-149/2024-25

**!! विज्ञप्ति !!**

आवेदकगण श्री आशीष जैन पिता श्री अमन कुमार जैन उम्र-24 वर्ष निवासी ग्राम मूडरी पो. ग्राम ढकरई थाना राहतगढ़, तहसील राहतगढ़ जिला सागर (मध्य प्रदेश) एवं अंजली कौल पुत्री श्री सुखीलाल कौल उम्र-19 वर्ष स्थायी निवासी-ग्राम पडरिया पो. कंटगी कलो थाना NKJ तहसील मुड़वारा जिला कटनी (मध्य प्रदेश) द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रुपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय तीन साक्षियों के विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत विवाह पंजीयन कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 13/05/2025 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं जिला अधिकारी सागर के कार्यालय कार्यालयीन समय प्रात: 10.00 बजे से 06.00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत/ आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

(रूपेश उपाध्याय)
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सागर म.प्र.

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा विद्युत (सामान्य शाखा)**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता हैं। **निविदा सूचना क्रमाक:** जबल/एल/टी नं. 03/2025 दिनांक 21.04.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर संभाग के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित सबमर्सिबल पंप सेटों की ओवरहालिंग, सर्विसिंग और मरम्मत।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** 935380.10, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में):** 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रूपये:** 18700.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 13.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक):** 13.05.2025। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**आम सूचना**

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रेखा गणेश मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में दर्ज है मैनें अपना नाम श्रीमती रेखा गणेशे शपथ पत्र देकर संशोधित करा लिया है ! अत: अब मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम श्रीमती रेखा गणेशे नाम सशोंधित किया जावें और मुझे श्रीमती रेखा गणेशे के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें!**

पुराना नाम - रेखा गणेश
नया नाम - रेखा गणेशे

कृति

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

Phone & Fax (07160)231007 website- www.npjunnardeo.com
email id- cmojunardev.mpurban.gov.in

क्रमांक/603/नपा./स्टोर/2025-26 जुन्नारदेव दिनांक 22/04/2025

**GEM निविदा सूचना**

समस्त सप्लायर / रजिस्टर्ड फर्म को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा म. प्र. में जलप्रदाय कार्य हेतु HDPE पाईप क्रय किया जाना है अत: HDPE पाईप 1500 मीटर प्रदाय किये जाने हेतू जेम पोर्टल पर बिड क्रमांक GEM/2025/B/6149185 दिनांक 17/04/2025 जारी की गयी है। जिसका अवलोकन कर दिनांक 02/05/2025 तक जेम पर अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online percentage rate bids are invited for the following work from registered contractors and firms of repute fulfilling criteria.:-

| S. No. | Systems Tender No. | Name of Work | PAC & EMD & Tender Form Cost | Completion Period (In Months) | Category of Contractor | Date of Purchase & Submission of Bids | Date of Opening of Tenders Envelop A, B & Envelop C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 418391 | Proposed Renovation and Interior Work of Khadi Gramoudhyog Emporium at Civic Centre, Jabalpur. | PAC - Rs. 19.49 Lakh, EMD - Rs. 39000.00, Tender Form Cost - Rs. 5900.00 (i/c GST 18%) | 04 Months (i/c Rainy Season) | The Agency Should be Registered in PWD Centralization System | 28.04.2025 10.30 AM to 13.05.2025 17.30 Hrs. | Envelop A 14.05.2025 15.00 Hrs. Envelop C (Financial bid) 15.05.2025 at 17.00 Hrs. |

Note :- (1) Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in. (2). The Bid Document can be purchased only online from 28.04.2025 at 10:30 AM to 13.05.2025 till 17:30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. (4) It is mandatory for the tenderer to have a certificate of experience of interior decoration work of Rs. 20 lakhs or more in any government institution.

Visit us : www.mphousing.in
E-mail : eedn2hbjbp@mp.gov.in
M.P. Madhyam/119785/2025
/mphidb
/mphidb
(D.K. Varkade, E.E.)
Division-2, Jabalpur
Phone : 0761-2671404, Mob. : 9425485021

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

प्रकाशन क्र. 111/2025-26 दिनांक-17/04/2025

म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्र. | निविदा सूचना क्रं./ दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 068/ 17.04.2025 | 2025_PHED_ 417416_1 | Out sourcing of Computer Operator, and Unskilled Labour for 12 month to the PHE Division District Narsinghpur (3rd Call) | 18.98 | 37960.00 | 2000.00 | 02.05.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-11891/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर

**कार्यालय, नगर परिषद् बरगवां (अमलाई), जिला- अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/392/25-26 दिनांक-21/04/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | GEM/2025/ B/6135396 21/04/2025 | Tankar on Agricultural Trailer (Q2) Nagar Parisad bargawan (Amlai) | 1. कार्य की समयावधि 180 days 2. कार्यलागत (अनुमानित) 10.00 lacks | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. EMD Rs- 10000.00 | 07.05.2025 at 05.00 pm |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बरगवॉं (अमलाई), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

**नगर पालिका परिषद, सिवनी जिला सिवनी**

**नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला सिवनी (म.प्र.) 480661**

Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone: 07692221301

क्रमाक /401/ / स्वा.शा./न.पा.प./2025 सिवनी, दिनाक 24/04/2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्नलिखित सामग्री की निविदा सूचना ई टेण्डरिंग पद्धति से ई प्रोक्योरमेट पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आईटम दर आधार पर आमंत्रित है। समस्त पंजीकृत फर्मों/ सप्लायरों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निर्माता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आयकर भुगतान करते हो से नगर पालिका परिषद सिवनी जिला सिवनी निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

विस्तृत निविदा https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | पोर्टल टेंडर नम्बर | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि रूपया | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _418761_1 | वर्ष 2025-2026 हेतु स्वास्थ्य शाखा अंतर्गत वार्षिक सामग्री क्रय | 40,00,000 | 80,000 | 5,000 | वार्षिक |

नोट -
1 निविदा वेबसाईट पर निर्धारित शुल्क रूपया भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकते समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वह अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करे निर्धारित समय सारणी अनुसार निविंदा की आनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेबसाईट में किसी भी किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
2 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 25/04/2025 प्रात 10.30 से दिनांक 09/05/2025 सायं 5.30 बजे तक क्रय कर सकते है।
3 आनलाईन बिड सबमिशन दिनांक 25/04/2025 प्रात 10.30 से दिनांक 09/05/2025 सायं 5.30 बजे तक जमा कर सकते है।
4 आनलाईन निविदा दिनांक 13/05/2025 को खोली जावेगी।
5 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। समाचार पत्रों में नहीं।
6 निविदाकार का GST Registration, PAN Card होना आवश्यक है।
7 समग्री की दर समरस्त करों एवं जी.एस.टी. सहित प्रस्तुत करनी होगी।
8 आवश्यकतानुसार जिस सामग्री में आवश्यक हो NABL Test Report प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद सिवनी (म.प्र.)

**कार्यालय नगर परिषद मझौली जिला- सीधी (म.प्र.)**

क्र./546-549 / न.प./ भंडार/2025 मझौली, दिनांक-23/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा पंजीकृत सप्लायर / दुकानदार से विभिन्न सामग्री क्रय हेतु आन लाइन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 ( 31 मार्च 2026 ) के लिए निम्न विवरण अनुसार दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | 2025_UAD_ 418608_1 | पाइप लाइन मरम्मत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 418683_1 | हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 418627_1 | विद्युत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 4 | 2025_UAD_ 418674_1 | विद्युत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |

नोट:- कार्यालय द्वारा उपरोक्त निविदाओं में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in/ में किया जावेगा इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मझौली
जिला-सीधी (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

**उवाच**

## मैहर, मऊगंज सहित 5 जिलों में बनाए जाएंगे संयुक्त जिला कार्यालय

भोपाल,देशबन्धु। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने राजस्व अधिकारियों के कार्यालय एक ही परिसर में रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में नए कलेक्ट्रेट भवन प्रस्तावित हैं वहां नई कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव विभाग ने तैयार किया है। जिला कलेक्ट्रेट और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय एक ही परिसर में बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्यों में नए जिले मैहर, पांढुर्णा, मऊगंज और मंडला जिले में संयुक्त जिला कार्यालय भवनों का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि उज्जैन में 134 करोड़ की लागत से नया संयुक्त जिला कार्यालय भवन बनाया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा की, कहा-

# प्रत्येक परिवार में 1 व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराया जाए

- प्रदेश के सभी अंचलों में लगेंगे व्यापार मेले
- 2 माह के अंतराल से अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का होगा आयोजन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाये। इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह,



प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में हुए भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में हुए विक्रमोत्सव से क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिला है। प्रदेश के जिन क्षेत्रों में व्यापार मेले लगाए जा सकते हैं, उसका अध्ययन कर ट्रेड फेयर के लिए समेकित योजना बनाकर गतिविधियां संचालित की जाएं।

### लघु इकाईयों में 92 लाख से अधिक लोगों को मिल रहा रोजगार

बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रूपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 5 हजार 300 स्टार्ट-अप संचालित हैं, जिसमें से 2500 से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राप्त 1475 करोड़ रूपए की राशि से एमएसएमई इकाईयों के मार्च 2025 तक के लंबित अनुदानों का निराकरण किया जा चुका है। ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में 3 हजार 327 करोड़ रूपए का व्यापार हुआ। निवेशकों को लैण्ड बैंक से अवगत कराने के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है, लगभग 1100 से अधिक प्लॉट एक मई से आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। निवेशकों को शासन की नीतियों से अवगत करवाने के लिए जिलेवार कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

## सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों की जमानत याचिका नामंजूर

**भोपाल, देशबन्धु।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों की जमानत याचिका को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है। ईडी के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आज तीनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कई सख्त टिप्पणी की और याचिका को खारिज कर दिया। इसके पहले न्यायालय ने दोनों पक्ष ईडी के वकील और सौरभ शर्मा व शरद जायसवाल के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला एक दिन के लिए सुरक्षित रखा था। जिस पर आज उन्होंने फैसला सुनाते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। 52 किलो सोना और 11 करोड़ की नगदी मिलने के मामले में ईडी ने केस दर्ज किया था. प्रवर्तन निदेशालय की कोर्ट से सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, मौसरे जीजा विनय हांसवानी और साले रोहित तिवारी को जमानत मिल चुकी है.विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की कोर्ट से 10 लाख के बॉन्ड पर जमानत दी गई है।

वायु और मृदा प्रदूषण रोकने सरकार ने लिया निर्णय, मुख्यमंत्री ने कहा-

# नरवाई जलाई तो नहीं मिलेगा किसान कल्याण योजना का लाभ, समर्थन मूल्य पर नहीं होगी फसल खरीदी



भोपाल, देशबन्धु। नरवाई जलाने को लेकर हो रही आगजनी की घटनाओं में कमी लाने और वायु प्रदूषण को रोकने के सरकार के लिए सरकार ने सख्त निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिए राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। डॉ. यादव ने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर उस किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल भी नहीं खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नहर, कुए और बावड़ियों जैसी जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। डॉ. यादव ने अधिकारियों को नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व से जुड़े कार्यों का तय समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा संशोधन जैसे लंबित कार्य जल्द पूर्ण किए जाएं। डॉ. यादव ने शासकीय भूमि के विवाद में शासन का पक्ष बेहद मजबूती से रखे जाने की आवश्यकता जताई। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख राजस्व आयुक्त विवेक पोरवाल, राजस्व आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पर्यावास भवन में एक कॉल सेंटर की शुरुआत की गई है। जिसके माध्यम से वरिष्ठ अधिकारी मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए कलेक्टरों को निर्देशित कर रहे हैं।

## साइबर तहसील परियोजना से मिल रहा बड़ा लाभ

भोपाल, देशबन्धु। डॉ. यादव ने कहा कि साइबर तहसील 1.0 में अब तक 1 लाख 56 हजार 700 से अधिक और साइबर तहसील 2.0 में अब तक 1 लाख 19 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत किए जा चुके हैं। साइबर तहसील 3.0 में भी 26 जनवरी 2025 तक नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा, तरमीम और सीमांकन के 7 लाख मामले दर्ज हुए हैं। पहले 2 चरणों में 80 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा किया गया है। उन्होंने बताया कि गत 15 नवम्बर से 26 जनवरी 25 तक चले राजस्व महाअभियान 3.0 में 29 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण दर्ज किया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री के मामले में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना में प्रदेश में ग्रामीण आबादी में निजी लक्षित सम्पत्तियों की संख्या लगभग 45.60 लाख है। इनमें से लगभग 39.63 लाख निजी सम्पत्तियों का अधिकार अभिलेख वितरित कर दिया गया है, योजना का 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जून 2025 तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रदेश में अब तक 80 लाख फार्मर आईडी बनाई जा चुकी हैं, यह कार्य भी जून 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

# कश्मीरी छात्रों से हॉस्टल में घुसकर मारपीट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के आक्रोशित लोगों द्वारा कश्मीरी छात्रों के सामने मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। चंडीगढ़ में डेराबस्सी स्थित यूनिवर्सल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में कश्मीरी छात्रों से होस्टल में घुसकर मारपीट की गई और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अनुसार, संस्थान के हॉस्टल में रात के समय कुछ लोगों और अन्य छात्रों ने जबरन घुसकर कश्मीरी छात्रों पर हमला कर दिया गया।

### कई छात्रों को आई गंभीर चोटें

धारदार हथियारों के साथ हमलावर होस्टल में घुसे थे, इस हमले में एक छात्र को गंभीर चोटें भी आई हैं। इस दौरान कॉलेज में किसी ने इस हमले को रोकने की कोशिश नहीं की, न ही छात्रों की रक्षा की। पंजाब पुलिस की ओर से भी समय पर मदद नहीं की गई। संस्थान में सौ से अधिक कश्मीरी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें अब भय और असुरक्षा का माहौल है।

जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से अपील की है कि वे इस मामले में तत्काल और सख्त कार्रवाई करें, लापरवाह पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की जवाबदेही तय करें, और राज्य में पढ़ रहे सभी कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करें। जिस पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया लिखा कि, पंजाब में सबसे ज्यादा जम्मू-कश्मीर के छात्र पढ़ते हैं, हम लगातार जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के संपर्क में हैं, ताकि कोई भी नकारात्मक घटना न हो।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने जताई चिंता, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से किया सम्पर्क



जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस पर देश के अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरियों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से संपर्क कर कश्मीरियों को अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। कश्मीरी छात्रों के साथ मारपीट की खबरों को लेकर मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने जारी की अपील

जम्मू कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने देशभर में मौजूद कश्मीरी छात्रों से सावधान रहने की अपील की थी। उनका कहना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के साथ डर, गुस्से और शोक का माहौल है। जिसके कारण देशभर के अलग-अलग राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एसोसियशन ने छात्रों से सतर्क रहने की अपील की थी।

पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में निकाला मशाल जुलूस, प्रदेशाध्यक्ष बोले-

# पर्यटकों पर कायराना हमला भारत की आत्मा पर हमला



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भोपाल जिला भाजपा द्वारा आयोजित मशाल जुलूस में शामिल होकर न्यू मार्केट के नानके पेट्रोल पंप से रोशनपुरा चौराहे तक पैदल मार्च किया। रोशनपुरा चौराहे पर पहुंचकर आतंकवादी घटना का विरोध जताया और 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने मशाल जुलूस के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर अंतिम कील ठांकने का कार्य होगा। पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायराना हमला भारत की आत्मा पर हमला है, जिसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा भारत हमले के विरोध में एक साथ खड़ा है।

# भेल में लगी आग, 9 घंटे बाद भी नहीं बुझी

**भोपाल,देशबन्धु।** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के गेट नंबर 9 के पास परिसर के अंदर अनुपयोगी सामान में आज सुबह आग लग गई, जो 9 घंटे बाद भी पूरी तरह से काबू में नहीं आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भेल के गेट नंबर 9 के पास परिसर में अनुपयोगी सामान पड़ा था, जिसमें आज सुबह करीब साढ़े 11 बजे आग लग गई। इससे पहले आग पर काबू पाया जाता उसने यहां के पेड़ों को अपनी चपेट में लेकर भीषण रुप ले लिया। आग की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 15 किलोमीटर दूर से भी धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। इससे कारखाने के साथ ही आस-पास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन की दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में लगी। 30 से ज्यादा दमकलें और पानी के टैंकर आग पर काबू पाने में जुटे रहे। मंडीदीप से भी दमकल बुलाई गई थी। दोपहर 2 बजे तक आग को फैलने से रोक लिया गया, लेकिन रात 9 बजे तक भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। इस दौरान रह-रहकर आग सुलग रही है। आसमान में धुआं उठता दिख रहा है। इसके चलत अभी किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

उधर आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव समेत कई अफसर पहुंचे। मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर पहुंचे। मंत्री सारंग ने कहा कि जहां आग लगी थी वहां पूरे क्षेत्र में पेड़ लगे हैं। फैक्ट्री का कोई भाग नहीं है। यह हिस्सा बेतरतीब जंगल जैसा है। भोपाल कलेक्टर से कहा है कि इसे लेकर भेल प्रबंधन से बात करें और सुरक्षा के इंतजाम का कहे। यदि यह आग बाहर निकल जाती तो शहर में बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि गेट से 200 मीटर दूर ही निगरानी टॉवर के पास ऑयल की टंकियों में धमाका हुआ है। हालांकि, भेल प्रबंधन का कहना है कि सूखे पेड़ और कचरे की वजह से तेज आवाजें आई। यहां ऑयल नहीं रखा था।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 24.04.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जॉय रिचर्ड बेलेस्की पिता स्व. जान बेलेस्की ने वार्ड क्रमांक- 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 178/2 cms सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000429500 से नया पिन क्र. देना है पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1100 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 653 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुन्दरमनि बेलेस्की पति स्व. जॉन बेलेस्की का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 234

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 24.04.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पिंकी साकेत पति श्री राममिलन साकेत ने वार्ड क्रमांक- 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भूखंड क्र. 1/66 ब्लाक न. 27 हनुमान टोरिया कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000447514, 43102104 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1040 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती त्रिवेणी बाई पति स्व. कमल कुचबंधिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 234

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 24.04.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कल्पना नारो बेलेस्की पति स्व. एडगर रवि बेलेस्की ने वार्ड क्रमांक- 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 178/1 cms सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000429500 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1100 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 653 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुन्दरमनि बेलेस्की पति स्व. जॉन बेलेस्की का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 234

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 01/2025-26 दिनांक 04/04/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विदा रपरया, पति- श्री चतुर सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000016489 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती रामकन्या पाण्डेय पति श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के नाम से दर्ज प्लाट नं. 69 मुरलीधर नगर, प्लाट रकवा 960 व.फु. जिसका मौजा रिमझा ले आउट प्लाट क्रं. 69 की, विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी (राजस्व) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Dwarkabai is legally MOTHER of Army No-15721638Y, Rank- Nk, Name- Chaudhary Rupesh Dasrath Unit- 1TTR, Home Address, Vil- Sitepar, Post- Sitepar, Teh- Amgaon, Dist- Gondia, State- Maharashtra, Pin- 441614., I, have changed my name Dwarkabai to Dwarka Dashrath Chaudhari and date of birth 25/06/1963 to 24/12/1962 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME Dwarkabai
INCORRECT DOB - 25/06/1963
CORRECT NAME Dwarka Dashrath Chaudhari
CORRECT DOB - 24/12/1962

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Dasrath Chaudhary is legally Father of Army No-15721638Y, Rank- Nk, Name- Chaudhary Rupesh Dasrath Unit- 1TTR, Home Address, Vil- Sitepar, Post- Sitepar, Teh- Amgaon, Dist- Gondia, State- Maharashtra, Pin- 441614., I, have changed my name Dasrath Chaudhary to Dasrath Parashram Chaudhari and date of birth 30/09/1960 to 11/10/1960 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME Dasrath Chaudhary
INCORRECT DOB - 30/09/1960
CORRECT NAME Dasrath Parashram Chaudhari
CORRECT DOB - 11/10/1960

**नाम सुधार सूचना**
मैं, दीक्षा बुधरानी पति राकेश कुमार बुधरानी आयु 30 वर्ष, निवासी ए-06, जय झूलेलाल सिन्धु कल्याण समिति बिलहरी वार्ड नं. 66 रानी लक्ष्मी बाई पिंक सिटी के पास जबलपुर म.प्र. में शपथ पूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं कि-
1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम दीक्षा गुप्ता पिता श्री मुन्ना लाल गुप्ता था।
3. यह कि मेरा विवाह श्री राकेश कुमार बुधरानी के साथ सम्पन्न हुआ है तथा विवाह के बाद अब मेरा नाम दीक्षा बुधरानी हो गया है।
4. यह कि, दीक्षा गुप्ता एवं दीक्षा बुधरानी दोनों मेरे की नाम है यानि एक ही महिला के नाम हैं किन्तु मुझे विवाह के बाद वाले नाम यानि दीक्षा बुधरानी के नाम से जाना जाता है।
5. यह कि मेरे अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम दीक्षा बुधरानी है।
6. यह कि, मैं अपने नाम के संबंध में सही जानकारी बावत यह शपथ पत्र पेश कर रही हूं। र.नं.- 232

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 0098/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 22.04.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार चौबे पिता लक्ष्मीनारायण चौबे निवासी- विवेकानंद वार्ड, जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर प्लाट नं. 266 स्थित भूमि खसरा नंबर डाय. 505 में से रकवा 880 व.फु. भूमि पर भावदत्त त्रिवेदी पिता देवकृष्ण त्रिवेदी की मृत्यु दिनांक 2/11/2002 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु लिंक विक्रय पत्र/फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 7/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 22/04/25
पेशी दिनांक : 07/05/25
तहसीलदार, अधारताल जबलपुर
र.नं.- 233

**नाम परिवर्तन**
मैं SUNIL KINJAVDEKAR पिता VASUDEO KINJAVDEKAR निवासी 314/4, SHUBHANKAR APARTMENT NEAR KRIPAL CHOWK GUPTESHWAR WARD JABALPUR (M.P) 482001 कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं. N0084620 में मेरा नाम SUNIL VSUDEO KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR कर लिया है। जिसे मैंने बदलकर SUNIL KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR कर लिया है।
अत: मुझे SUNIL KINJAVDEKER पिता VASUDEO KINJAVDEKAR के नाम से जाना व लिखा जावे।
पूर्व नाम- SUNIL VASUDEO KINJAVDEKER
पिता - VASUDEO KINJAVDEKER
परिवर्तित नाम- SUNIL KINJAVDEKAR
पिता- VASUDEO KINJAVDEKAR
र.नं. 210

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0162/अ-6/2025-26
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मनीषा जोशी पति एल.डी. जोशी निवासी हाथीताल गुरुद्वारा के सामने गुप्तेश्वर वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.. के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. ... प.ह.नं. 09 ख.नं. 90/1/1/1 रकवा 505 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 24/04/85 को जारी ।
जारी दिनांक- 24/04/25
पेशी दिनांक- 08/05/25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 229

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प.क्र. 0155/अ-6/2025-26
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सीमा श्रीवास्तव पति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव निवासी बावडिया कलां हुजुर भोपाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.. के माध्यम से मौजा हाथीताल हाथीताल नं.बं. 773 प.ह.नं. 09 ख. नं. 149/1, 150/1. रकवा 590.07 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा / बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/हकत्याग पत्र/दान पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 06/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनाक 22/04/25 को जारी ।
जारी दिनांक- 22/04/25
पेशी दिनांक- 06/05/25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 229

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0161/अ-6/2025-26
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किरण परमार, पुष्पा परमार पिता गोपालजी परमार निवासी जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं....प.ह.नं. 09 ख. नं. 90/6,95/3,96/2 रकवा 1440 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनाक 24/4/ 25 को जारी ।
जारी दिनांक 24.04.25
पेशी दिनांक 08.05.25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 229

जबलपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## पहलगाम त्रासदी को भुनाने की कवायद शुरू

27 लोगों की जान लेने वाले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को अभी 48 घंटे भी नहीं हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका लाभ लेने की कवायद प्रारम्भ कर दी। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनावी प्रचार का आगाज़ भी माना जा रहा है। मोदी ने इस सभा से बिहार को 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ़ हो गयी थी कि इसका लाभ लेने की कोशिश होगी। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ़ कई फैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न कोई जनता को संदेश। सत्ता समर्थक मीडिया तथा सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देनी पसंद की। रेडियो-टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। साफ़ है कि वे इसका लाभ लेने की पहले से ठान चुके थे।

इन अनुमानों को मोदी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची जमीन भी खत्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 'पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' दी जाएगी।' उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंक देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।'

मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है; या कम से कम किसे समझा जा रहा है। यह समझ से परे हैं कि आखिर पाकिस्तान का नाम लेने में दिक्कत क्या है जबकि वे सिंधु जल बंटवारा संधि तोड़ चुके हैं, पाक उच्चायुक्त के कुछ लोगों को वापस जाने के लिये कह चुके हैं, पाकिस्तान से अपने कुछ अधिकारियों को बुला रहे हैं तथा देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में लौट जाने का हुक्म दे चुके हैं।

मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है। यदि वह विकास की बात करेगी तो श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ले जायेंगे। वैसे यह मुद्दा इसके बाद होने वाले पश्चिम बंगाल चुनाव के लिये कारगर होगा या नहीं, कहना मुश्किल है क्योंकि तब तक यह पुराना पड़ चुका रहेगा तथा वहां के मतदाता इससे शायद ही प्रभावित हों। बिहार में इसका असर पड़ा तो खतरा भाजपा के सहयोगी दल तथा नीतीश बाबू की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को होगा। वहां भाजपा अगली बार अपना मुख्यमंत्री देखना चाहती है। राज्य इकाई कह चुकी है कि 'ऐसा होने पर ही अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' नीतीश के कथित सुशासन के मुकाबले भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ाती है तो वह कोशिश करेगी कि जेडीयू से ज्यादा सीटें या बेहतर स्ट्राइक रेट लाकर सीएम पद पर दावा करे। हालांकि सीट बंटवारे पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। फिर, इस मसले को छह माह तक जीवित रखना आसान नहीं रहेगा।

# रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर

हां, झेलम मंगलवार की रात से ही रो रही है कश्मीरियत के क़त्ल पर क्योंकि यही वह नदी है जो कश्मीर की जीवन रेखा है; और गवाह है धरती के इस खूबसूरत हिस्से की भोगी हुई पीड़ाओं की। इसने जाना है कि 'धरती का स्वर्ग' कहलाने के बाद आततायी किस तरह पहले लालची नज़रों से देखते हैं और फिर खूनी वार करते हैं। इसने देखा है कि शातिरों ने इसके अपने बच्चों के हाथों में कैसे बंदूकें थमा दीं, लेकिन अब इसने चाहा है कि इस बेहद सुन्दर जगह को जिन बुरी नज़रों ने घेर रखा है उनकी शिनाख्त ज़रूरी है। झेलम का ज़ार-ज़ार रोना जारी है क्योंकि जिन मासूम बेगुनाहों का खून उसने देखा है, वह उसे भीतर से सुखा दे रहा है। वह नई नवेली दुल्हन जो अपने पति के शव के पास बिलख रही है, झेलम उसके दु:ख को झेल पाने में नाकाम है। इसे कश्मीरी अवाम ने भी उसी तरह महसूस किया है और यही वजह है कि ग़मज़दा होकर वह सड़कों पर हैं, मशालें लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। अपने शहर बंद कर रही है। जम्मू से श्रीनगर तक यही भावना है, जैसे अभी चुप रहेंगे तो आगे और बड़े गुनाहों के भागी होंगे। वह गुहार लगा रही है 'बंद करो, बंद करो यह खूनी हिंसा बंद करो !ज़ वह शर्मिंदा भी है कि अपने मेहमानों को नहीं बचा सकी। वे लगातार बोल रहे हैं, लिख रहे हैं कि हम शर्मिंदा हैं और इस कुकृत्य पर हमारा सर शर्म से झुका हुआ है। हिंदी पट्टी का सोशल मीडिया अगर बहस कर रहा है कि धर्म पूछ कर मारा या सरकार के इंटेलिजेंस की नाकामी है या बिना फ़ोर्स के उस जगह तक पर्यटकों को जाने की अनुमति क्यों थी, तो कश्मीर के लोग लिख रहे हैं कि कोई भी कहानी ऐसे अंत के लिए नहीं बनी है। यह तस्वीर हमेशा-हमेशा के लिए कश्मीर को दर्द देती रहेगी।

आतंकियों ने धर्म पूछा फिर मारा यह बात हरेक के दिल में घर कर गई है। जो केवल यही सच है तो फिर अनंतनाग के सय्यद हुसैन शाह को किसने मारा? मृतकों में उनका नाम क्यों है? वह घायलों को बचाते हुए कुर्बान हुआ। लेखक आशुतोष कुमार लिखते हैं कि अगर आप इतना ही याद रखेंगे और यह भूल जाएंगे कि हमले के दौरान और उसके ठीक बाद घायलों को अपने कंधों पर या घोड़ों से अस्पताल पहुंचाने वालों ने न धर्म पूछा न जाति, तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। अस्पतालों में डाक्टरों और नर्सों ने बहुत कम सुविधाओं के साथ अपनी भूख, प्यास और नींद सब भूलकर घायलों का इलाज किया, जिससे मृतक संख्या को नियंत्रित किया जा सका। अगर आप इसे भूल जाएंगे तो आतंकवादियों की ही मदद कर रहे होंगे। बहुत देर तक कोई सरकारी सहायता नहीं पहुंच पाई थी, कोई वाहन नहीं थे, तब स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और अपनी जान की बाजी लगाकर उन लोगों को रेस्क्यू किया जो हमले की ज़द में थे। अगर आप यह भी भूल जाएंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। सारा का सारा जम्मू-कश्मीर इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में उठ खड़ा हुआ है। बिना किसी भय और हिचक के उन्हें संदेश दिया कि कश्मीर का बच्चा-बच्चा उनके खिलाफ़ तनकर खड़ा है। अगर आप यह भूल जाएंगे और केवल हिंदू-मुस्लिम नफ़रती पोस्टर बनाने वालों को याद रखेंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं।

पोस्टर की बात करें तो छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का ही एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब प्रचार पा रहा है। पोस्टर में पत्नी का पति के शव के साथ स्केच है और उस पर लिखा है - 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' इसे क्या कहा जाए कि पार्टी बेहतर महसूस कर रही है कि जाति नहीं पूछी क्योंकि वे खुद धर्म की सियासत करते हैं और उनके विरोधी जाति की। आपदा में अवसर शायद इसे ही कहा जाता है कि भीषण दु:ख और अपरिहार्य परिस्थिति में भी दलों से सियासत नहीं भूली जाती। किसी को भी यह समझने में क्यों भूल करनी चाहिए कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। वे अपने हिंसक आक़ाओं की हसरतों के मोहरे भर होते हैं। अगर जो होता तो श्रीलंका में लिट्टे यानी लिबरेशन टायगर्स ऑफ़ तमिल ईलम नहीं होता जिसने भारत के एक युवा प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) की जान ली थी। धर्म देखकर फ्रिज खोलकर मीट चेक करने के बाद हत्या को अंजाम तो कुछ और भी लोगों ने दिया है। बेहतर है कि पहलगाम में 27 निर्दोषों की हत्या को इस तंग नैरेटिव के बीच न सीमित कर दिया जाए। सरकार को इस घटना से ऐसा सबक लेना चाहिए कि कश्मीर में फिर कभी ऐसी विभीषिका न हो। सरकार ने ही संसद में अपनी बात कहकर लोगों को यकीन दिलाया था कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार चुप बैठने वाली नहीं है, घर में घुसकर मारती है। अब जो हुआ है, यह उन सैलानियों के यकीन का क़त्ल है। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि आप यहां आएं, आप सुरक्षित हैं। नतीजतन 2023 में दो करोड़ दस लाख से ज़्यादा सैलानी यहां आए जो साल 2020 में 35 लाख से भी कम थे। अभी तो सीजन शुरू ही हुआ था और अगले तीन महीनों तक यह सिलसिला जारी रहना था लेकिन पहलगाम की घटना ने कश्मीर को फिर पीछे पंहुचा दिया है। इसी यकीन के भरोसे सपरिवार पिछले बरस आठ दिन कश्मीर में और दो दिन पहलगाम में बिताए थे। सब खुश थे। घोड़े वाले, टैक्सी वाले, होटल वाले, कॉफ़ी शॉप वाले कि घाटी में बहार आई है और सैलानी लगातार आ रहे हैं। ऑटो और शिकारा चलाने वाले भी बेहद खुश थे कि इस बार टूरिस्टों की संख्या ने उनके घर, दुकान, गाड़ियों के लोन अदा करवा दिए। खूब तो ऊनी कपड़े पसंद किये गए, खूब मखमली केसर और अखरोट सैलानी अपने घर ले गए। उनका बस चलता तो घाटी का बेमिसाल मौसम भी साथ ले आते। वह आता भी है तस्वीरों में कैद होकर, लेकिन पहलगाम के इन पर्यटकों के साथ ऐसा नहीं हुआ।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है।

श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है। सर्दियों में वे अपने बनाए गर्म कपड़ों को लेकर भारत के मैदानों में आ जाते हैं। टूरिस्ट पहलगाम से टैक्सी लेकर आस-पास के स्थानों पर दिन भर में घूमकर पहलगाम लौट आते हैं। आरु वैली, बेताब वैली, चन्दन बाड़ी (जो अमरनाथ यात्रा का बेस पॉइंट है), बैसरन घाटी जैसे कई पिकनिक स्पॉट्स तक सैलानी जाते हैं।

इस यात्रा ने जिस बात ने अभिभूत किया वह थी कश्मीरियों की मेज़बानी। वे सैलानी को बहुत सम्मान देते हैं। ग़लती से आप किसी ऐसी जगह पहुंच जाते हैं जो टूरिस्ट के लिए नहीं, तब भी वे आपकी आवाभगत करते हैं। पहलगाम के आतंक ने उन्हें भीतर तक हिला दिया है। वे सड़कों पर निकल पड़े हैं। उनका विरोध और भारत सरकार के पाकिस्तान को मज़बूत जवाब देने की नीयत, दोनों का एक साथ आना कश्मीर के हालात को बदल सकता है। फ़िलहाल जवाब तो इस बात के भी ढूंढने होंगे कि इन सैलानियों की सुरक्षा के लिए क्यों कोई जवाबी कार्रवाई नहीं देखी गई? सुरक्षा बल वहां क्यों नहीं थे? यह चूक क्यों थी? बैसरन घाटी का हमला पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इतना बड़ा इंटेलिजेंस फेलियर कैसे हुआ ? जो कोई इनपुट मिले थे तो सुरक्षा क्यों नहीं बरती गई और जो नहीं मिले तो यह कैसे संभव हुआ? मुख्यधारा का मीडिया और हिंदी के ज़्यादातर अख़बार धर्म के नैरेटिव को सेट करने में लगे हैं? ज़िम्मेदार देश को यूं बांटने और अस्थिर करने की साज़िश पर क्यों मौन हैं? कश्मीर के अख़बारों ने काली जगह छोड़कर विरोध जताया है। कश्मीर टाइम्स ने अपनी एक स्टोरी में बताया है कि पहलगाम की किशोरी रूबीना, जो वहां पर्यटकों को नन्हें ख़रगोश बेचती है, उसने अपने छोटे से घर को सैलानियों के लिए सुरक्षित आवास में बदल दिया। वह और उसकी बहन मुमताज़ तीन बार पार्क में गए और घायलों को सुरक्षित नीचे अपने घर ले लाए। आज रूबीना है और सोलहवीं सदी में शायरा हब्बा ख़ातून थीं जिनका संदेश केवल मोहब्बत रहा है। दोनों ने हर बार, हर हाल में कश्मीरियत को ज़िंदा रखा। हब्बा ख़ातून (जूनी) जिनके प्रेम में पगे लोकगीत आज भी गाए जाते हैं। यह शायरी जैसे उन्होंने अपने साथ उन जोड़ों के लिए भी लिखी थी जो इस दुर्दांत आतंकी घटना में बिछड़ गए। उनकी इस रचना 'तुम बिन' का अनुवाद सुरेश सलिल ने किया है-

अनुपम छवि वाले,ओ मेरे प्यारे,
ललक रहे हैं
मेंहदी-रचे मेरे हाथ
तुम्हें सहलाने को,
तड़प रही हूं
तुम्हारी रतनारी झलक
एक पाने को!
आओ, बुझाओ प्यारे, मेरी अबूझ प्यास
कैसे कटें तुम बिन ये बंजर दिवस-मास!

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से निपटने का यक्ष प्रश्न

■ **सुशील कुट्टी**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से प्रेरित 'मुस्लिम आतंकवादियों' द्वारा कश्मीर के दर्शनीय 'पहलगाम' में 'पर्यटक' हिंदू भारतीय पुरुषों की गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद बुधवार को पाकिस्तान ने भारत में हुई त्रासदी के लिए सहानुभूति जताते हुए 'पर्यटकों की जान जाने पर चिंता' व्यक्त की, एक पाकिस्तानी अखबार ने रिपोर्ट की।

जनरल असीम मुनीर की संक्षिप्त जीवनी में कहा गया है कि वे 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' के पक्षधर हैं। 10 दिन पहले ही जनरल मुनीर ने 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' और हिंदू-मुस्लिम अलगाव की बात की थी और 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना हुई। मुनीर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से परेशानी है। इसके अलावा, अमेरिकी मीडिया में कुछ समय पहले आयी खबरों में बताया गया था कि पाक कॉकस से जुड़े कुछ कांग्रेसियों ने मुनीर को संवेदनशील पद से हटाने की मांग की थी। कई विशेषज्ञों का कहना है कि क्या पहलगाम में हत्याएं उनकी सत्ता के दावे का हिस्सा थी?

आतंकवादियों ने 26 हिंदू पुरुषों को उनकी स्तब्ध पत्नियों के सामने पैंट नीचे करने का आदेश देने के बाद गोली मारने से पहले हिंदू चमड़ी की जांच की। इसे पुष्टि, तथ्य-जांच कहते हैं!

पाकिस्तानी अखबार ने पीड़ितों को 'भारत-अधिकृत कश्मीर में लोकप्रिय गंतव्य के आगंतुक' कहा। अखबार,अनेक अन्य पाकिस्तारनियों की तरह मानता है कि मुस्लिम बहुल जम्मू और कश्मीर एक नासूर 'विवाद' है जबकि भारत कश्मीर को 'अभिन्न अंग' कहता है।

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्रसिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तान ने संवेदना व्यक्त की। क्या पाकिस्तान चीफ जनरल असीम मुनीर का सिर थाली में परोस कर देगा? ध्यान रहे, 'बदला' अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी समस्या है। मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा को बीच में ही रोक दिया और भारत के मुख्यधारा के टेलीविजन मीडिया ने इसे मोदी के इतिहास का सबसे बड़ा बलिदान करार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के पास भागने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर वे सऊदी अरब की यात्रा पर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष होते और पहलगाम में कोई घटना होती, तो उन्हें सऊदी अरब में शरण मिल सकती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा को बीच में ही रोककर वापस भारत आने का फैसला किया और गृह मंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर जाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मोदी के पास बचने का कोई रास्ता नहीं है। अमित शाह को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक हफ्ते पहले ही शाह सुरक्षा समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर में थे और फिर सुरक्षा भंग हो गई! सवाल पूछे जाएंगे, लेकिन सवालों को 'गोदी मीडिया' की सुरक्षा से परे जाना होगा। यह एक बार फिर पुलवामा जैसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय फिल्म की शूटिंग के लिए उतने ही दूर थे।

26 मई, 2014 से ही प्रधानमंत्री के कंधे पर एक अपशकुन सवार है। क्या किसी ने इसे 'पनौती' नहीं कहा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोदी है तो मुमकिन है' की किंवदंती के सामने खड़ा होना होगा। आतंकवादियों ने मारे गये लोगों की 'पत्नियों' से कहा कि 'जाओ मोदी से कहो', यह खून जमा देने वाला संदेश मोदी के लिए माहौल तैयार करता है।

तो, प्रधानमंत्री मोदी को बता दिया गया है। अब क्या? यह भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के लिए चुनौती है, जिसके मोदी बहुत करीब हैं। मोदी को अपने मन में सीमा पार करनी है और मोदी 'भारत द्वारा चुनी गयी जगह और समय' के पीछे छिप नहीं सकते। वह बहाना अब खत्म हो चुका है। यह समय 'विशेष' है। यहां तक कि सबसे ज़्यादा चापलूसी करने वाला 'मोदी भक्त' भी बदला मांग रहा है।

क्या प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर साबित कर देंगे कि वे सिर्फ़ बकवास करने वाले नहीं हैं; कि वे वाघा के इस तरफ़ से सुनी जाने वाली पाकिस्तानी बातों से मूर्ख नहीं बनते, जब भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी कश्मीर में घुसते हैं?

पहलगाम श्रीनगर से 90 किलोमीटर दूर है और हिंदू पर्यटकों की आतंकवादी हत्याओं के एक घंटे के भीतर पहलगाम 'पर्यटक-मुक्त' हो गया था। एक पल में हज़ारों हिंदू पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे और आतंकवादी हमले के तुरंत बाद हज़ारों की संख्या में 'पलायन' हो गया, ठीक वैसे ही जैसे 1989-90 में हुआ था, जब 'कश्मीरी पंडित' सुरंग के अंत की रोशनी की तरफ पलायन कर गये थे! भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण का क्या हुआ? पहलगाम 2025, 5 अगस्त, 2019 पर एक काला धब्बा है। पर्यटकों की संख्या स्टेरॉयड पर एड्रेनालाईन की तरह बढ़ गयी थी, और सुरक्षा का स्तर एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक पर 'स्नोबॉल' खेला! सारी मेहनत पहलगाम में बेकार चली गयी। कश्मीर फिर से पहले जैसी स्थिति में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ भी कहते हैं, उससे कश्मीर को उस रसातल से बाहर निकालने में मदद नहीं मिलेगी, जिसमें वह गिर गया है। अनेक सवाल हैं, और सबसे असहज सवाल भी। मोदी समर्थक मीडिया को 'मोदी महिमा मंडन' तुरंत बंद कर देना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी को काम करना होगा या फिर पीछे हटना होगा। 'मोदी है तो मुमकिन है' की टैगलाइन धराशायी हो गयी है। अपने मारे गये पति के शव के बगल में बुद्ध की तरह बैठी नई युवा विधवा की तस्वीर, सड़ांध का प्रतीक और प्रतीकात्मक है। 'मोदी को यह बताओ' कहा गया। वह आतंकवादी है और मोदी को बता दिया गया है कि वह क्या करने जा रहा है; क्या वह कुछ करेगा?

## आपके पत्र

### इंसानियत पर काला धब्बा है पहलगाम का आतंकी हमला

पहलगाम का आतंकी हमला मानवता पर काला कलंक है। पुलवामा अटैक में 47 जवान शहीद हुए थे। उसके बाद की यह सबसे बड़ी घटना है। नाम और धर्म पूछकर आतंकियों ने गोली मारी थी। जो यह कहते थे कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उस कहावत को गलत ठहराते हुए आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया जिसमें विदेशी सैलानी भी शामिल थे। आतंकियों का लक्ष्य कश्मीर नहीं होकर अन्य शहर को टारगेट करना है और आतंकियों को अभ्यास कराया जा रहा है। यह हिन्दू-मुस्लिम के बीच बढ़ रही खाई का ही परिणाम है कि आतंकवादियों ने निर्दोष व्यक्तियों पर हमले करने का सीधा मार्ग प्रशस्त कर दिया है। कश्मीर की वादियों में अमन-चैन और जवानों की चाकचौबंद व्यवस्था को देखते हुए आतंकवादियों ने हमला करने का रास्ता ही बदल दिया है। प्रशिक्षित आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान ने सांत्वना के दो शब्द भी नहीं कहे हैं। जबकि सारा किया धरा पाकिस्तान का ही है। हिंदुओं को भारत भूमि पर ही निशाना बनाया जाता है तो विदेश में उन अल्पसंख्यक हिंदुओं की क्या दशा होती होगी, जहा सरकार भी हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान नहीं कर रही है। आतंकवाद का जड़मूल से सफाया करने और जीरो टॉलरेंस की नीति पर हम भरोसा कर सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस तरह से निर्दोष लोगों को आए दिन मौत के घाट उतार रहे हैं तो फिर और क्या कहा जाए? देश सबका है फिर भी हम खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार ने जिस कश्मीर में चाकचौबंद व्यवस्था की है, वहां पर आतंकी घुस भी नहीं सकते हैं। इसलिए आतंकवादी पर्यटन स्थलों पर हमला कर रहे हैं। इस घटना के बाद तो पर्यटकों का आना-जाना ही बन्द हो जाएगा। दरअसल,जब से जम्मू कश्मीर में प्रादेशिक पार्टी की सरकार बनी है ,उसके बाद आतंकियों के हौसले बुलंद है। आतंकवाद को कुचलने की मंशा पर सरकार की नीतियों पर पहलगाम की घटना ने पानी फेर दिया है। आतंकियों का लक्ष्य हिंदुओं को टारगेट करना है। जिस तरह से कश्मीरी पंडितों ने पलायन शुरू किया था उसी की तर्ज पर पहलगाम और जम्मू तक आतंकियों के हमले का मुख्य लक्ष्य दहशतगर्दी फैलाना है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। 2019 के बाद बनाया गया द रेजिस्टेंस फ्रंट आतंकवाद को एक स्वदेशी प्रतिरोध आंदोलन के रूप में चित्रित करना था। आतंकवाद की जड़ें हिलाने के लिए सरकार के पास विकल्प के तौर पर क्या है? पुलवामा हमले का बदला हवाई हमले से लिया गया था। पाकिस्तान के आतंकियों ने टूरिस्ट पैलेस की अप्रैल में रेकी करवाई गई जिसमें पहलगाम की होटलें एवं तीन-चार आतंकियों ने अंजाम दिया था। मोदी सऊदी की यात्रा छोड़ लौटे हैं और सीवीसी की बैठक आयोजित करने की पूरी संभावना है। मनीष को उनके बच्चों के सामने मारा तो कांकेर निवासी मयंक को मौत खींच लाई, वे थोड़े समय पहले ही पहाड़ी से नीचे उतरे थे। खास बात तो यह है कि नौसेना अध्यक्ष की शादी छह दिन पूर्व ही हुई थी। उसके पति को पत्नी के समक्ष गोली मार दी। आतंकवाद और सरकार के बीच की दूरियां कम नहीं हुई तो इसी तरह पहलगाम जैसे हमले के लिए तैयार रहना होगा। आतंकी हमला निंदनीय और मानवता पर कलंक समान है। आतंकी जैसे क्रूर पौराणिक काल के राक्षस भी ऐसी हरकत नहीं करते रहे होंगे। ईश्वर मृत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

**कांतिलाल मांडोत,सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### भारत-पाकिस्तान-बांग्लादेश

*'अभी मेरा मानना है कि भारत की जनता को अपने पूर्वाग्रह छोड़कर, नेताओं की बयानबाजी से प्रभावित हुए बिना, खुद अपने विवेक का इस्तेमाल कर, खुले मन से विचार करना चाहिए कि हमारे दीर्घकालीन हित में क्या है और वह कैसे संभव होगा? यदि हम नफरत और अविश्वास की भावना को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो उस आंच में झुलसे बिना नहीं रह सकते। हमें यह सच्चाई स्वीकार करना चाहिए कि बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार- ये सब हमारे पड़ोसी देश हैं। जिस तरह से यहां अच्छे या बुरे, जिम्मेदार या गैरजिम्मेदार, समझदार या सनकी लोग बसते हैं वैसे ही इन देशों में भी बसते हैं। हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते, राजनैतिक सीमाओं को भी मिटा नहीं सकते, लेकिन रहना तो साथ-साथ है। लड़ें-झगड़ें, मारकाट करें, उससे अंतत- क्या मिलना है। दंगों में आम लोग मारे जाते हैं, लड़ाइयों में सैनिक मरते हैं, लेकिन एक मौत भी अपने आप में एक त्रासदी होती है। एक व्यक्ति के साथ उसका घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, दोस्त, पड़ोसी सब होते हैं। जब अकाल मृत्यु होती है तो वह इन सबको जो न भरने वाले जख्म दे जाती है। जो पीड़ा औरतों और बच्चों को झेलना पड़ती है उसकी कल्पना ही की जा सकती है। क्या हम इस सबसे बच नहीं सकते?'*

**(देशबंधु में 15 अगस्त 2018 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय)**

## पावन प्रसंग

### वर्तमान में जीने का अभ्यास करें

वर्तमान के कड़वाहट भरे पल हमारा पीछा नहीं छोड़ते। हमारा जीवन वर्तमान की धरातल पर रहता है। हम तमाम प्रयास करते हैं लेकिन ये यादें हमें पीछे खींचती रहती हैं। हम जीते उस अतीत के साथ हैं जिनकी यादें हमारे मन मस्तिष्क को कुरेदती रहती हैं। इस कशमकश में हम तनाव, ग्लानि एवं विषाद से घिरे रहते हैं, जिससे हमारे संबंध एवं कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं इंसान अपने अतीत की सुनहरी एवं सुखद घटनाओं के स्थान पर दुखद एवं पीड़ित करने वाले क्षणों को अधिक याद करते हैं, अर्थात व्यक्ति सहज ही दुखों से आसक्त होता और उन्हें भूल नहीं पाता है। मन सदा पीड़ा देने वाले क्षणों के साथ इतना तारतम्य स्थापित कर लेता है कि वह उन्हें छोड़ता ही नहीं, बारंबार याद करता रहता है। हमारे साथ किसने अच्छा किया है यह याद नहीं रहता है हमारे साथ बुरा हुआ यह याद रहता है। नकारात्मक चिंतन एवं स्मृतियों से तनाव बढ़ता है और तनाव बढ़ने से शरीर में कार्टीसोल नामक हार्मोन का स्राव बढ़ जाता है। इससे प्रतिरक्षा शक्ति घट जाती है। परिणामस्वरूप शरीर में संक्रामक रोग सरदी- जुकाम का खतरा बढ़ जाता है। यह नियति लंबे समय तक चलती रहती है।

मनोवैज्ञानिक का कहना है कि अतीत की सारी बातें अपने आप में पीड़ित करने वाली नहीं होती हैं। परेशानी तो तब होती है जब यह बोझ बनकर हमारे मनोमस्तिष्क को झकझोरने लगे। हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करने लगे। इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार होते हैं। जबकि ढेर सारी बेकार बातों को, तथ्यों एवं घटनाओं को हम अपने मन में अनावश्यक ही बनाए रखते हैं। इन बातों पर विफलता, गुस्सा, दुश्मनी, पश्चाताप, अपराधबोध, अतृप्ति, असंतोष आदि की परत चढ़ी रहती है।

इससे बचने के लिए हमें सर्वप्रथम यादों एवं विचारों से बचना चाहिए जो हमें नकारात्मकता से भर देते हैं। बुरी आदतों सें बचने के लिए हमें किसी श्रेष्ठ कार्य को मन लगाकर करना चाहिए, जिसमें हमारी रुचि हो। हमें अपने दैनिक क्रियाकलाप में वांछित परिवर्तन लाना चाहिए जैसे भोजन एवं निंद्रा के समय निर्धारित करना चाहिए जिससे मन शांत एवं स्थिर रहता है तथा अनावश्यक तनाव देने वाला चिंतन मन का साथी नहीं बन पाता। सही दिनचर्या के साथ ही श्रेष्ठ साहित्य का अध्ययन भी करना चाहिए ।ताकिहमारा मन सकारात्मक सोच से सराबोर रहे। अतीत की कड़ुआहट से बचने के लिए हमें वर्तमान में जीने का अभ्यास जालना चाहिए। जो अतीत की भूलों में सुधार करक भावी भविष्य को उज्जवल,सुनहरा बना लेता है। जीवन बड़ा बहुमूल्य एवं बेहद खूबसूरत है, उसे केवल वर्तमान के पलों से सजाया एवं संभाला जा सकता है। अत: हमें अपनी समस्त ऊर्जा वर्तमान में ही खपाना चाहिए यही सुखी जीवन का रहस्य है।

**-युग निर्माण योजना**

# औरिया बाये पास में नई कृषि उपज मंडी शिफ्ट होने के पहले उठने लगे सवाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी जिस जगह ले जाने की प्रक्रिया शुरू है, वहां पर एकांगी मार्ग है। आस-पास आवासीय क्षेत्रों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में पहले की तरह आने वाले दस सालों में समस्या खड़ी हो जायेगी। इससे शहर से बाहर करने का उद्देश्य शासन प्रशासन को सफल नहीं हो पायेगा। इसलिये अभी से यह मांग उठने लगी है रिंग रोड के बाहर कृषि उपज मंडी को आने वाले पचास सालों के लिये शिफ्ट कर दिया जाये, ताकि ट्रेफिक वाली समस्या से शहरवासियों को लंबे से निजात मिल सके।

गौरतलब है कि अभी दीनदयाल चौक के पास करीब पचपन एकड़ में कृषि उपज मंडी का संचालन हो रहा है। यहां पर अब बस स्टेंड आने के बाद यातायात संबंधी समस्या बढ़ी है, इसी को देखते हुये कटंगी रोड के पास औरिया बाये पास पर अभी पंद्रह एकड़ वाले स्थान पर मंडी बनाने की प्रक्रिया जारी है।

इस तरह की समस्या होगी- जानकारों के अनुसार कृषि उपज मंडी को जोड़ने वाला एकांगी मार्ग है। ऐसे में जब बड़े छोटे माल वाहक आएंगे, तब यहां पर वाहनों की जाम वाली समस्या शुरू हो जायेगी। जिसे निपट पाना अत्यंत कठिन काम होगा। आम तौर ऐंसी जगह कम से दो से चार तरफ वाहनों को आने जाने की सुविधा होनी चाहिये ताकि एक जगह जाम है तो दूसरी तरफ से वाहनों का आना जाना जारी रह सके।



## एकांगी मार्ग पर मटर मंडी बनी है, रिंग रोड के बाहर अगले पचास सालों के लिये बनाई जाये नई मंडी

चार लाइन वाला रीवा-नागपुर मार्ग- इसी के समीपस्थ नागपुर से रीवा को जोड़ने वाली चार लाइन वाली सड़क है, इस पर चौबीस घंटे बड़ी संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इस बीच जैसे पूरी तरह कृषि उपज मंडी का संचालन शुरू होगा, उसके बाद यहां उत्पन्न होने वाली समस्या को समझा जा सकता है। रिहायशी इलाका भी बढ़ रहा है, जिससे आम जन भी इसके कारण बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं।

देशबन्धु मुद्दा

साजिश के तहत् स्थान का चयन- सूत्रों के अनुसार यहां पर मंडी बनाने के पीछे कतिपय लोगों की मिली भगत है। अभी यहां की जमी के रेट कम है, जैसे ही कृषि उपज मंडी संचालित होना शुरू होगी, उसके बाद कीमते बढ़ने लगेंगी। बताया जा रहा है कि सफेद पोश लोगों ने यहां पर पहले से जमीन खरीदनी शुरू कर दी थी जो बेहद कम कीमत वाली बताई जाती है।

इसी के चलते आनन-फानन में औरिया बाये पास के मंडी शिफ्ट करने की जल्दबाजी की जा रही है, भविष्य में होने वाली समस्याओं को सिरे से नजर अंदाज किया जा रहा है। इस पर सरकार या शासन में बैठे जवाबदार लोगों को विचार करने की जरूरत है।

# रेलवे में यात्रियों से निर्धारित दरों से अधिक में बेची जा रही टिकट

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे में जबलपुर मंडल में कर्मचारियों द्वारा आए दिन अनुशासनहीनता बढ़ती ही जा रही है। कर्मचारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वह नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से यात्री टिकटों की निर्धारित दरों से अधिक की दरों में टिकटें बेच रहे हैं। इन बुकिंग क्लर्कों को मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक का बरदहस्त प्राप्त है, इसी के कारण इनका धंधा फल फूल रहा है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले करेली स्टेशन में पदस्थ बुकिंग क्लर्क प्रतिदिन यात्रियों को निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलते हैं। इन बुकिंग क्लर्कों का आए दिन अधिक पैसा वसूलने पर यात्रियों से भी विवाद होता रहता है, यह सिलसिला बीते कई माह से लगातार धड़ल्ले से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अधिक राशि वसूलने के लिए इन बुकिंग क्लर्कों ने कुछ यात्री ट्रेनों को चिन्हित कर रखा है। इसमें दुर्ग भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस जबलपुर की रानी कमलापति हबीबगंज एक्सप्रेस इटारसी बीना सतना इटारसी व अन्य कई ट्रेनें भी शामिल की है।

पमरे के मुख्य रेलवे स्टेशन में यह चर्चा है कि इन बुकिंग क्लर्कों की सीधे मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक से सीधे संबंध है इसके कारण ही इन बुकिंग क्लर्कों के विरूद्ध कभी भी कोई प्रकरण ही दर्ज नहीं किया जाता है और सभी अपनी काली कमायी धड़ल्ले से करने में व्यस्त रहते हैं।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा एवं श्री गुप्ता द्वारा अचानक निरीक्षण किया जाता है।

मंडल के उल्लेखित अधिकारी शिकायतों को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं। डीआरएम श्री तलरेजा इस पर कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को राहत दिलाएंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

गौरतलब है कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बुधवार को अचानक मुख्य स्टेशन का औचक निरीक्षण किया था। और नियम विरूद्ध कार्य करने पर कार्रवाई की थी। श्री वर्मा के अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया था। इस तरह के निरीक्षण से जहां एक ओर भर्राशाही पर रोक लगेगी और यात्रियों को भी एक बड़ी राहत मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# जेईई मेन में ए.पी.एन सी.बी.एस.ई के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**जबलपुर, देशबन्धु।** ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के छात्र यर्थात प्राकुल सरोत्रिया ने जेईई मेन में 99.445 एवं छात्रा तनिषा पाण्डे ने 98.794 अंक प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चौरसिया, मानवेन्द्र सिंह, अजय वर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा तनिषा पाण्डे छात्र अर्थात प्राकुल सरोत्रिया का शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मुकेश अवस्थी पमरे की जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य नामित



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अवस्थी को पश्चिम मध्य रेल की जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। मुकेश अवस्थी को रेलवे बोर्ड के स्पेशल इंटरेस्ट केटेगरी के अंतर्गत नामित किया गया है। समिति का कार्यकाल दो वर्ष ( 01.10.2024 से 30.09.2026) रहेगा। समिति का कार्यक्षेत्र पश्चिम मध्य के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल रहेगा। समिति की आगामी बैठक 23 मई को जबलपुर में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में होगी। पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद के अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना है।

# जवाबदारों पर कड़ी कार्रवाई के लिये लोगों ने की आवाज बुलंद

## सराफा व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, पुतला फूका

गुरूवार को सराफा एसोसिएशन जबलपुर ने सराफा चौक पर शाम 4 बजे पहलगाम के आतंकी हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सराफा व्यापारियों ने पाकिस्तान - आतंकवाद का पुतला बना कर भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद सराफा चौक पर पुतले को जलाया गया। साथ ही दीप जला कर मृतक जनों को श्रद्धांजलि अर्पित की उसके बाद भारत सरकार को पाकिस्तान के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए मांग,ज्ञापन और समर्थन पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा । सभी सराफा व्यापारी एक जुट होकर भारत की अस्मिता पर हुए हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सराफा व्यापारियों ने मांग की है कि भारत सरकार पाक अधिकृत कश्मीर में हमला कर तुरंत भारत के कब्जे में ले। मारे गए पर्यटकों के परिवार को पांच-पांच करोड़ रुपए की राशि दी जाए। मारे गए पर्यटकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। जिन स्थानीय लोगों ने आतंकवादियों का सहयोग किया, उनके और परिवार के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।



# पहलगाम आतंकवादी घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में गुरूवार को भी पहलगाम आतंकवादी घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन का क्रम जारी रहा। इस दौरान विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से आतंकवादी के लिये जवाबदार लोगों पर कड़े कदम उठाने की मांग की। समाजिक, राजनैतिक, धार्मिक संस्थाओं ने अलग-अलग स्थानों पर अपनी बात रखी और मृतकों के परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना जताई।

## जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक में हुई श्रद्धांजलि

पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए हिंदू भाइयों को विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान की इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने शहीद हुए हिंदू भाइयों को याद करते हुए कहा कि आतंकवादियों को कभी नहीं छोड़ा जाएगा इस अवसर पर शशिकांत सोनी , राहुल श्रीवास्तव , सरदार सुरजीत सिंह , नितिन चिंटू , आदि क्षेत्रीय व्यापरीगण उपस्थित रहे।




## वाल्मीकि समाज की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले ने पूरे देश को गहरे दुख और आक्रोश से भर दिया है। इस वीभत्स घटना में देश के मासूम नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया, वाल्मीकि समाज, द्वारा वाल्मीकि चौक पर कैंडल मार्च निकालकर व श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।



इस अवसर पर अध्यक्ष रूप किशोर चौहान, दिनेश मछंदर, राजेंद्र पथरोल, बलराम वाल्मीकि, गोविंद कुमार डागोर, रमेश वोहित, राजेश मट्टू विजय महरौलिया, राजेंद्र वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, राजेश खरा, देवकरण चंदेल, नीरज वाल्मीकि, रितेश मोर्य संजय, आशिफ आदि लोग उपस्थित रहे।

**कायस्थ महासभा**- कायस्थ महासभा ने प्रदर्शन किया, इसमं प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष डा.रेनू श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष एड स्मृति सिन्हा, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, एड. भानू श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, शालिनी निगम, बीना श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, पार्षद अमरचंद बावरिया, मानवेन्द्र सिह, संतोष विनोदिया, अरूण त्रिपाठी, एड. रविन्द्र गुप्ता, सुशील पासी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## आतंकी हमले की निंदा, मृतकों को सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि

भारत ने हमेशा ही सभी धर्मों का सम्मान किया है । विश्व में मात्र भारत ही एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मावलंबी अपने धर्मों का पालन कर शांति से रह रहे हैं, हमारे देश के अमन चैन और विकास को आतंकवाद से बाधित करना चाहता है । धर्म आधारित भेदभाव पैदा करना चाहता है। उपरोक्त आशय के विचार शाम शहीद स्मारक प्रांगण में गुंजन कला सदन द्वारा कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। अध्यक्षता डॉ. आनंद तिवारी ने की। श्रद्धांजलि सभा में गुंजन सहित लायंस परिवार जबलपुर, महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, सुप्रभातम, वर्तिका, पाथेय, पी एम जी, मंथनश्री संस्था परिवार के सदस्यों ने मृतकों की आत्म की शांति हेतु मोमबत्तियां जलाई, संचालन प्रतुल श्रीवास्तव ने किया। सभा में लायन नरेन्द्र जैन, संदीप जैन, सुरेश सराफ, विजय जायसवाल, जादूगर एस.के.निगम, राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. प्रकाश दुबे, अभय जैन, आलोक पाठक, हिमांशु तिवारी, संजय जैन कीपी, लायन अंकिता जैन, लायन उमेश जैन, लायन भरत अग्रहरि, लायन मनीषा सोनी, लायन नीलम खरे, लायन हरिभाई पटेल, लायन सुनीता अग्रवाल, लायन ज्योति तिवारी, विक्रम परवार, कौशल यादव, सोमेश सराफ, लायन मथुरा चौबे, आर.एल. शिवहरे, जादूगर एस के निगम, राजीव गुप्ता, डॉ. रजनीश गर्ग, आर.के.टहनगुरिया, लायन प्रकाश नेमा,लायन राजेश डेंगरा, प्रदीप जैन शामिल थे।




## शहीद अब्दुल हमीद चौक में प्रदर्शन

पहलगाम में हुये आतंकी हमले के खिलाफ एवं हमले में मारे गये लोगों के समर्थन में शहीद अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) में साम 6 बजे श्रृध्दांजलि सभा एवं प्रदर्शन किया गया, गुरुवार देर शाम राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि नगर निगम एवं पूर्व पार्षद पंडित मोती लाल नेहरू वार्ड के सैय्यद ताहिर अली द्वारा किया गया. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा , वरिष्ठ नेता कदीर सोनी ,नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा उपस्थित रहे. यहां पहलगाम हमले में मारे गये 29 मासूम भारतीयों को 2 मिनट के मौन एवं मोतबत्ती जलाकर श्रृध्दांजलि दी गई, जिसके बाद पाकिस्तान एवं पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारे बाजी कर भारत सरकार से ठोस कार्यवाही की मांग की गई, ताहिर अली ने यहां कहा पहलगाम में जो कुछ हुआ उसने पूरी इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। आने वाले समय में किस तरह ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है, इसे लेकर विचार मंथन हुआ।



इधर नगर की मदन महल स्थित राम मंदिर के अलावा अन्य धार्मिक संस्थाओं के जनों भी इस घटना को लेकर अपनी नाराजगी जताई। सरकार से ऐसे तत्वों के विरोध में प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की गई। साथ मृतक परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई गई।

# भाजपा ने बाबा साहेब सम्मान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कभी नही चाहते थे कि देश में धारा 370 और अनुच्छेद लागू हो पर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने उनकी सहमति के खिलाफ संविधान में संशोधन करते हुए 370 और अनुच्छेद 35ए लागू कर दिया पर देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद बाबा साहब के सपने का भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश से धारा 370 और अनुच्छेद 35ए को समाप्त किया और एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने का कार्य किया, यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संभागीय कार्यालय रानीताल में कही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगांव में हुए आतंकी हमले में मृतकों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस घटना की निंदा करते हुए संगठन ने तय किया कि कार्यक्रम में मंचीय स्वागत नही किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, डॉ जितेन्द्र जामदार, राजकुमार मेहता, राममूर्ति मिश्रा, संदीप जैन, कमलेश अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, कैलाश साहू, अभय सिंह, रोहित जैन, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कुंडल राव, रूपा राव, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा के साथ बड़ी संख्या में समाज क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पत्रकारों की चिंता करेगी ननिजः रिंकू विज



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में अब नगर निगम पत्रकार कल्याण को लेकर गंभीरता पूर्वक विचार कर रहा है। इसके लिये नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज की पहल पर जल्द ही पत्रकारों के लिये अच्छी खबर आ सकती है। निगम अध्यक्ष ने बताया कि पत्रकार सम्मान निधि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वर दास रोहाणी के नाम पर शुरू की जायेगी। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों के लिये भी सुरक्षा-सम्मान निधी का प्रस्ताव है। इन पर जल्द ही नगर सरकार निर्णय लेगी। इस तरह की पहल का स्वागत किया जा रहा है। क्योंकि जिस तरह नगर निगम में पत्रकारों के लिये मंथन शुरू हुआ है वह स्वस्थ्य प्रजातंत्र हेतु बेहतर कदम माना जा सकता है।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को हुडको का सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) द्वारा सम्मानित किया जाएगा । हुडको ने अपने 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी के सराहनीय योगदान को मान्यता देते हुए यह सम्मान प्रदान कर रही है ।

हुडको के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने पत्र जारी कर बताया कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने राज्य में बिजली के बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हुडको ने कंपनी के साथ अपनी साझेदारी को गौरव का विषय बताया । यह पुरस्कार 25 अप्रैल 2025 को स्टेन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा । पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) संजय भागवतकर यह अवार्ड प्राप्त करेंगे ।

# अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने और व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर अस्पतालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई




**जबलपुर, देशबन्धु।** अस्पतालों में आम जनों की सुरक्षा और व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव आज सख्त दिखाई दी। उन्होंने भवन, अग्नि शमन, और लीगल सेल के अधिकारियों की बैठक बुलाकर तीनों विभागों के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने तीनो विभागों के अधिकारियों को क? शब्दों में निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अस्पतालों में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम की जॉच करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जॉच के दौरान यह अनिवार्य रूप से देखें कि जो सिस्टम लगे हैं वह सिस्टम गाइड लाईन के अनुरूप लगे हैं अथवा नहीं। निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि अस्पतालों की पार्किंग व्यवस्था वैधानिक रूप से व्यवस्थित होनी चाहिए और भवन अनुज्ञा के विपरीत नहीं होनी चाहिए, यदि भवन अनुज्ञा के विपरीत अस्पतालों के निर्माण किये गए हैं अथवा बिना अनुज्ञा के निर्माण कर लिए गए हैं इन सब बिन्दुओं की बारीकी के साथ जॉच कर रिपोर्ट सबमिट करें और संबंधितों के विरूद्ध क?ी कार्रवाई की जाये।




बैठक में निगमायुक्त ने भवन शाखा के अधिकारियों को भवन संबंधी जॉच करने के निर्देश दिये वहीं फायर सेफ्टी सिस्टम नियमानुसार लगे हैं अथवा नहीं की जॉच करने अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि शासन के अनुसार फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगे हैं उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाये। वैधानिक कार्रवाई के समय विधि विभाग के अधिकारियों को भी भवन एवं फायर विभाग के द्वारा कार्रवाई के दौरान साथ में रहने और वैधानिक चीजों को देखने तथा उनके अनुरूप कार्रवाई करवाने में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये गए।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने तीनों विभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें, अन्यथा विपरीत परीस्थितियों के लिए आप सबकी जिम्मेदारी तय की जायेगी और आपके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, सहायक भवन अधिकारी दिग्दर्श सिंह आदि उपस्थित रहे।

# परोपकार की भावना प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए : आचार्य श्री समयसागर





**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में विराजमान आचार्य श्री समयसागर महाराज ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दया, करूणा, अनुकंपा, परोपकार की भावना जिसके माध्यम से जिन शासन की प्रभावना होती है, ऐसी परोपकार की भावना प्रत्येक व्यक्ति के अंदर होना चाहिए। श्रमण के अंदर भी परोपकार की भावना निरंतर बनी रहती है। चतुर्थ काल में भी श्रमण साधना करते थे, उनकी दीर्घ आयु होती थी, वे श्रमण पर्वत की चोटी पर बैठकर साधना करते थे।

परोपकार की भावना हमेशा उनके अंदर बनी रहती थी। अब परोपकार की अभिव्यक्ति कैसे हो सकती है, वे एकाकी होकर परोपकार की भावना करते है और आप लोग समूह में रहकर परोपकार की भावना करते है। आपकी भूमिका में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। विश्व कल्याण की भावना जो श्रमण के भीतर होती है वे उसके पास हो या दूर इससे कोई अंतर पड़ने वाला नहीं है। विश्व कल्याण की भावना को ही कहते हैं संप्रेषण।

श्रमण केवल पशु पक्षी के बारें में नहीं सोचते अपितु जंगल में जो पेड़ पौधे हैं उनके कल्याण के बारे में भी सोचते हैं जबकि उनके अंदर कोई योग्यता नहीं है करने की। आचार्य श्री को शास्त्र भेंट श्रीमती सीमा, रौनक जैन ने किया। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य आदीश्वर जैन बेंगलोर को मिला। दिगम्बर जैन समाज गोहाटी, जगदलपुर, डिंडोरी के प्रतिनिधियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट किया। महापूजन का गायन ब्रह्मचारिणी सुलेखा दीदी एवं मंत्रोच्चारण आर्यिका अन्तरमति ने किया। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समयसागर जी के आज्ञानुवर्ती मुनि श्री नीरज सागर जी, मुनि श्री निर्मद सागर जी ससंघ की भव्य अगवानी प्रात: 6.30 बजे शिवनगर जैन मंदिर से होगी। जैन पंचायत सभा एवं जैन नवयुवक सभा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## ब्रांड कल्चर ने बढ़ाया स्टाइल और लेटेस्ट ट्रेंड का क्रेज





**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में फैशन के मायने बदल रहे हैं। शहर में पहले जिस फैशन ट्रेंड को आने में सालों लग जाते थे, वह अब ऑनलाइन कल्चर के कारण तुरंत मिल रहा है। इंटरनेट के जरिए अब फैशन स्टाइल इतनी तेजी से बढ़ रहा है, जिसने फैशन ट्रेंड्स में रिवोल्यूशन लाने का काम किया है। लोगों की डिमांड के कारण ही शहर में ब्रांड आउटलेट्स भी तेजी से खुल रहे हैं और लोग ब्रांड क्रेजी भी बन रहे हैं। ड्रेसेज में इनोवेशन और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स से रूबरू करवाने के लिए हर साल इंटरनेशनल फैशन रेवोल्यूशन डे मनाया जाता है।

**सेलिब्रेटीज स्टाइल का फैशन-** फैशन के रिवोल्यूशन में अब सेलिब्रेटीज स्टाइल का फैशन भी शामिल हो चुका है। कामना सिंह बताती हैं कि वे सेलिब्रेटीज स्टाइल के फैशन ट्रेंड को फॉलो करती हैं। इसमें अदिति पाण्डे, भूमि पेंडिसकर, मायरा, आलिया एवं अन्य टीवी स्टार का ड्रेसिंग सेंस कैरी किया जा रहा है। सिटी गर्ल्स का कहना है कि इनके कलेक्शन के लिए वे मुम्बई और पुणे की शॉपिंग के साथ ऑनलाइन शॉपिंग भी करती हैं। आसानी से मिलती न्यू वैरायटीजपिछले कुछ समय से ऑनलाइन शॉपिंग का दायरा बढ़ गया है। इसके चलते लोगों को नई वैरायटीज भी आसानी से अवेलेबल होने लगी है। पहले शहर में मेट्रो सिटी का फैशन आने में एक से दो साल का समय लगा करता है, वहीं अब लेटेस्ट ट्रेंड के रूप में तुरंत मिल जाता है। इसके चलते लोगों को अब लंदन और पेरिस का फैशन भी वन क्लिक में मिल जाता है। शहर में मॉल कल्चर आने के बाद से ब्रांडेड शोरूम्स की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। अब लोगों को लोकल ब्रांड पसंद नहीं आता है। अपग्रेड लाइफस्टाइल और स्टाइल आइकन बने रहने के लिए लोग अब ब्रांडेड शोरूम जाना पसंद करते हैं।

**स्ट्रीट शॉपिंग गर्ल्स की फेवरिट**

शहर में ब्रांड कल्चर डवलप होने के बाद भी जबलपुरियंस गर्ल्स स्ट्रीट शॉपिंग की क्रेजी है। इसके लिए गंजीपुरा, लार्डगंज और फुहारा के एरिया लोकल शॉपिंग के लिए हमेशा गुलजार रहते हैं। यहां ग्लोबल ब्रांड की कपड़े भी लोकल प्राइज में आसानी से मिल जाते हैं।

## छात्राओं को मिला सॉफ्ट स्किल का नॉलेज



**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट होमसाइंस एवं महिला विज्ञान कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सॉफ्ट स्किल मे कॅरियर निर्माण की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आवश्यक स्किल्स, टीमवर्क, पारम्परिक संचार कौशल, नेतृत्व प्रस्तुति से जुड़ी अवधारणाओं से भी अवगत करवाया गया। श्वेता गुप्ता ने बीएससी फोर्थ और एमएससी सेकेंड सेमेस्टर की छात्राओं को सॉफ्ट स्किल के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर डॉ. रश्मि सिंगरोरे, डॉ. दुर्गा मिश्रा, डॉ. सोमकांत, डॉ. महिमा बैरागी, डॉ. मनीषा जैन, डॉ. निशा सिंह, अंजू कंवर, रोशनी हल्दकार, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति जैन, डॉ. गीता चौबे मौजूद रहीं।

## कॉलेज परिसर में लगाए मौलश्री के पौधे



**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधरोपण और संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पृथ्वी संरक्षण और जीवन रक्षा के लिए एक पौधा लगाने की शपथ ली। परिसर में मौलश्री के पौधे प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल, सुरेंद्र पटवा, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. तरुणेंद्र साकेत, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. नीलिमा, मनीष रघुवंशी मौजूद थे।

## नए सत्र के लिए नर्मदा क्लब की मनीषा को कमान



**जबलपुर, देशबन्धु।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया की डिस्ट्रिक्ट 323 जी-3 अपराजिता कैबिनेट बैठक, डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस एवं अलंकरण समारोह मनेंद्रगढ़ में सम्पन्न हुआ। इसमें नए सत्र के लिए वी क्लब्स जबलपुर के नर्मदा क्लब की मनीषा सोनी को डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट के पद पर मनोनीत किया गया। चयन नॉमिनेशन कमेटी की चेयरमेन पीडीपी एवं डिस्ट्रिक्ट संरक्षिका लता आर्या, डिस्ट्रिक्ट 3233सी के पीडीजी एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल, डीपी अनीता फरमानिया, पीडीजी रंजना खेत्रपाल, चार्टड प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल, संरक्षिका रीता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर अंशु गोयल ने किया। इस दौरान उन्हें लायंस इंटरनेशनल के ग्लोबल प्रोजेक्ट पर उत्कृष्ट सेवाकार्य के लिए इंटरनेशनल मेडल प्रदान किया गया।

## बांधनी साड़ी कोड में मनाया उत्सव ओएमजी लेडीज क्लब का कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** थीम सेलिब्रेशन में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक एक्टिविटी में हिस्सा लिया। कोई गेम में विजेता रहा, तो किसी ने पार्टी स्टार का खिताब जीता। ओएमजी लेडीज क्लब के तत्वावधान में गणगौर थीम पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान तरह-तरह के गेम्स, नृत्य और संगीत की प्रस्तुति महिलाओं ने दी। महिलाओं ने लाल बांधनी साड़ी पहनकर थीम सेलिब्रेशन किया। थीम की विनर आरती कनोजिया रहीं। पंचुएलिटी गेम संगीता मंडेल, रुपाली खरया ने जीता। डिफरेंट गेम्स में विजेता निष्ठा कुदरया, कल्पना अग्रवाल, सोनाली सुहाने रहीं। विनर्स रहीं लेडीज को गिफ्ट हैम्पर्स दिए गए।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र- उभा।**

**मेष** आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ** आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क** आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** आज कोई भी ख़तरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन** दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

## आज मनाई जाएगी संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



**जबलपुर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर परमात्मन सेन समाज सेवा समिति एवं क्षत्रिय नंदवंशी सेन न्यासी समाज के तत्वाधान में आज दिनांक 25 अप्रैल शुक्रवार को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजन का आयोजन किया जायेगा। परमात्मन सेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन ने बताया कि सैन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर गोहलपुर न्यू नर्मदा नगर मालगुजार परिसर पर स्थित शांतम प्रज्ञा आश्रम में सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर राम स्तुति, हनुमान चालीसा, सुन्दकांड का पाठ एवं पूजन कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही शाम को 7 बजे प्रभु श्री राम जी की आरती की जाएगी।इस अवसर पर एड. राकेश सेन, दिलीप श्रीवास, मुकेश कुमार सेन, अनिल सेन, रुपेश पिंटू पटेल भाजपा नगर उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, समाज सेवी सुरेन्द्र गणेश चौहान, सुनील पटेल, यश रंजन श्रीवास, प्रताप प्रजापति, पंडित चंचल गौतम, भविष्य श्रीवास, शुभम श्रीवास, हर्ष श्रीवास, अभिषेक कोरी, प्रवीण नामदेव एवं अन्य सदस्यों ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

## मदनमहल से होते हुए धनबाद से एलटीटी के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से धनबाद-एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 10-10 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी के द्वितीय, तृतीय एवं इकोनॉमी कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 03327 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 अप्रैल से 28 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को धनबाद स्टेशन से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान कर, सिंगरौली शाम 17.15 बजे, बरगवां 18.23 बजे, ब्यौहारी रात 20.45 बजे, कटनी साऊथ रात्रि 22.45 बजे, अगले दिन मदनमहल मध्यरात्रि 00.20 बजे, पिपरिया 02.25 बजे, इटारसी 03.40 बजे पहुँचकर और रविवार शाम 17.30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03328 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 अप्रैल से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को एलटीटी स्टेशन से रात 20.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 09.00 बजे, पिपरिया 10.15 बजे, मदनमहल दोपहर 12.30 बजे, कटनी साऊथ 14.05 बजे, ब्यौहारी 16.20 बजे, बरगवां 18.55 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार सुबह 08.40 बजे धनबाद स्टेशन पहुँचेगी।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**सुनील कुमार श्रीवास्तव-** 206 अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव का निधन हो गया। वे शांतनु के पिताजी और एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव व पश्चिम मध्य रेल के अभियंता मनीष श्रीवास्तव के अग्रज थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में हुआ।

**श्रीमती नेमवती पंधा-** आजाद चौक सिहोरा निवासी श्री उदय सिंह पंधा की धर्मपत्नी श्रीमती नेमवती पंधा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर लाल श्रीवास्तव-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री सुंदर लाल श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बानी चटर्जी-** भसीन अपार्टमेंट गौरीघाट निवासी श्री हिरोक चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती बानी चटर्जी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजोर सिंह ठाकुर-** रतन नगर इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री रंजोर सिंह ठाकुर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुकेश कुमार कहार-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री मनीलाल कहार के पुत्र श्री मुकेश कुमार कहार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश श्रीवास-** फकीरचंद के अखाड़े के पास बाबा टोला निवासी श्री कमलेश श्रीवास (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्राम सिंह श्रीवात्री-** छापर रामपुर विजयनगर निवासी श्री विश्राम सिंह श्रीवात्री (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई जयसिंघानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री भगवान दास जयसिंघानी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई जयसिंघानी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शेरू ठाकुर-** यादव मोहल्ला रामपुर निवासी श्री शेरू ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू अहिरवार-** ठक्कर ग्राम निवासी श्री बालचंद अहिरवार के पुत्र श्री राजू अहिरवार (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों के लिए राहत की खबर

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, देशबन्धु।** 24.04.2025. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने एक सराहनीय निर्णय लेते हुए अपने कर्मचारियों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। म.प्र. शासन के वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 03.04.2025 को ग्राह्य करते हुए, कंपनी ने यह आदेश जारी किया है कि यदि कोई कर्मचारी सेवा काल में मृत्यु को प्राप्त होता है तो उसके आश्रित परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम-2017 के अनुसार देय वेतन के छ: गुना के बराबर, अधिकतम? 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रुपए) की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह संशोधित राशि पूर्व में निर्धारित ? 50,000 की सीमा से अधिक है, जिससे कर्मचारियों के परिवारों को अधिक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। यह आदेश 01 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा और इसके पश्चात के सभी प्रकरणों पर लागू होगा, पूर्व क्षेत्र कंपनी का यह निर्णय कर्मचारियों के सामाजिक कल्याण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## धूमधाम से निकलेगी भगवान परशुराम शोभायात्रा



**जबलपुर,देशबन्धु।** भगवान परशुराम जन्मोत्व की पूर्व संध्या पर ब्राम्हण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज द्वारा दिव्य एवं भव्य विराट शोभा यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पूर्व 29 अप्रैल मालवीय चौक से सांय 5 बजे निकाली जावेगी। इस हेतु संस्कारधानी के विभिन्न क्षेत्रों उपनगरीय क्षेत्र में शोभा यात्रा को भव्य दिव्य बनाने के लिए बैठकें आहूत हुई। बैठकों में निर्णय हुआ कि घर-घर जाकर विप्र बिन्दुओं को सपरिवार शोभा यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया जावेगा। विप्र समाज के मथुरा चौबे, विनोद दुबे, संतोष दुबे, गणेश पाण्डे, अनुराग गौतम, आदित्य गौतम, अनिकेत तिवारी, श्रीमती मीण दुबे, के.के. शुक्ला, डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय श्रीमती ज्योति मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, मधु पाण्डे, अमरीश मिश्रा, रत्नेश अवस्थी, आशीष शुक्ला, राहुल शर्मा, रूपेश पाठक, अभिषेक मिश्रा, रामकृष्ण पाण्डे, आदि ने भगवान की शोभा यात्रा में अधिक से अधिक शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

# पुलिस चौकी के सामने पति से मारपीट कर पत्नी का अपहरण!

## पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों को दी शिकायत में लगाया सनसनीखेज आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुंडम की बघराजी पुलिस चौकी के सामने से एक नवविवाहिता को कार सवार अपहरण कर ले गये, इतना ही नहीं आरोप है कि जिस वक्त वारदात हुई, उस समय पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

समीर नामक युवक ने उक्ताशय के आरोप लगाते हुए एक शिकायत एएसपी सूर्यकांत शर्मा से की है, साथ ही उन्हें एक वीडियो भी सौंपा है। समीर का कहना है कि अब मेरी बीबी का मोबाइल फोन भी बंद है, पीड़ित ने कहा कि उसे डर है कि कहीं उसे कुछ हो न गया हो। समीर अपनी पत्नी रुखसार की तलाश में दर-दर भटक रहा है।

बघराजी निवासी समीर खान ने बताया कि 24 मार्च को उमरिया जिले के चंदिया गांव निवासी 18 वर्षीय रुखसार खान से शादी की थी। निकाह दोनों की मर्जी से हुआ, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही समीर को बघराजी चौकी में कथन देने के लिए बुलाया गया। समीर का कहना है कि 17 अप्रैल की शाम को जब वह पत्नी के साथ चौकी पहुंचा तो वहां पहले से एक सफेद कार खड़ी थी। कार में बैठे लोगों ने उसे देखते ही मारपीट शुरू कर दी। जब तक




वह कुछ समझ पाता इससे पहले कुछ लोग पत्नी रुखसार को जबरन कार में बैठाकर फरार हो गये, यह सब कुछ पुलिस के सामने हुआ, लेकिन चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने सिर्फ मूकदर्शक की भूमिका निभाई। समीर ने एएसपी सूर्यकांत शर्मा को शिकायत देते हुए वीडियों भी दिखाया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुछ लोग एक युवती को जबरन कार में बैठाकर ले जा रहे हैं।

पुलिस ने वहां रहते हुए भी कोई हस्तक्षेप नहीं किया। पीड़ित समीर का कहना है कि 23 अप्रैल को उसे जानकारी मिली कि रुखसार सतना के किसी अस्पताल में भर्ती है। वह तत्काल वहां पहुंचा लेकिन रुखसार वहां नहीं मिली। समीर का आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट में भी झूठा प्रतिवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि रुखसार सतना की निवासी है जबकि असल में वह उमरिया जिले के ग्राम सुनारी की रहने वाली है। युवक का दावा है कि उसकी पत्नी को सुनारी गांव में ही बंधक बनाकर रखा गया है।

इतना ही नहीं उसने 23 अप्रैल की रात को थाना चंदिया पहुंचकर बताया कि डाक्टर एमएच खान जो कि रुखसार के पिता हैं उन्होने उसे घर में कैद कर रखा है, लेकिन पुलिस ने यह कहकर टाल दिया कि वह इलाका उनके थाना क्षेत्र में नहीं आता। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच कराई जा रही है, जांच में पुलिस कर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एएसपी श्री शर्मा का कहना है कि युवती की लोकेशन और स्थिति की पुष्टि के लिए पुलिस टीम को तुरंत उमरिया भेजा गया है। दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस चैकिंग के दौरान पकड़ायी डीएपी खाद

## पाटन की नुनसर पुलिस चौकी की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** सागर से जबलपुर आई नकली डीएपी खाद ग्राम नुनसर पाटन रोड पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ी है। उक्त खाद को जबलपुर में खपाने की तैयारी थी, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने पहले से चेकिंग लगा दी थी। पुलिस ने मामले में वाहन चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस को पूछताछ में वाहन चालक कोई कागजात नहीं दे पाया है, पुलिस ने मामले की जानकारी कृषि और खाद्य विभाग को जानकारी दे दी है। वहीं जब पुलिस ने वाहन मालिक से संपर्क किया तो उसका कहना जल्दबाजी में कागज छूट गये है, जिन्हें वह लेकर पहुंच रहे है।

जानकारी अनुसार नुनसर चौकी प्रभारी विपिन सिंह को सूचना मिली कि सफेद रंग की गाड़ी सागर से दमोह होते हुए जबलपुर की ओर रवाना हुई है। इस गाड़ी में नकली डीएपी खाद रखी है, चालक के पास कोई कागजात भी नहीं है। पुलिस ने पाटन रोड पर बैरियर लगाकर दोपहर में चेकिंग लगा दी। दो बजे के लगभग एमपी 38 जेडडी 8508 गाड़ी आते हुए दिखाई दी। जिसे राजा सेन नाम का युवक चला रहा था। पुलिस ने गाड़ी को रोका तो वह घबरा गया। इसके बाद पुलिस ने जब वाहन की चेकिंग की तो उसमें करीब 70 बोरी डीएपी खाद मिली। पूछताछ के दौरान वह खाद से संबंधित कागजात नहीं दे पाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस चौकी में गाड़ी को खड़ा किया गया है। चालक पुलिस की हिरासत में है। वाहन मालिक को फोन लगाया गया तो उसका कहना था कि खाद से संबंधित कागजात जल्दबाजी में छूट गए हैं, जिसे कि जल्द ही सागर से जबलपुर लाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नकली डीएपी के बारे में जानकारी मिलने पर भारतीय किसान संघ ने पुलिस के आला अधिकारियों को बताया कि सागर से नकली डीएपी को लाकर जबलपुर में खपाने का काम कई दिनों से चल रहा है। आज भी पुलिस ने जो कार्रवाई की है। वह संघ की जानकारी देने के बाद ही हुई है।

# हाईकोर्ट सहित प्रदेश भर के न्यायालय में दी गयी पहलगाम आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि

**जबलपुर,देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को श्रृध्दांजति अर्पित करने हाईकोर्ट के मुख्य पीठ सहित तीनो पीठ व प्रदेष के सभी न्यायालय में श्रृध्दांजति सभा का आयोजन किया गया। आतंकी घटना में मृत निर्दोष नागरिकों के लिए प्रदेश के सभी न्यायालयों में सुबह 10.30 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा न्यायालय परिसर तथा कक्षों में मौन,शांति एवं गहन चिंतन के वातावरण में सम्पन्न हुई। हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेष कुमार कैत,सभी न्यायाधीश,न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी तथा अधिवक्ताओं ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-संतप्त परिवार के प्रति एकजुटता प्रकट की। यह आयोजन सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं था,बल्कि शांति,न्याय एवं मानवीय गरिमा के मूलभूत मूल्यों के प्रति न्यायपालिका की अटूट प्रतिवद्धता की प्रबल अभिव्यक्ति था। न्यायिक तंत्र के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता ने साझे दुख और सहानुभूति की भावना को पुष्ट किया,जो विधि समुदाय को राष्ट्र की आत्मा से जोडती है। इस अवसर पर उच्च न्यायालय ने यह दृढ़ संदेश भी दिया है कि आतंकवाद अपने किसी भी स्वरूप में हमारे गणराज्य के संवैधानिक आदर्शों के सर्वथा विपरीत है।

# लापता संत भुसावल में मिले

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल से जबलपुर आ रहे रामानंद संप्रदाय के प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य जी महाराज के अचानक ट्रेन से लापता हो गए जिसके बाद हडक़ंप मच गया। जीआरपी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जीआरपी पुलिस जांच पड़ताल शुरू की इस बीच वे देर शाम भुसावल में मिल गए।

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि रामनरेशाचार्य जी महाराज भोपाल से जबलपुर आ रहे थे। उनके साथ उनका सुरक्षा दस्ता भी था। सुबह उनके सुरक्षा स्टाफ ने सूचना दी कि पिपरिया रेलवे स्टेशन के बाद से स्वामी जी नहीं मिल रहे हैं। स्टाफ की सूचना के आधार पर पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद ली। पुलिस के मुताबिक विशेष सुरक्षा प्राप्त संत रामनरेशाचार्य जी महाराज को पिपरिया रेलवे स्टेशन पर आखिरी बार देखा गया था। सुबह जबलपुर पहुंचे उनके सुरक्षा कर्मियों ने जीआरपी थाना पहुंच कर संत के लापता होने की सूचना दी थी जिसके बाद से लगातार जीआरपी जबलपुर उनकी तलाश में जुटी रही। इस बीच वे देर शाम भुसावल में मिल गए बताया जाता है कि वह गलत ट्रेन में चढ़ गए थे।

# आईपीएल का सट्टा खेल रहे आरोपी को क्राईम ब्रांच ने दबोचा

## मोबाईल व पंद्रह हजार रुपये की नगदी जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने लार्डगंज पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए शताब्दीपुर के आदि प्लाजा के सामने से एक सटोरिये को मोबाईल पर आईपीएल का सट्टा खेलते हुए रंगे हाथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से कीमती मोबाईल व पंद्रह हजार रुपये की नगदी जप्त कर उसके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शताब्दीपुरम आदि प्लाजा के सामने दबिश दी गई। जहां से शताब्दीपुरम निवासी 34 वर्षीय रोहित गुप्ता को हिरासत में लिया गया। आरोपी मुंबई इंडियंस व सनराईज हैदराबाद के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच की हर गेंद पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहा था। जिसके मोबाईल पर सट्टे की आईडी खुली पायी गई। जिसने पूछताछ में उक्त आईडी अमित चौरसिया से लेना बताया। पुलिस ने आरोपी रोहित गुप्ता के कब्जे से एप्पल कम्पनी का आईफोन तथा नगदी 15 हजार रूपये जप्त करते हुए उसके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# युवक को चाकू से गोदा, लूट का आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** नर्मदा दर्शन के लिए गौरीघाट पहुंचे भरतीपुर निवासी ऋतिक सोनकर पर दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि बदमाश उसकी जेब से 35 हजार रुपये नगद व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात ऋतिक सोनकर गौरीघाट पर नर्मदा दर्शन के लिए गया था, तभी पहले से घात लगाए स्वप्निल और गगन नामक युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में ऋतिक की कमर, आंख और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। आरोप है कि वारदात के दौरान हमलावर उसकी जेब से 35 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही गौरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घायल की मां रेशमा सोनकर ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ऋतिक को कई दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं।

# टग ऑफ वार प्रतियोगिता में एमपी पावर को मिली दोहरी सफलता

**जबलपुर,देशबन्धु।** 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स व टग ऑफ वार प्रतियोगिता में एमपी पावर टीम को दोहरी सफलता मिली है। कोल्हापुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर टीम को एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक मिले। वहीं पटियाला में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल टग ऑफ वार (रस्साकसी) प्रतियोगिता में कांस्य पदक मिला। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर के संजय लाल बैगा ने लम्बी कूद (लांग जम्प) स्पर्धा में 5.68 मीटर कूद का स्वर्ण पदक जीता। एमपी पावर के धर्मेन्द्र खेर ने 1500 मीटर की दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पुरूषों की 4ङ्ग400 मीटर रिले रेस में एमपी पावर के हेमंत कुमार वर्मा, विजय तिवारी, संजय लाल बैगा व धर्मेन्द्र खेर की चौकड़ी ने प्रतिद्वंदी धावकों को कड़ी टक्कर देते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। एमपी पावर की एथलेटिक्स टीम में इंदौर के विजय तिवारी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के सुभाष पारते, हेमंत कुमार वर्मा, संजय लाल बैगा, अजय सिंह मरावी, ग्वालियर के अशोक कुमार केवट, छिंदवाड़ा के लवकेश उइके, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के धर्मेन्द्र खेर व घनश्याम उइके, खरगोन के भूरिया ओसरी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के अखिलेश सिंह व जबलपुर के धर्मेन्द्र सिंह शामिल थे। जबलपुर के अशोक चौहान टीम के मैनेजर व महेश यादव कोच थे।

# राष्ट्रीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में मिहिका सोनकर ने कांस्य पदक जबलपुर को गौरवान्वित किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोटा (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में 53 कि.ग्रा. भार में जबलपुर संस्कारधानी की मिहिका सोनकर पिता गंगा सोनकर ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया एवं जबलपुर का नाम रोशन किया प्रशिक्षक अंतर्राष्ट्रीय अज्जू पहलवान, अंतर्राष्ट्रीय आदित्य पहलवान एवं विनय पहलवान द्वारा मिहिका सोनकर को कुश्ती प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पटेल, सचिव राजेश राजपूत, सुनील पटेल, प्रवीण पाण्डे, पवन चक्रवर्ती द्वारा मिहिका के उज्जवल भविष्य की कामना एवं बधाईयां प्रेषित की है।



# एसबीसी का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर रोक

## चेयरमेन सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव पर अंतरिम रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने काउंसिल के चेयरमैन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने यह भी पूछा है कि किस अधिकार से यह निर्णय लिया गया है।

अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेचा और अधिवक्ता नरेंद्र जैन की ओर से याचिका दायर कर कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी ने बताया कि वर्ष 2020 में राज्य अधिवक्ता परिषद ने चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार काउंसिल का कार्यकाल 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त होना चाहिये, युगलपीठ को बताया गया कि परिषद ने 11 फरवरी 2024 को कार्यकारिणी की बैठक कर परिषद का कार्यकाल दो साल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें दावा किया गया कि कोविड-19 महामारी के चलते परिषद के कार्यों में रुकावट आई हैए इसलिए कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिये। इसके बाद जुलाई 2024 को जनरल बॉडी मीटिंग बुलाकर प्रस्ताव पारित कर दिया। दलील दी गई कि परिषद का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। किसी कारणवश यदि अगला चुनाव नहीं हो पाता है तो बार काउंसिल ऑफ इंडिया को यह अधिकार है कि वह वैध कारणों के आधार पर 6 माह के लिए परिषद का कार्यकाल बढ़ा सकती है। दलील दी गई कि परिषद का उक्त निर्णय अवैधानिक है और अधिवक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।




## हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं, कैसे बहाल कर दिए अधिकारी

### एनजीटी के आदेश पर चुप्पी, उपभोक्ता मंच ने मुख्य सचिव को भेजा लीगल नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर ने उमरिया में 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी न होने के बावजूद निलंबित अधिकारियों को बहाल किए जाने के रवैये को अनुचित माना है। इसी के साथ जबलपुर के बरगी क्षेत्र में हाथी की मौत पर कार्रवाई नदारद होने को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। एनजीटी के आदेश पर चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया है। इसी के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव को इस संबंध में लीगल नोटिस भेज दिया है।

उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में है, उनकी मौतें हो रही हैं। लेकिन अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है, जो चिंता का सबब है। इसीलिये सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव के साथ लीगल नोटिस भेजा गया है। उमरिया के प्रकरण के अलावा जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हुई। इसीलिए अधिवक्ता प्रभात यादव के जरिए लीगल नोटिस भिजवाया गया है। बरगी में हुए हाथी की मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया था कि मध्यप्रदेश एलीफेंट बियरिंग स्टेट नहीं है, अत॰ प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाइन बनाना चाहिये। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मानिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्यवाही करने को कहा था। लेकिन न तो अभी तक जांच पूरी हुईए न ही अधिकारियों पर कार्यवाही हुई। बाहर के राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों के जीवन सुरक्षा हेतु गाइडलाइन भी अभी तक नहीं बनी हैए जबकि आदेश को जारी करने हुए चार वर्ष बीत चुके हैं। जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई।

## अग्रिम जमानत निरस्त करने पर भी आईजी ने विवेचना पूरी होने तक गिरफ्तारी नहीं करने के निर्देश

### हाईकोर्ट ने किया तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा अग्रिम जमानत आवेदन निरस्त किये जाने के बावजूद भी जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक ने विवेचना पूरी नहीं होने तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के संबंध में पत्र लिखा था। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि आईजी जबलपुर अग्रिम जमानत के अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण कर रहे है,जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने विचार किया जा चूका है। एकलपीठ ने आईजी के इन कृत्य को अवमानना पूर्ण मानते हुए व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। कटनी निवासी हरनीत सिंह लांबा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वह यूरो प्रतीक इस्पात (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे। उनका फर्जी इस्तीफा बनाकर डायरेक्टर पद से हटा दिया गया था। इस संबंध में उन्होने कटनी के माधवनगर थाने में अनावेदकों के एफआईआर दर्ज करवाई थी। अनावेदकों की अग्रिम जमानत याचिका जिला न्यायालय,हाईकोर्ट व सर्वोच्च न्यायालय से खारिज हो गयी थी। अनावेदकों के द्वारा यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की असाधारण आम बैठक आयोजित 24 अप्रैल को किया जा रहा है। असाधारण आम बैठक बुलाई जाती है तो याचिकाकर्ता को बाहर कर दिया जाएगा। आरोपी व्यक्तियों के द्वारा कंपनी की पूरी पूंजी को बदलने की कोशिश कर रहे है।

याचिका में कहा गया था कि जबलपुर जोन के आईजी द्वारा 9 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र के अनुसरण में ऐसा किया जा रहा है। पत्र में कहा गया था कि मामले की आगे की जांच के लिए कुछ दस्तावेज भेजे जा रहे हैं, इसलिए जांच पूरी होने तक आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि आईजी द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि उक्त दोन प्रकरण को तत्काल प्रभाव से संबंधित थाना से लेकर उक्त थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक कटनी को विवेचना हेतु इस निर्देश के साथ दी जाती है कि उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से समीक्षा में आये बिन्दुओं का पालन करना सुनिश्चित रूप करते हुए अग्रिम विवेचना करें। साथ ही पुलिस अधीक्षक (क्यडी) की रिपोर्ट विशेष प्रयास कर शीघ्र प्रतिवेदन प्राप्त करें। तदुपरांत ही आरोपियों को गिरफ्तार व अन्य कार्यवाही करें। सरकार की तरफ से इस संबंध में जवाब पेश नहीं किया गया है। एकलपीठ ने पत्र की भाषा को अग्रिम जमानत के अधिकार पर अतिक्रमण मानते हुए उक्त आदेष जारी किये। एकलपीठ ने कहा है कि पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन द्वारा कोई लिखित प्रस्तुतियां अथवा निर्देश नहीं दिए गए हैं। वह न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने आचरण को स्पष्ट करें। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पैरवी की।

# रायल डेव्लपर्स प्रोपराइटर व कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का अपराध

## परिवार की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दिये आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी फरहान एम कुरैशी की अदालत ने रॉयल डेवलपर के प्रोपराइटर अरुण श्रीवास्तव सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के आदेष जारी किये है।

न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए पाया कि अनावेदकों ने फर्म में निवेश पर अधिक लाभ देने का झांसा देते हुए आवेदन के साथ 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। विजय नगर जबलपुर निवासी सीमा श्रीवास की तरफ से दायर परिवाद में कहा गया था कि बिल्डर अरुण श्रीवास्तव व अन्य व्यक्तियों द्वारा परिवार से निवेश के नाम पर अपनी फर्म में अधिक मुनाफे का झांसा दिया था। पूर्व नियोजित ढंग से छल कारित कर उन्होंने आवेदन से 15 लाख का निवेश करवाया था। इसके बाद कुछ समय तक ब्याज के पैसा देने के बाद बहाने बनाकर आरोपियों द्वारा निवेश की रकम में एवज में बंजर भूमि में स्थित प्लाट की रजिस्ट्री करवाने दबाव बनाया जाने लगा। इस संबंध में पुलिस में शिकायत की गयी थी। षिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त परिवाद दायर किया गया है। अदालत ने प्रथमदृष्ट्या फर्म के प्रोपराइटर तथा कर्मचारी राम लाल कोरी, याशिका साहू, अंकुर परिहार व सुनीता के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज करने के आदेष जारी किये है।

# लग्जरी वाहनों में ढुल रहीं अवैध शराब पकड़ायी

## गोरखपुर व माढ़ोताल पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर पुलिस ने जहां एक स्विफ्ट डिजायर कार में लायी जा रहीं पंद्रह सौ पाव देशी शराब बरामद कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है तो वहीं माढ़ोताल पुलिस ने एक बुलेरों वाहन से दो सौ पाव देशी शराब के साथ दो आरोपियों को दबोचा है। उक्त शराब करीब एक लाख 65 हजार रुपये कीमत की है। पुलिस ने शराब व वाहन जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेडपी-6824 में अवैध शराब तिलवारा नयागांव होते हुए सिद्धनाथ पहाड़ी की ओर जा रहीं है। जिस पर पुलिस ने रामपुर सिद्धनाथ पहाड़ी के पास घेराबंदी कर उक्त डिजायर कार को रोका। जिसमें से पुलिस ने पवन चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर तथा कार चालक की बाजू वाली सीट में बैठे विशाल यादव उम्र 26 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला गली नम्बर 3 ग्वारीघाट को हिरासत में लिया। पुलिस ने कार से तीस कार्टून बरामद किये, जिनमें पंद्रह सौ पाव देशी शराब कीमती एक लाख पचास हजार रुपये की रखी हुई थी। पुलिस ने शराब व कार जप्त की। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने गुरुवार सुबह पाटन रोड पावर ग्रिड के पास दबिश दी। जहां से पुलिस ने बुलेरों वाहन क्रमांक एमपी 20-जेडबी-9900 को रोका। जिसमें से पुलिस ने दो सौ पाव देशी शराब जप्त करते हुए आरोपी शमशाद खान उम्र 33 वर्ष निवासी बस स्टेण्ड के पास कटंगी तथा मुन्ना प्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी ज्याव स्कूल के पीछे विजयनगर को हिरासत में लिया। पुलिस ने शराब व दोनों लग्जरी वाहन जप्त करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।



# लग्जरी कारों में युवक ने की तोड़फोड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत पांडे चौक के पास सड़क के दोनों ओर खड़ीआधा दर्जन लग्जरी कारों में क्षेत्र के रहने वाले युवक ने तोड़फोड़ कर दी। जानकारी के मुताबिक सेवानृत्ति सीएसपी हरिओम शर्मा अपनी कार से निवाड़गंज सब्जी मंडी आए थे। जहां उन्होंने अपनी कार को पांडे चौक पर पार्क किया और काम में व्यस्त हो गए। इसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला एक युवक हाथ में लोहे की रॉड लेकर आया और उसने रोड किनारे खड़ी कारों के कांच तोड़ने शुरु कर दिया।

इससे पहले कि कार मालिक और क्षेत्र के अन्य लोग उसे पकड़ पाते, वह रिटायर्ड सीएसपी सहित आधा दर्जन कारों के कांच तोड़ चुका था। कुछ लोगों ने हिम्मत करके उसे पकड़ा उसके हाथ से रॉड छीनकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

# आबादी की रजिस्ट्री बंद होने के बाद भी मिलीभगत का खेल

## फर्जीवाड़ा आम आदमी को मनाही और बड़े सर्विस प्रोवाइडर धड़ल्ले से करा रहे रजिस्ट्री

**पनागर, देशबन्धु।** आबादी की रजिस्ट्री पर रोक शासन के द्वारा ही लगाई गई थी और उसका कारण प्रणाली में बदलाव करना था, लेकिन विगद दिनों पनागर में 25 मार्च से 30 मार्च में बड़ा खेल निकल कर सामने आया है, जिसमें नामी ग्रामी सर्विष प्रोवाइडर की सेटिंग से मुख्य आवादी वाले क्षेत्र में रजिस्ट्रियां हो गई है। अधुआँ स्थित क्रमांक 2 में हो गई है। मामला यह है पनागर नगर का आधे से ज्यादा भाग आबादी में और जिसका रिकार्ड नगर पालिका में होता है, उसी के आधार पर पहले रजिस्ट्रियां होती थी, लेकिन वर्ष 23- 24 में शासन द्वारा इसमें रोक लगाई गई थी जो अभी भी है एक तरफ आमजनों को शासन के आदेश के नाम पर भटकाया जाता है और दूसरी ओर पुंजिपतियों के काम रजिस्टार ओर सर्विस प्रोवाइडर की सेटिंग से अंजाम दिए जा रहे है। पनागर के विद्यासागर वार्ड जयप्रकाश वार्ड सहित अनेक रजिस्ट्रियां 25 मार्च से 30 मार्च के बीच हुई है जो जांच का विषय है। जब इस विषय मे रजिस्ट्री कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी से बात हुई थी उन्होंने मामले जो जांच का विषय बताया है।




लक्ष्मण उइके उप पंजीयक बताया है पनागर का मामला संज्ञान में आया है लेकिन आवादी की रजिस्ट्रियां अभी शासन द्वारा रोकी गई है उसमे शासकीय विभागों की अनापत्ति के आधार पर विचार किया जा सकता है हाल में हुई रजिस्ट्रियां अगर मान्यताओं और अनापत्ति के आधार से नही हुई तो वो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि आवादी की रजिस्ट्रियां पूणतः अभी बंद है ! हाल ही में कई फर्जीवाड़े निकल कर सामने आ रहे जिससे आवादी नामांतरण प्रकाणों को रोका गया है।

# दो लाख चालीस हजार की लागत से बनेगा चपौध गांव का मुक्तिधाम

### मुक्तिधाम निर्माण की बाधाएं दूर होने पर दलित बस्ती में दौड़ी खुशी की लहर

**पाटन, देशबन्धु।** लंबे वाद विवाद के बाद आखिरकार चपौध गांव के दलितों की आवाज सरकार ने सुन ही ली। वर्षो से गांव में मुक्तिधाम बने इसके लिए दलितों ने गांव के दबंगों की नाराजगी झेली। वही एक बार तो विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष तक हो गया और मामला थाने तक पहुंचा इसके बावजूद दलित समाज ने हिम्मत नहीं हारी और शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात जिम्मेदारों तक समय समय पर पहुंचते रहे। दिनांक 17 दिसंबर 2024 एवं 18 अप्रैल 2025 को शासकीय भूमि पर कब्जा एवं मुक्तिधाम की खबर देशबन्धु समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर दिनांक 15 अप्रैल 2025 को पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह राजपूत ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द चपौध गांव में बनने वाले मुक्तिधाम की कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर शांतिधाम के निर्माण कार्य शुरू कराए। जनपद सीईओ से मिली




जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत पौड़ी (उड़ना) के ग्राम चपौद में ग्राम सभा द्वारा खसरा नंबर 100 रकवा 0.20 हे0 में शांतिधाम चबूतरा निर्माण हेतु ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ था। उक्त संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28.03.2025 को उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें ग्रामवासियों के द्वारा मुक्तिधाम निर्माण की मांग हो रही है। जिस पर खसरा नंबर 100 रकवा 0.20 भूमि पर दो लाख चालीस हजार रुपए की लागत से शांतिधाम चबूतरा निर्माण किया जाएगा।

## सार-समाचार

### विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में पाटन विद्यालय ने परचम लहराया




**पाटन, देशबन्धु।** सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओमकार नामदेव सरस्वती विद्या मंदिर पाटन के भैया जालम सिंह ने भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम,गोला फेक में प्रथम, चक्का फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही भैया नेक नारायण सिंह ने ऊंचीकूद में प्रथम, 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके अलावा बहन सिद्धेश्वरी प्रजापति ने भाला फेंक में प्रथम,गोला फेक में प्रथम, 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्रति किया। बहन साक्षी चौबे ने भाला फेंक में प्रथम,गोला पैक में द्वितीय,हमर फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भैया ऋषभ पटेल ऊंची कूद में द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में द्वितीय, बाधा दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया,बहन बबीता लोधी ने लंबी कूद में द्वितीय,ऊंची कूद में द्वितीय,110 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बहन दीक्षा ठाकुर ने लंबी कूद में द्वितीय, 110 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय और गोला फेक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भैया नेक नारायण सिंह,भैया जालम सिंह,बहिन सिद्धेश्वरी प्रजापति और बहन साक्षी चौबे ने सितंबर माह में सागर में आयोजित प्रांत स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना स्थान सुरक्षित किया। सभी विजेता भैया बहनों को विद्यालय समिति,प्राचार्य,प्रधानाचार्य, आचार्य परिवार एवं कोच अंकित दुबे द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### सेन महाराज की जयंती पर वाहन रैली व भंडारा आज

**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय सेन समाज पनागर के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वी जयंती पर नगर में धूमधाम से विविध आयोजन किया जा रहे हैं। प्रातः 8 बजे से पूजन एवं हवन प्रातः 9.30 बजे बलिया तालाब से एक वाहन रैली जो नगर भ्रमण करेगी। दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। सर्व सेन समाज पनागर के अध्यक्ष नरेंद्र सेन, शिक्षक चौखेलाल सेन, कल्लू भैया, नंदू सेन, मुन्ना सेन, विनोद सेन, रंजीत सेन, दिलीप सेन, हरि सेन, मदन सेन, शंकर सेन, डॉ. केसी सेन, दीपक सेन ने समस्त धर्मप्रेमीजनों जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यस्थल बलेहां तालाब शिव मंदिर में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव की सफलता को लेकर श्री शांति विधान



**पनागर, देशबन्धु।** अतिशय क्षेत्र पनागर में श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव 15 में से 21 में तक होने जा रहे आयोजन की सफलता को लेकर आचार्य गुरुवर 108 समय सागर महाराज एवं निर्यापक मुनि नगर गौरव 108 संभव सागर महाराज जी के आशीर्वाद से बाल ब्रह्मचारी विनय भैया के निर्देशन में आज बड़े जैन मंदिर श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जिनालय में शांति विधान का आयोजन किया गया। सकल जैन समाज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री जैन प्रबंध प्रबंधकारिणी सभा एवं गजरथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश कटंगा, संतोष चौधरी, कल्लू भैया, राहुल बड़कुल सहित सभी पदाधिकारी वरिष्ठ जन महिला मंडल युवा वर्ग बालक बालिका भी उपस्थित थे। भगवान की अभिषेक शांतिधारा एवं विधान की पश्चात हवन का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया।

# पहलगाम की घटना पर जताया शोक, पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाई, उनकी हत्या की, उससे यही पता चलता है कि वह केवल डर नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने व्यक्त करते हुए आतंकियों के द्वारा की गई कार्यवाही की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने ऐसे समय पर्यटकों को निशाना बनाया जब अमेरिकी उप राष्ट्रपति भारत में हैं और भारत के प्रधानमंत्री सऊदी अरब थे।

दलबीर सिंह जस्सल ने कहा कि कश्मीर में आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया जो कश्मीरी की रोजी-रोटी का सहारा देने कश्मीर गए थे। राजेंद्र जैन बन्धु ने कहा कि आतंकवादियों ने केवल पर्यटकों की ही जान नहीं ली, बल्कि कश्मीरियों के पेट पर ही लात मारने का काम किया है। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार मंद पड़ गया है।

अतुल जोसेफ ने कहा कि इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा। आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है जिसका जवाब देना अनिवार्य है। संजय वर्मा ने कहा कि



पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इस बात को प्रकट करती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री मोदी ने यह संकल्प जताया कि हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नेकराम पटेल ने कहा कि आतंकियों को सबक सिखाने का यह संकल्प तभी पूरा होगा, जब आतंकियों को उत्साह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाएगा। आतंक से लड़ने का संकल्प लेने के साथी उसे पूरा करने की ठोस रणनीति भी बनानी होगी। राजकुमार जैन मामा ने कहा कि आतंक से लड़ने का संकल्प तभी पूरा होगा जब आतंकियों और उन्हें पालने पोसने वालों की कमर तोड़ने के लिए हमें हर क्षण होसियार रहकर समझदारी से कुचलना होगा। डॉ. चंद्रेश जैन, अमित जैन, अनिल गुप्ता, जैन महेंद्र जैन, अभिमन्यु शर्मा, अब्दुल रहमान, मलिक सान, बजाज ठाकुर, अजय सिंह, कपिल जैन, नवीन चिल्लर, ऋषभ मोदी, नरेश साहू, मिथिलेश जैन, प्रशांत जैन, राहुल कुमार जैन, निलेश जैन, नीलू सचिन जैन, प्रशांत जैन, सनी प्राणेश जैन, अजीत जैन, पप्पू अरविंद पांडा, सौरभ विश्वकर्मा, शाहिद भाईजान आदि ने कहा कि आतंकवादी घटनाओं की किसी भी सूरते में अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही घटना में मृत लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया।

### निःशुक स्वान रैबीज टीकाकरण शिविर

**पनागर, देशबन्धु।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. एस. एक वग्गा वरिष्ट पशु चिकित्सक के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सालय पनागर में सुबह 9 से एक बजे दिन पशु चिकित्सा स्वास्थी परीक्षण एवं रेखीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर समस्त स्वान पशु पालकों से पनागर पशु चिकित्सा परिवार ने निःशुल्क पशु परीक्षण एवं रेबीज टीकाकरण शिविर में उपस्थित होकर अपने पशु का स्वास्थ परीक्षण एवं रेखीज बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण कराने हेतु अपील की है।

# गर्मी में भी शिक्षकों का प्रयास, बच्चों को स्कूल भेजने के लिए घर-घर संपर्क

**सिहोरा, देशबन्धु।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए, सिहोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, बीएसी अश्वनी उपाध्याय, राकेश मिश्रा द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने शिक्षकों गृह संपर्क करने कहा गया है। इसी तारतम्य में जनशिक्षा केंद्र खितौला बाजार के अंतर्गत प्राचार्य जे एल खांडे,जनशिक्षक श्यामराव मांडेलकर के दिशा निर्देशन में वार्ड नंबर 13, वार्ड नंबर 14 लखराम, वार्ड 15 खितौला बाजार, वार्ड 16, 17 में शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया नाका और माध्यमिक शाला खितौला बस्ती के शिक्षकों द्वारा गर्मी में भी सक्रिय रूप से बसाहटों में गृह संपर्क कर रहे हैं। शिक्षक अभिभावकों से मिलकर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए।

हालांकि, शिक्षकों के इस प्रयास में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश अभिभावक



भीषण गर्मी का हवाला देते हुए बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थता जता रहे हैं। कुछ माता-पिता ने बताया कि वे स्वयं मजदूरी या अन्य कार्यों पर जाते हैं, जिसके कारण बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। वहीं, कई बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने नाना-नानी के घर गए हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और नियमित स्कूल आने के फायदों के बारे में समझा रहे हैं। वहीं अभिभावकों ने कहा हैं कि स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए शिक्षकों का यह समर्पण सराहनीय है, जो भीषण गर्मी के दौरान भी बच्चों की शिक्षा के प्रति चिंतित हैं और उन्हें विद्यालय से जोड़े रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अब देखना यह है कि शिक्षकों के इस प्रयास का अभिभावकों पर असर हुआ है कि शालाओं में कुछ बच्चे नियमित रूप से स्कूल पहुंचते हैं।

गृह संपर्क में सक्रिय शिक्षकों में योगेन्द्र कुमार मिश्रा, तहमीना बानो अंसारी, जय प्रकाश तिवारी,मंजू दुबे, सरोज पटेल, अतिथि शिक्षक योगेश्वरी श्रीवास्तव, बलराम बर्मन, लीलावती उरमलिया, माया विश्वकर्मा, धनवंती जैसवानी, माया विश्वकर्मा,सरोज गौतम, विष्णु पटेल, ममता पाण्डे, विजय लक्ष्मी सोनी, रेखा देवी गर्ग, प्राथमिक शाला डाबू में निर्मल सोनी, सुशीला कोरी सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

# किसानों की विद्युत आपूर्ति को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नगर और क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व कृषकों की विद्युत समस्या को लेकर गुरुवार को पदशन किया गया। बिजली आफिस पहुंचे कांग्रेसी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बिजली विभाग को बढ़े हुए वोल्टेज, जले ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर और मोटर पॅप के हार्स पावर बढ़ाकर बिजली बिल वसूली को लेकर जेई को ज्ञापन सौंपा।



इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन, परमलाल अहवासी, रामबाबू सिंह, महेंद्र पाल सिंह, हरि पटेल, घनश्याम सिंह, राजेन्द्र बंधु, चमन राय, राजू सेठ, यशराज सिंह, शाहिद भाईजान, मोनू जायसवाल, जानी गुमास्ता, सोनू दुबे, विवेक सिंघाई, बिंदु श्रीपाल, धर्मेंद्र पटेल अर्जुन बर्मन, पणजी श्रीपाल दुर्जन पटेल, विनोद नायक, ऋषि पचौरी, नेतराम पटेल, लखन पटेल, उमाशंकर विश्वकर्मा, सुखलाल बर्मन, रितेश नामदेव आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### पहलगाम में हिंदुओं पर हुए हमले के विरोध में नगर में निकले कैंडल मार्च



**बरेला, देशबन्धु।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में नगर में आज कैंडल मार्च निकाला गया यह मोन जुलूस नगर स्थित मान कुमारी हंसा स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा संपूर्ण नगर में निकाला गया और मृत आत्माओं की शांति हेतु श्रद्धांजलि दी गई।

# सुरैया आईटीआई सड़क निर्माण में ठेकेदार कर गुणवत्ता की अनदेखी

**पाटन, देशबन्धु।** सुरैया से पाटन बाजार तक डेढ़ किलोमीटर सड़क निर्माण ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। इस सड़क निर्माण का ठेका वैष्णव एसोसिएट प्रोपराइटर धर्मेंद्र प्रताप सिंह जबलपुर के पास है। इस सड़क की लागत लगभग एक करोड़ तीस लाख बताई जा रही है। नगर के जनप्रतिनिधि बताते है कि इस सड़क के बनने से सुरैया, सिमरिया, बढ़ियाखेड़ा, पड़रिया,आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। वही दिनांक दो दिसंबर 2024 को देशबन्धु समाचार पत्र ने श्री हनुमान वेयर हाउस एवं शिव कृपा वेयर हाउस सुरैया धान खरीदी केंद्र पर किसानों को ऊबड़-खाबड़ रास्ते से केंद्र तक पहुंचने वाली खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसका असर आज देखने को मिल रहा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुका है भले ही इस सड़क के बनने से सबसे ज्यादा फायदा वेयर हाउस मालिक का होने वाला है क्योंकि सड़क बनाने से वेयर की डिमांड और बढ़ जाएगी साथ ही आमजनों को भी इस सड़क का लाभ होगा इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय लोग बता रहे है कि ठेकेदार के द्वारा 27 मील की मुरूम सड़क पर डाली जा रही है हम लोग इसका इस्तेमाल ईट की जुड़ाई करने में करते हैं,इस मुरूम की फिलिंग निर्माणाधीन सड़क पर करने से तीन चार माह में ही सड़क के परखच्चे उड़ जाएंगे। ग्रामीण बताते है कि इस सड़क पर दो वेयर हाउस बने हैं जहां पर 40 से 50 टन के ट्रकों का आवागमन होता रहता है इसलिए सड़क की मजबूती के लिए



इसके निचले बेस से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। यहां पर बोल्डर मिक्स हार्ड मुरूम से फिलिंग कर कंप्रेसर वाले रोड रोलर से ही सड़क को रोल किया जाना चाहिए जिससे सड़क ओवर लोड ट्रकों के वजन से धंसे नहीं। वही सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप ठेकेदार पर लग रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार तय मानक के तहत सड़क का निर्माण नहीं कर रहा है। ज्यादा मुनाफे के चक्कर में ईट जुड़ाई वाली 27 मील से आने वाली चोरी की मुरूम का उपयोग कर रहा है। जिससे सड़क समय से पहले उखड़ने लगेगी। घटिया निर्माण को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। उच्च अधिकारियों के द्वारा सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले मैटेरियल की एक बार भी जांच नहीं की गई। जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सड़क का निर्माण करने पर आमादा है।

### इनका कहना

जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की अनुभिभागीय अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही 27 मील की मुरूम को में चैक करवाती हूं।

**अर्पणा त्रिपाठी,** अनुभिभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग पाटन

## मिसाइल टेस्ट कर रहा है पाकिस्तान, भारत में अलर्ट पर एजेंसियां

भारत की तरफ से कड़ी प्रतिक्रिया दिए जान के एक दिन बाद ही पाकिस्तान ने मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान किया है। खबर है कि इस परीक्षण पर भारतीय एजेंसियां बारीकी से नजर रख रही हैं। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब मंगलवार को ही जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। आशंका जताई जा रही हैं कि इस हमले में पाकिस्तानी आतंकवादी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के हवाले से लिखा है, पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए अधिसूचना जारी की है। सूत्रों ने यह भी कहा, 'बंधित भारतीय एजेंसियां सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रही हैं। सूत्रों के हवाले से बताया है कि भारत ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को तलब किया है। साथ ही सैन्य राजनयिकों के लिए औपचारिक पर्सोना नॉन ग्रेटा नोट सौंपा है। एसवीईएस योजना के तहत वीजा हासिल करने वालों को भी भारत ने बड़ा झटका दिया है।

# शांति वार्ता के बीच फिर कीव में बरसा रूस का कहर, ड्रोन हमले में 9 लोगों ने गंवाई जान



यूक्रेन की राजधानी कीव में रूस की तरफ से किए गए ड्रोन हमले में 9 लोगों के मारे जाने की खबर है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार मारे गए 9 लोगों में से 6 बच्चे थे। इस हमले में करीब 70 लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता के बीच और भी ज्यादा भड़कता हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस की तरफ से ड्रोन और बैलेस्टिक मिसाइल हमले किए गए। कीव प्रशासन के मुताबिक इन हमलों में मारे गए 9 लोगों में 6 बच्चे शामिल हैं। इसके साथ ही करीब 70 लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कीव प्रशासन ने इस हमले में ड्रोन्स के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइल के इस्तेमाल की भी आशंका जताई। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मिसाइल और ड्रोन हमलों की वजह से कई आवासीय क्षेत्रों में धमाके हुए, जिससे वहां पर आग लग गई। रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय समयानुसार रात करीब 1 बजे यूक्रेन की राजधानी में जोरदार धमाके हुए, कीव प्रशासन की ओर से सायरन बजाकर स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की चेतावनी दी गई।

प्रशासन के मुताबिक सुरक्षाकर्मी और बचाव दल रात भर धमाकों की वजह से नष्ट हो चुकी इमारतों के मलबों में से घायल लोगों को निकालने में लगे रहे। सुबह होने तक सुरक्षाबलों ने काफी लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया

**कहां तक पहुंची शांति वार्ता**

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अभी तक जेलेंस्की के युद्धविराम के प्रस्ताव पर कोई ठोस बात नहीं की है। इतना ही नहीं पिछले महीने भी अमेरिका की मध्यस्थता में की गई शांति वार्ता की पहल को भी रूस की तरफ से इनकार कर दिया गया था। इस सब से झुंझलाए ट्रंप प्रशासन ने भी साफ तौर पर कह दिया था कि अगर दोनों पक्ष शांति नहीं चाहते हैं तो अमेरिका यहां से मध्यस्थता नहीं करेगा। हालांकि इसके बाद पुतिन ने ईस्टर के मौके पर कुछ दिन के लिए युद्ध विराम की घोषणा कर दी थी। फिलहाल यूरोपीय देश और अमेरिका सहित सभी लोग युद्धविराम की बात पर लगे हुए हैं। हालांकि जेलेंस्की और ट्रंप के बीच में क्रीमिया को लेकर मामला फंसा हुआ है। ट्रंप का कहना है कि जेलेंस्की के साथ बात करना, रूस के साथ बात करने से ज्यादा मुश्किल है।

# भारत की सिंधु स्ट्राइक से पहले ही खस्ताहाल पाक, दाने-दाने को तरसेंगे करोड़ों पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की सख्त कूटनीतिक कार्रवाई सिंधु स्ट्राइक से पहले ही पाकिस्तान की हालत बेहद खराब है। विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान में लगभग 1 करोड़ लोग इस वित्त वर्ष में गंभीर खाद्य संकट की चपेट में आ सकते हैं। भारत सरकार पहले ही 1960 में पाकिस्तान संग सिंधु नदी समझौते को निलंबित कर चुकी है। भारत ने कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकियों का समर्थन करना बंद नहीं कर देता, यह कार्रवाई जारी रहेगी।

**खस्ताहाल पाकिस्तान-** पाकिस्तान में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले के अनुमान से कम है। सख्त आर्थिक नीतियों के कारण उत्पादन पर दबाव पड़ा है। सरकार वित्तीय घाटे के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल कर्ज भार बढ़ेगा, जो त्नष्ठक्क के अनुपात में भी अधिक होगा।

**मजदूरी बढ़ी लेकिन कमाई जीरो**

दिहाड़ी मजदूरों की नाममात्र मजदूरी भले ही लगभग दोगुनी हुई हो, लेकिन वास्तविक आय स्थिर या घट गई है। मजदूर वर्ग, जैसे मिस्त्री, पेंटर, प्लंबर आदि, महंगाई की मार झेल रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पर खर्च महंगाई के अनुरूप नहीं बढ़ा। इससे गरीबों के लिए



भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी आवश्यक चीजें और मुश्किल हो गई हैं। वर्ष 2024 के हिसाब से प्रति वयस्क 8,231 मासिक आय को गरीबी रेखा माना गया है।

### कृषि संकट और दाने-दाने को तरसेंगे पाकिस्तानी

पाकिस्तानी चैनल ट्रिब्यून डॉट पीके के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन और खराब मौसम की वजह से धान और मक्का जैसी फसलों का उत्पादन घटा है। इसके चलते विशेषकर ग्रामीण इलाकों में खाद्य असुरक्षा का खतरा बढ़ा है। लगभग 19 लाख और लोग गरीबी रेखा से नीचे जा सकते हैं। रोज़गार दर मात्र 49.7 प्रतिशत है, जो बताता है कि युवाओं और महिलाओं की भागीदारी कम है। 62 प्रतिशतमहिलाएं और 37 प्रतिशत युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न ही रोज़गार में हैं और न ही किसी प्रशिक्षण में शामिल हैं।

## आज का इतिहास

1678- फ्रांसीसी सेना ने वाइप्रेस शहर पर कब्जा किया।
1809- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
1867- जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
1954- बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया।
1960- अफगानिस्तान के नरेश अमानुल्लाह खान का निधन।
1968- 20वीं सदी के महान शास्त्रीय गायक और 'तानसेन' के नाम से मशूहर बड़े गुलाम अली का निधन।
1975- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1981- जापान के सुरूगा में परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए।
1982- दिल्ली में टेलिविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरु हुआ।

## सुडोकू 6893

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# भारत के ऐक्शन से बौखलाया पाक

पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद इस बार पाकिस्तान के प्रति भारत के तेवर तीखे हैं। इस बार लहजा भी बिल्कुल साफ है कि अब भारत और बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत की तरफ से सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के एलान के बाद पाकिस्तान के होश उड़ चुके हैं। पाकिस्तान की से आ रही बौखलाहट भरी आवाजें बताती हैं कि कैसे भारत की तलाड़ ने उसके होश फाख्ता कर दिए हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का गुस्से से भरा बयान आया कि अगर भारत ने कोई गलती की तो पाकिस्तान जवाब देगा। लेकिन वो भूल जाते हैं कि 2019 में अभिनंदन की चाय अब भी गर्म याद की तरह भारत में मौजूद है। भारत अब चुप बैठने वाला नहीं, और ये बात पाकिस्तान को अच्छे से समझ लेनी चाहिए।

**विश्व बैंक हमारा निगेहबान: पाकिस्तान-** ख्वाजा आसिफ और विदेश मंत्री इशाक डार दोनों मिलकर अब ये राग अलाप रहे हैं कि भारत की हरकतें अवांछनीय हैं, और पाकिस्तान इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। लेकिन सच्चाई ये है कि भारत के इस कदम से पाकिस्तान की रीढ़ में सिहरन दौड़ गई है। अब ये लोग सिंधु जल संधि की दुहाई देकर विश्व बैंक के सामने गिड़गिड़ाने की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें उम्मीद है कि कोई तो उनकी बात सुनेगा।

**भारत ने पाक को दिया करारा झटका-** भारत ने केवल जल संधि ही नहीं रोकी, बल्कि अटारी-वाघा बॉर्डर पर आम नागरिकों की आवाजाही भी ठप कर दी है। अपने स्टाफ को वापस बुला लिए हैं और पाक उच्चायोग से भी सैन्य सलाहकारों को चलता कर दिया गया है। ये सब दर्शाता है कि अब भारत की कूटनीति नरम नहीं बल्कि बेहद कड़ी हो चुकी है।

# टकराया तो तबाह हो जाएगा पाकिस्तान

जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पहलगाम की वादियों में खून बहा तो पूरा देश सन्न रह गया। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा अंजाम दिए गए इस नरसंहार में 28 निर्दोष नागरिकों की जान गई। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी है। भारत ने केवल जल संधि ही नहीं रोकी, बल्कि अटारी-वाघा बॉर्डर पर आम नागरिकों की आवाजाही भी ठप कर दी है।

अपने स्टाफ को वापस बुला लिए हैं और पाक उच्चायोग से भी सैन्य सलाहकारों को चलता कर दिया गया है। ये सब दर्शाता है कि अब भारत की कूटनीति नरम नहीं बल्कि बेहद कड़ी हो चुकी है। वहीं पूर्व सैन्य अधिकारियों का बड़ा वर्ग सर्जिकल स्ट्राइक के बजाय सीधी कार्रवाई का पक्षधर है। उनका कहना है कि आतंकवाद की असली जड़ रावलपिंडी में बैठी पाकिस्तानी सेना है। जब तक उन्हें खत्म नहीं किया जाएगा, तब तक घाटी में खून की होली बंद नहीं होगी। ऐतिहासिक तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच चार बार युद्ध हो चुका है और हर बार पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली है। हालांकि, आधुनिक दौर में युद्ध का स्वरूप काफी बदल गया है। दोनों देशों के पास अब परमाणु हथियार हैं, लेकिन विशेषज्ञों की राय है कि भारत से टकराना पाकिस्तान के लिए अब भी असंभव के बराबर है।


**भारत के आगे पिद्दी है पाक सेना**

ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स के अनुसार भारत सैन्य ताकत में दुनिया में चौथे स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान बारहवें पायदान पर है। भारतीय थल सेना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी है, जिसके पास करीब 14.5 लाख सक्रिय और 11.5 लाख रिजर्व सैनिक हैं। वहीं पाकिस्तान के पास करीब 6.5 लाख सक्रिय और 5.5 लाख रिजर्व सैनिक हैं।

### टैंकों की दहाड़ से कांपेगा पाक

जहां तक हथियारों का सवाल है, भारत के पास टैंकों, बख्तरबंद वाहनों और तोपों की संख्या पाकिस्तान से कहीं अधिक है। भारत का 'पिनाका' रॉकेट लॉन्चर पाकिस्तान के 'फतह' सिस्टम से कहीं ज्यादा उन्नत है। मिसाइलों की बात करें तो भारत के पास ब्रह्मोस, अग्नि-5, प्रलय और पृथ्वी जैसे मिसाइल हैं, जिनमें कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। पाकिस्तान की शाहीन, गजनवी और बाबर मिसाइलें क्षमता में भारत से कमजोर हैं। नौसेना में भारत के पास दो विमानवाहक पोत और तीन परमाणु पनडुब्बियां हैं, जबकि पाकिस्तान के पास ऐसा कोई हथियार नहीं है। वायुसेना में भी भारत के पास 513 लड़ाकू विमान हैं, पाकिस्तान के 328 विमानों की तुलना में।

## वर्ग पहेली 6893



**बायें से दायें:-**

१. गुरु या आचार्य का वास स्थान जहां रहकर छात्र विद्याध्ययन करते हैं, प्राचीनकालीन विद्यापद्धति
३. दोष, ऐब, बुराई
५. विच्छेद
६. अंतिम सीमा
७. मन की हालत
८. अचानक, एकाएक (उर्दू)
१३. मेहनत
१५. कठिनाई, असुविधा(उर्दू)
१६. अंधकार में विचरण करने वाला
१७. जिनकी मृत्यु हो चुकी हो
१८. पैर, पद
२०. हुक्म की तामील करने वाला
२२. मुंह तक या पूरी तरह भरा हुआ (उर्दू)
२३. एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें हिंदू मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देते हैं

**ऊपर से नीचे:-**

१. जासूस, भेदिया
२. बुरा वक्त, बुरा समय
३. जड़मति, मूर्ख, नासमझ
४. फूलों का गुच्छा
५. देर, देरी
९. प्रलय (उर्दू)
१०. पहचान का
११. प्रथम, मूल, प्रधान, आरंभ
१२. बांटना
१४. कोई खास कार्य न करने या नियत तिथि पर उपस्थित होने का प्रतिज्ञा पत्र जिसका उल्लंघन करने पर प्रतिज्ञाकर्ता अर्थदंड स्वीकार करता है (उर्दू)
१७. कमल
१९. सूर्य से उत्पन्न, कर्ण
२०. पानी, जल (उर्दू)
२१. तरीका, प्रणाली

### वर्ग पहेली-6892

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | द्धि | २ म | ता | ■ | ■ | ३ त | र | ४ स | ना |
| रा | ■ | नो | ■ | ५ कि | ता | ब | ■ | र | ■ |
| ६ भ | वा | नी | ■ | र | ■ | ७ दी | प | का | ल |
| ला | ■ | ८ त | ९ र | ण | ता | ल | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वे | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ द |
| १३ अ | स | हा | य | ■ | १४ ट | ■ | १५ ति | मि | र |
| ■ | ब | ■ | १६ त | र | क | श | ■ | ■ | खा |
| १७ आ | ब | रू | ■ | ■ | सा | ■ | १८ स | १९ म | स्त |
| प | ■ | ■ | २० हि | मा | ल | २१ य | ■ | र्या | ■ |
| २२ स | म्मि | लि | त | ■ | ■ | २३ था | ने | दा | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# इस्तांबुल में भूकंप, 151 लोग घायल

**इस्तांबुल, (आईएएनएस)।** इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि बुधवार को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप के दौरान घबराहट और बिल्डिंग से कूदने की घटनाओं के कारण 151 लोग घायल हो गए। कार्यालय ने बताया कि घायल व्यक्तियों का फिलहाल अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे तक किसी के मरने की खबर नहीं है। गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की है कि फतिह जिले में एक इमारत को छोड़कर, पूरे शहर में कोई भी आवासीय इमारत नहीं गिरी है। कार्यालय के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति, प्राकृतिक गैस वितरण, या पेयजल एवं सीवेज अवसंरचना में कोई व्यवधान नहीं आया है, जिससे दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़े। भूकंप के बीच पार्कों, स्कूल के मैदानों और अन्य खुले क्षेत्रों में लोग जमा हो गए। कुछ लोगों ने पार्कों में टेंट लगा लिए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगान ने राष्ट्रीय संप्रभुता एवं बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, भगवान का शुक्र है कि फिलहाल कोई समस्या नहीं है। ईश्वर हमारे देश और हमारे लोगों को सभी प्रकार की विपत्तियों, आपदाओं, दुर्घटनाओं और परेशानियों से बचाए।

# राजस्थान में सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट पर पुलिस, कड़ी निगेहबानी के निर्देश

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे राज्य, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे जिलों में उच्च स्तर की सतर्कता और निगरानी बनाए रखने के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को बुधवार को निर्देश दिए। संभागीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठककर शर्मा ने राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

सीएम भजनलाल शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते प्रदेश के जिलों में विशेष सजगता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों के साथ निरंतर तालमेल बनाते हुए काम करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि छोटी से छोटी घटना और सूचना को गंभीरता से लिया जाए तथा तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। इस संबंध में कानून-व्यवस्था को लेकर गृह विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों की कड़ाई से पालन सुनिश्चित की जाए।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रेंज प्रभारी, जिला प्रशासन एवं पुलिस से नियमित संपर्क में रहें तथा अपने प्रभार वाले क्षेत्र का दौरा भी करें।

सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस जाप्ता नियोजित करते हुए विशेष निगरानी की जाए ताकि पर्यटकों एवं आमजन के मन में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए कि होटल, धर्मशाला जैसे स्थानों की लगातार जांच की जाए ताकि संदिग्ध



गतिविधियों वाले व्यक्तियों को समय रहते चिह्नित किया जा सके। इसके साथ ही शर्मा ने सोशल मीडिया पर गहन निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि भ्रामक एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों और अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती बरतते हुए भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करें।

**कुर्बानी** *पहलगाम हमले का हीरो है सैयद हुसैन शाह*

# टूरिस्टों को बचाने की खातिर आतंकियों से भिड़ा और जान गंवा दी

**जम्मू, (देशबन्धु)। पहलगाम के बैसरन में हुए नरसंहार में जब आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर उनको मारना शुरू किया तो पहलगाम के एशमुकाम के रहने वाले सैयद हुसैन शाह ने टूरिस्टों को बचाने की खातिर अपनी जान इसलिए गंवा दी क्योंकि वह आतंकियों से भिड़ गया था और वह मारा गया। शाह आतंकियों के हमले को सहन नहीं कर पाया। करता भी कैसे, वह तो कश्मीरियत और कश्मीर की मेहमाननवाजी की परंपरा की घुट्टी पीकर पला-बढ़ा था।**

वह देश-विदेश से पहलगाम आने वाले सैलानियों को अपने घोड़े पर सैर कराता और रोजी रोटी कमाता था। सैयद हुसैन शाह पहलगाम से पास स्थित एशमुकाम का रहने वाला है। वह सैलानियों को लेकर बैसरन गया हुआ था। यह सच है कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इनमें से ज्यादातर सभी पर्यटक थे।

मारे गए 28 निर्दोष लोगों में से एक युवक सैयद हुसैन शाह भी था जो अपना घर छोड़कर बैसरन घाटी टट्टू चलाने, लोगों को घुमाने और परिवार पालने के लिए कुछ पैसे कमाने आया था। आतंकियों ने कायराना हरकत दिखाते हुए गोली मारकर उसकी भी हत्या कर दी क्योंकि उसने टूरिस्टों को बचाने की कोशिश की थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब आतंकियों ने हमला किया तो वह वहीं पर मौजूद था। उसने आतंकियों को रोकते हुए कहा कि वह ऐसा न करें, यह मासूम हैं। यह कश्मीरियों के मेहमान हैं, इसमे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इनका मजहब क्या है, लेकिन आतंकियों ने उसे धक्का दिया। हुसैन शाह के घरवालों ने बताया कि घर में और कोई नहीं है, हुसैन ही सबसे बड़ा था जो कमाता था। बाकी सब छोटे हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि वह सरकार से क्या चाहते हैं तो उन्होंने



**■ सैलानियों को अपने घोड़े पर सैर कराता था**

कहा कि जिसकी जान थी, वह चली गई। अब सरकार से क्या मांग सकते हैं। हुसैन बेगुनाह थां बेगुनाह इंसान को मार दिया गया।

यही अपील है कि हमें इंसाफ चाहिए, जिसने ऐसा किया उसका अंजाम मिलना चाहिए। अनंतनाग में सैयद हुसैन शाह के परिवार के सदस्य सैयद हैदर शाह ने पत्रकारों को जानकारी दी कि उनका बेटा हुसैन शाह कल (मंगलवार, 22 अप्रैल) पहलगाम मजदूरी करने, घोड़ा चलाने के लिए गया था। दोपहर 3.00 बजे उन्होंने सुना कि वहां हमला हो गया है। इसके बाद घर वाले और गांव वाले लगातार हुसैन शाह को फोन करते रहे, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। बाद में शाम को 4.00-4.30 बजे के करीब उसका फोन आन हुआ। फिर घरवाले लगातार उसे फोन मिलाते रहे, लेकिन किसी ने उठाया नहीं। इसके बाद हुसैन शाह के परिजन थाने गए और वहां रिपोर्ट रखी। जब थाने से घर आए तो पता चला कि हुसैन शाह को गोली लग गई है। उनके घर और गांव से कुछ लोग पहलगाम की ओर भागे। वहां जाकर देखा तो हुसैन शाह अस्पताल में भर्ती था। वहीं, घर में हुसैन की मां अभी भी अपने बेटे के आने का इंतजार कर रही हैं उसके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# खेल जगत

## डिजिलॉकर से खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी राहत: मीरा बाई चानू

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मीरा बाई चानू ने गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में डिजिलॉकर सुविधा की सराहना की और इसे खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिलॉकर एक ऐसी सुविधा है जिससे खिलाड़ियों को अपने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने और समय पर अपडेट करने में आसानी होगी। मीरा बाई ने कहा कि इससे खिलाड़ियों को बार-बार प्रशासनिक कार्यों के लिए दौड़ने की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने प्रशिक्षण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। चानू ने कहा कि यह सुविधा खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाएगी और स्पोर्ट्स फेडरेशनों के साथ उनके संवाद को भी सरल और पारदर्शी बनाएगी। इससे आम लोगों को बहुत फायदा होगा। हम खिलाड़ी भी दस्तावेजों की चिंता छोड़कर अपनी ट्रेनिंग पर फोकस कर पाएंगे।



# चेन्नई व हैदराबाद का जीत की राह पर लौटने के लिए होगा आमना-सामना



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अपना -अपना पिछला मैच मुंबई इंडियंस से हारने वाली दो फिसड्डी टीमें पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) और पिछली उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच)आईपीएल 2025 में जीत की राह पर वापस लौटने के लिए चेन्नै के चिदाम्बरम स्टेडियम में शुक्रवार को आमने- सामने होंगी। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के चलते बाहर होने से फिर से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी को अब मान लेना चाहिए कि वह बतौर बल्लेबाज वह अपना करिश्मा गंवा चुके हैं। 43 बरस के धोनी बतौर बल्लेबाज खुद अपनी छाया ही नजर आ रहे हैं। ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है और उन्होंने अपने घरेलू मैदान मुंबई में अपनी टीम की मुंबई इंडियंस से नौ विकेट से करारी हार के बावजूद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतकों के साथ मात्र 15 गेंदों पर दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 32 रन की आकर्षक पारी खेली और इससे उनके राज्य मुंबई के साथी 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव ने उनकी पीठ थपथपाई थी। चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं और वह अपने घर मे जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी।

चेन्नै के लिए न्यूजीलैंड के नौजवान सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवॉन कॉनवे ने अच्छे आगाज को जारी नहीं रख पाए। मौजूदा आईपीएल के अपना आधा सफर पूरा करने के बाद पिच पर बराबर मैचों से पिचों के टूटने से अब चेन्नै सुपर किंग्स का अपने घर चेन्नै में स्पिन टू विन का मंत्र कारगर हो सकता है। चेन्नै के पास अपनी चेन्नै की स्पिन होती पिच पर बाए हाथ के कलाई के स्पनिर नूर अहमद(8 मैच, 12 विकेट),रवींद्र जडेजा ( 8 मैच, 5 विकेट), ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन( 7 मैच ,5 विकेट) के रूप में मजबूत स्पिन त्रिमूर्ति है। साथ ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील मैच (8 मैच, 11 विकेट), मतीशा पथिराना ( छह मैचों में सात विकेट) के रूप में शुरू और खासतौर पर डेथ ओवर में गेदबाजी करने में माहिर गेंदबाज हैं। चेन्नै के नूर, जडेजा और अश्विन की स्पिन त्रिमूर्ति सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविज हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के रूप में उसके विस्फोटक बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति पर लगाम लगा उसे तेज आगाज करन से रोक उसका पूरा गणित बिगाड़ सकती है।

चेन्नै सुपर किंग्स के लिए शिवम दुबे ने एक अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 230 रन, रचिन रवींद्र ने एक अर्द्धशतक सहित 191 रन, रवींद्र जडेजा ने एक अर्द्धशतक सहित 145 रन, विजय शंकर ने एक अर्द्धशतक सहित 118 रन, धोनी ने आठ मैचों में 131 रन, डेवॉन कॉनवे ने एक अर्द्धशतक सहित तीन मैचों में 94, राहुल त्रिपाठी ने पाच मैचो मे 55 रन बनाए। सच तो है चेन्नै की मौजूदा सीजन में नाकामी का सबसे बड़ा कारण बल्लेबाजी इकाई के रूप में उसकी नाकामी है। चेन्नै को जीत की राह पर लौटना है तो उसे खासतौर बल्लेबाजी में एक इकाई के रूप में दमदार बल्लेबाजी की जरुरत होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के पास लेग स्पिनर जीशान अंसारी के साथ बाएं हाथ उपयोगी स्पिनर के रूप मे विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविज हेड हैं।

## मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरू कर दी: धोनी

हमने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई मे घटिया प्रदर्शन किया। हमें मालूम था कि बाद में पिच पर औस आएगी। मुंबई इंडियंस के पास जसप्रीत बुमराह के रूप में आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरु कर दी। हमें इसका लाभ उठा कर रन बनाने चाहिए थे। नौजवान आयुष म्हात्रे ने अच्छी बल्लेबाजी की और बढ़िया ढंग से शॉट खेले। आयुष को हमने भी बल्लेबाजी करते बहुत नहीं देखा है लेकिन मुझे उनकी बल्लेबाजी देख कर लगा कि वह अपने शॉट खेलना पसंद करते हैं। वानखेड़े की पिच पर कोई कोई गेंद रुक कर आ रही थी और मुंबई के बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदबाजी को बढ़िया ढंग से खेला। हम अच्छा स्कोर बना नहीं पाए। आप यदि शुरु के छह ओवर में बहुत ज्यादा रन दे देते हं तो फिर मुश्किल हा जाता है। हमें यह बात समझनी होगी कि अतीत में बढ़िया क्रिकेट खेल कर हमने कामयाबी हासिल की है। हमें बहुत भावुक होने की जरूरत नहीं है। हम सही क्रिकेट खेलने और बढ़िया स्कोर खड़ा करने की जरूरत है। हमें कैच लपकने होंगे। हमें एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचना होगा। हमें हम यदि प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई नहीं करते तो अगले सीजन के लिए संयोजन को देखना होगा।



## शुरू में लड़खड़ाने के बाद हम संभल नहीं पाए : कमिंस



'क्लासेन और अभिनव मनोहर ने बढ़िया बल्लेबाजी कर हमें मुंबई के खिलाफ एक सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया। शुरू में विकेट गंवाने के बाद जरूरत अपनी पारी संभालने की थी लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हमने मैच से पहले हैदराबाद की पिच की बाबत चर्चा की थी। आपको हर बाद जरूरत पिच के मिजाज को भांपने की होती है। पहले मैच में हमने है राबाद में 280 से ज्यादा का स्कोर बनाया लेकिन अगले में हम इस पर सस्ते में सिमट गए। यही टी 20 क्रिकेट है आपको मालूम नहीं होता कि क्या होने वाला है। हमें अब अपने घर से बाहर कुछ मैच खेलते हैं। वहां भी हमें पिच को जल्द भांपना होगाँ कई बार शुरू से दे दनादन की रणनीति कारगर रहती है और और कई बार आपको धीहम धळीमे अपनी पारी आगे बढ़ानी पड़ती है।

## एसआरएच ने एमआई से हार में परिस्थितियों को गलत समझा : विटोरी



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद का आईपीएल 2025 अभियान बुधवार रात को बद से बदतर हो गया, क्योंकि उन्हें सीजन की छठी हार का सामना करना पड़ा - इस बार मुंबई इंडियंस के हाथों। शुरुआती मूवमेंट वाली सतह पर बराबर स्कोर का पीछा करते हुए, स्क्र॥ पहले पांच ओवरों में 13/4 पर लड़खड़ा गया। मैच के बाद हेड कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि पावरप्ले का अधिकतम इस्तेमाल करने की टीम की रणनीति पूरी तरह से विफल रही। मुझे लगता है कि टॉस महत्वपूर्ण था। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग थीं, (यह पिछले विकेटों से अलग) विकेट था। मेरा मतलब है, हमने चर्चा की थी कि यह 280, 250 रन का विकेट है। इसलिए परिस्थितियां नाटकीय रूप से बदल गईं। इसलिए पहले से ही यह आकलन कर पाना कि बराबर स्कोर क्या था, जाहिर तौर पर मुश्किल है। जब आप शुरुआत में ही वहां जाते हैं, तो आप स्पष्ट रूप से पावर प्ले को अधिकतम करने की कोशिश करते हैं। और दुर्भाग्य से, हम ऐसा करने में सक्षम नहीं थे, और हम लगातार विकेट खोते रहे। एक बार जब हमें एहसास हुआ कि सतह वैसी नहीं थी जैसी हमने उम्मीद की थी, तो हमें उस तरह के 180 के स्कोर की ओर बढ़ना था। दुर्भाग्य से, ऐसा करना मुश्किल है जब पावर प्ले के बाद आपका स्कोर 24/4 हो। पावरप्ले में एसआरएच का अत्यधिक आक्रामक इरादा, जिसने उन्हें सीजन की शुरुआत में सफलता दिलाई थी, तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर उनकी हार का कारण बना। दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने नई गेंद से परिस्थितियों का फायदा उठाया और विटोरी ने टीम की जल्दी से खुद को ढालने में विफलता को स्वीकार किया।

# केंद्रीय खेल मंत्री मंडाविया ने एनसीएसएसआर का किया उदघाटन

### बोले, हमें 2036 ओलंपिक को भारत में लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा



■ डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत

■ मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित है

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च (एनसीएसएसआर) का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां उदघाटन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इसके बाद यहीं डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत की। डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी से खिलाड़ियों के साथ उनके प्रमाणपत्रों को लेकर किसी भी तरह धोखाधड़ी और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा।

डिजिलॉकर, दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों के भंडारण, आसान साझाकरण और सत्यापन के लिए एक क्लाउड-आधारित मंच है। नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च यानी राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र की खेल प्रकोष्ठ में वापसी खिलाड़ियों के लिए बेहद कारगर होगी। खेल मंत्री मंडाविया ने कहा, मै बेशक राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ)में दखल पसंद नहीं करता। लेकिन खेल संघों को सरकार की 'एथलीट-केंद्रित नीति से भटकने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित हैं । मंडाविया ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024, मसौदा राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और खेलों में आयु धोखाधड़ी के खिलाफ मसौदा राष्ट्रीय संहिता (एनसीएएएफएसएस) 2025 का उदाहरण देते हुए ये भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन सुनिश्चित करने के सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं।उन्होंने घोषणा की कि डिजी लॉकर के माध्यम से जारी किए गए खेल प्रमाण-पत्रों को जल्द ही राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली (एनएसआरएस) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी नकद पुरस्कारों का स्वतर्नवितरण सीधे एथलीटों के बैंक खातों में हो सकेगा और कागजी आवेदन की जरूरत खत्म हो जाएगी। सरकार की पहल को सराहते हुए ओलंपिक रजत पदक पदक विजेता व मेजर ध्यान चंद खेल रत्न विजेता मीराबाई चानू ने कहा, 'डिजिलॉकर वाकई खिलाड़ियों के लिए बढ़िया योजना है। डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र जारी किए जाने से मुझ जैसी सभी खिलाड़ियों का तनाव खत्म हो जाएगा। अक्सर खिलाड़ियों को कुछ दस्तावेजों के लिए घर वापस लौटना पड़ता है - जैसे सरकारी नौकरी, वीजा आदि - क्योंकि हम उन्हें हमेशा अपने साथ नहीं रखते हैं। मैं इस पहल के लिए सभी खिलाड़ियों की ओर से केंद्रीय खेल मंत्री का आभार जताना चाहूंगी।' मंडाविया ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल संघों में गुटबाजी और भाई-भतीजावाद को समाप्त करने को कहा।

# गौरव प्रताप सिंह ने 63 का कोर्स रिकॉर्ड बनाकर बढ़त हासिल की



**बेंगलुरु,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। नोएडा के गौरव प्रताप सिंह ने नौ-अंडर 63 का कोर्स रिकॉर्ड स्कोर बनाया और बेंगलुरु के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये इनामी कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 में पहले दौर की बढ़त हासिल की। गौरव के शानदार प्रदर्शन ने राशिद खान द्वारा 2012 में बनाए गए पांच-अंडर 67 के पिछले कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, जो पिछले सप्ताह दिल्ली में दूसरे स्थान पर रहे, ने आठ-अंडर 64 के साथ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और पहले दिन दूसरे स्थान पर रहे। बेंगलुरु के खलिन जोशी ने 65 का स्कोर बनाया और पुरुष और महिला पेशेवरों के मिश्रित क्षेत्र वाले अपनी तरह के पहले पीजीटीआई इवेंट में तीसरे स्थान पर रहे। गगनजीत भुल्लर, ओम प्रकाश चौहान और युवराज संधू 67 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। महिला गोल्फरों में हिताशी बक्शी का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा, उन्होंने 69 का स्कोर किया और संयुक्त 19वें स्थान पर रहीं। गौरव प्रताप सिंह ने अपने दिन की शुरुआत पहले होल पर टैप-इन बर्डी से की और उसके बाद पांचवें होल पर 20-फीट ईगल कन्वर्जन किया। 3-वुड के साथ कुछ बेहतरीन टी शॉट और शानदार वेज-प्ले की मदद से गौरव, जो पीजीटीआई मुख्य टूर पर दो सहित चार प्रो खिताब जीत चुके हैं, ने आठवें और 16वें होल के बीच पांच और बर्डी हासिल कीं। 40 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरकार 17वें होल पर बर्डी के लिए 15-फुटर लगाया और दिन का अंत 63 के शानदार स्कोर के साथ किया।

## सार संक्षेप

### अलकाराज ने चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस लिया

**मैड्रिड।** दो बार के चैंपियन कार्लोस अलकाराज ने बार्सिलोना में लगी एडक्टर चोट और बाएं पैर में एक अलग चोट के कारण मैड्रिड ओपन, एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट से नाम वापस ले लिया है। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस फैसले की घोषणा की। अलकाराज ने कहा कि हमने जोखिम नहीं लेने, भविष्य के लिए स्थिति को और खराब नहीं करने और अपने शरीर की बात सुनने का फैसला किया है। हमें कठिन निर्णय लेने होंगे, लेकिन हमने सही निर्णय लिया है। मैं आराम करने, ठीक होने और जल्द से जल्द कोर्ट पर वापस आने की कोशिश करूंगा। पिछले हफ्ते बार्सिलोना फाइनलल में होल्गर रून से हारने के दौरान स्पैनियार्ड ने अपने ऊपरी दाएं पैर का उपचार करवाया था। अलकाराज को उम्मीद थी कि वह एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में खेलने के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्हें लगता है कि टूर्नामेंट बहुत जल्दी आ गया है। अलकाराज ने कहा कि बार्सिलोना फाइनल में मुझे पैर में कुछ महसूस हुआ, लेकिन मुझे नहीं लगा कि यह इतना गंभीर है।

### रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किये। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम ने अधिकांश समय दबदबा बनाया लेकिन कई आसान मौके गँवाए। वरना जीत का अंतर बड़ा हो सकता था। अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन लीग के मैच में एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब ने अहबाब एफसी को 5-3 से हराया।

# कमिंस ने एसआरएच की हार के लिए एंकर की कमी को जिम्मेदार ठहराया



**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम की पारी में स्थिरता की कमी थी, क्योंकि वे आईपीएल 2025 के 41वें मैच में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सात विकेट से हार गए।

मैच के बाद, कमिंस ने हेनरिक क्लासेन और अभिनव मनोहर को एसआरएच को गेंदबाजी करने के लिए कुछ देने का श्रेय दिया, लेकिन स्वीकार किया कि यह पर्याप्त नहीं था। एसआरएच के 35 रन पर 5 विकेट जल्दी गिरने का जिक्र करते हुए कमिंस ने कहा कि अभिनव और क्लासी ने हमें अच्छे स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन हम इस पारी को आगे नहीं बढ़ा सके। पारी को वास्तव में स्थिर करने के लिए एक खिलाड़ी की जरूरत थी। मैच की शुरुआत में चिपचिपा और धीमा दिखाई देने वाली सतह पर, एसआरएच ने पावरप्ले में चार विकेट खो दिए - सीजन का सबसे कम पावरप्ले स्कोर - क्योंकि मुंबई की नई गेंद की जोड़ी, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर ने कमाल कर दिया। क्लासेन की 44 गेंदों पर 71 रनों की जुझारू पारी और अभिनव मनोहर के धैर्यपूर्ण 43 रनों की बदौलत एसआरएच ने 8 विकेट पर 143 रन बनाए। कमिंस ने सतह की प्रकृति और टी20 क्रिकेट में बढ़िया मार्जिन पर विचार किया। उन्होंने कहा कि आपको यहां अपनी पारी बनानी होगी।

### नदीम ने नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने से किया इंकार

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम ने बेंगलुरू में होने वाली आगामी नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया में आई है। अरशद नदीम ने अपने मौजूदा कार्यक्रम के साथ टकराव को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग न लेने का कारण बताया है। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता है जिसका आयोजन 24 मई को बेंगलुरू के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट ने अरशद के हवाले से कहा कि मैंने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है क्योंकि मेरा कार्यक्रम एक साल पहले ही तय हो चुका था और मैं 27 मई से दक्षिण कोरिया में होने वाली एशियाई प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहा हूं। अरशद फिलहाल अपने गृहनगर मियां चन्नू में छुट्टियां मना रहे हैं।

# रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी : बोल्ट





**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को 'विश्व स्तरीय' खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा कि मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है। रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था।

# हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

■ यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा

■ 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की है। यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में उनके प्रदर्शन के आधार पर हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर ग्रुप का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके दौरान समूह का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद खिलाड़ियों की सूची को 40 तक लाया जाएगा। चयनित 40 खिलाड़ी 1 से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे। 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है। बाकी खिलाड़ियों को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है, जिसमें हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, यूपी हॉकी, हॉकी बंगाल और मणिपुर हॉकी के खिलाड़ी शामिल हैं। मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखे गए खिलाड़ियों में कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, मोहम्मद राहील मौसीन, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह शामिल हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.361 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |


SENSEX | BSE 79801.43 ▼ 315.06 | NSE 24246.70 ▼ 82.25 | MCX Gold 95462 ▲ 740 | silver 97257 ▼ 542



# [ अर्थ जगत

## अडानी की कंपनी के लाभ में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। अडानी समूह की सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड ने गुरुवार को अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 20.39 प्रतिशत गिर गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, प्रॉफिट पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 943.34 करोड़ रुपये से घटकर 751.03 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, अडानी समूह की कंपनी का रेवेन्यू 12.69 प्रतिशत बढ़कर 5,991.67 करोड़ रुपये हो गया।




### आंतकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई से 2500 अंक टूटा कराची इंडेक्स

# पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम

*नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत ने जिस तरह के कड़े कूटनीतिक कदम उठाए हैं, उससे पाकिस्तान के अब पसीने छूटने लगे हैं. लगातार दूसरे दिन पाकिस्तान के शेयर बाजार में गिरावट का दौरा जारी है।*

गुरुवार को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज खुलते ही शुरुआती कारोबार में पांच मिनट के अंदर ही बेंचमार्क (कराची स्टॉक एक्सचेंज) केएसई -100 इंडेक्स में करीब 2.2 प्रतिशत यानी 2,565 अंक की गिरावट आयी और ये 114,661.19 पर पहुंच गया। भौगोलिक तनाव के बीच पाकिस्तान के शेयर बाजार में निवेशकों इस वक्त काफी सहमे हुए दिख रहे हैं. इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने सिंधु जल समझौता को रद्द करने के समेत कई पाकिस्तान के खिलाफ कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने के फैसले का बुधवार को ऐलान किया. पाकिस्तान में बन डर के माहौल की वजह से लोग तेजी से अपना पैसा निकाल रहे है, यही वजह है कि लगातार दो दिनों से गिरावट का दौर जारी है.एक दिन पहले बुधवार को भी पाकिस्तान के शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखी गई. कराची स्टॉक एक्सचेंज (केएसई-100 इंडेक्स) 1,303.29 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर




1,17,127.06 के लेवल पर बंद हुआ. ये गिरावट ऐसे वक्त हो रही है जब भारत के कदम के पास भारी डर का माहौल पड़ोसी देश में बना हुआ है। पाकिस्तान में बनी के माहौल में इन्वेस्टर्स काफी सतर्क हो गए हैं. इसका असर पाकिस्तान के प्रमुख स्टॉक्स पर भी पड़ा जैसे- यूनाइटेड बैंक लिमिटेड , हब पावर कंपनी , हबीब मेट्रो बैंक , मारी पेट्रोलियम और एंग्रो कॉर्प जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में गिरावट आयी है.

## पाकिस्तान करेंसी का भी बुरा हाल!

### जून के आखिर तक 1 डॉलर के मुकाबले 285 हो जाएगा रुपया-फिच का अनुमान

फिच रेटिंग्स ने हाल ही में लगाए गए अपने एक अनुमान में कहा है कि पाकिस्तान का सेंट्रल बैंक किसी भी प्रकार के बाहरी दबाव से निपटने के लिए पाकिस्तानी रुपये के मान को गिरने दे सकता है क्योंकि देश की आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं. इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी फिच में सॉवरेन रेटिंग्स के निदेशक क्रिस्जेनिस क्रस्टिंस ने जून 2025 तक रुपये के गिरकर 285 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर पर आने और वित्त वर्ष 26 के अंत तक 295 रुपये पर आने का अनुमान लगाया है. फिच ने कहा है, पाकिस्तान का सेंट्रल बैंक रुपये को धीरे-धीरे कमजोर होने देगा ताकि अर्थव्यवस्था के गति पकड़ने के साथ चालू खाते पर दबाव को कम किया जा सके. पाकिस्तान से पड़ोसी देशों में डॉलर की तस्करी के बढ़ते मामलों के बीच सितंबर 2023 के पहले सप्ताह में पाकिस्तानी रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 307.10 रुपये के ऑल-टाइम लो लेवल पर चला गया था।

# भारतीय शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक



*मुम्बई। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार (24 अप्रैल) को गिरावट में बंद हुए। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक और कूटनीतिक उपायों की घोषणा से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।*

इसी के साथ प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 और सेंसेक्स में सात दिन से जारी तेजी पर ब्रेक लग गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर के नेतृत्व में एफएमसीजी स्टॉक्स समेत हैवीवेट आईसी आईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार को नीचे खींचा।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को गिरावट के साथ 80,058 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 79,724 अंक तक फिसल गया था। अंत में सेंसेक्स 315.06 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 24,277 पर ओपन हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,216.15 अंक तक गिर गया था।

## एसएमई कंपनियों के मेनबोर्ड में माइग्रेशन पर बदले नियम

एनएसई ने 24 लिस्टेड स्मॉल एंड मिडियम कंपनियों के मेनबोर्ड में माइग्रेशन के लिए नियम बदल दिए हैं। संशोधित नियम में कहा गया है कि एसएमई कंपनियों को एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कम से कम 3 साल तक सूचीबद्ध होना चाहिए। इसके साथ ही मेनबोर्ड लिस्टिंग के लिए अर्हता प्राप्त करने को छोटी कंपनियों के पास 10 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी होनी चाहिए। एनएसई की ओर से जो शर्त तय किए गए हैं उनमें आवेदन करने के समय प्रमोटर और प्रमोटर समूह के पास कंपनी का कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा होना चाहिए। इसके अलावा, माइग्रेशन के लिए आवेदन की तिथि तक, प्रमोटर की होल्डिंग लिस्टिंग की तिथि पर उनके द्वारा रखे गए शेयरों के 50 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। एनएसई ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में परिचालन से राजस्व 100 करोड़ रुपये से अधिक होना चाहिए और कम से कम 3 वित्तीय वर्षों में से 2 के लिए परिचालन से पॉजिटिव परिचालन लाभ होना चाहिए। एनएसई ने कहा कि आवेदन की तिथि पर पब्लिक शेयरहोल्डर्स की कुल संख्या कम से कम 500 होनी चाहिए। इसके अलावा जो नियम हैं उसके तहत आवेदक कंपनी और प्रमोटर कंपनी के खिलाफ दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत कोई कार्यवाही स्वीकार नहीं की गई है।

# अरहर दाल की कीमत में गिरावट



*नई दिल्ली। घर में आमतौर पर अरहर की दाल काफी खाई जाती है, जो सेहत के लिए बेहद अच्छी मानी जाती है। कई लोगों का मानना है कि अगर दिन में एक बार अरहर की दाल का सेवन ना किया जाए तो दिन का खाना पूरा नहीं होता है। यही कारण है कि सरकार भी हमेशा अरहर की दाल की कीमत को नियंत्रण में करने की कोशिश में लगी रहती है। समय समय पर सरकारी एजेंसियां भी किसानों से सीधे अरहर की दाल खरीदती हैं ताकि इसकी कीमत आसमान ना छूने लगे।*

हालांकि कुछ समय पहले ही अरहर की दाल की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में सरकार अरहर की दाल की नई फसल के आते ही इसकी खरीद फिर शुरू कर चुकी है। ऐसे में संभावना है कि आगामी दिनों में अरहर की दाल की कीमत कम हो सकती है। इस संबंध में कृषि मंत्रालय ने जानकारी दी कि सरकार मूल्य समर्थन योजना के तहत अबतक इस वर्ष 3,92,000 टन अरहर की दाल खरीद चुकी है। इस योजना के तहत अरहर की दाल की खलीर न्यूनत समर्थन मूल्य पर हो रही है। मंत्रालय ने नौ राज्यों में 13.22 लाख टन अरहर दाल खरीदी है। सरकार का लक्ष्य है कि कीमत पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बाजार में बाजार में जारी करने के लिए 10 लाख टन अरहर का बफर स्टॉक बनाया जाएगा। मंत्रालय ने बयान में जानकारी दी की इस महीने 22 तारीख तक इन राज्यों में 3.92 लाख टन अरहर की दाल खरीदी जा चुकी है।

# एक दिन की राहत के बाद फिर मंहगा हुआ सोना



*नई दिल्ली। सोने के भाव बुधवार को बड़ी गिरावट के बाद आज सुधर गए। चांदी के भाव में भी नरमी देखने को मिल रही है। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में गुरुवार (24 अप्रैल) को सोने के भाव 95,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 95,450 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के भाव मंगलवार को ग्लोबल मार्केट में 3,509.90 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंच थे, घरेलू बाजार में भी सोने के वायदा भाव ने 99,358 रुपये का नया हाई बनाया था।*

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 858 रुपये की तेजी के साथ 95,580 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 94,722 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,137 रुपये की तेजी के साथ 95,859 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 348 रुपये की नरमी के साथ 95,451 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 95,799 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 333 रुपये की गिरावट के साथ 95,466 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,301.80 डॉलर प्रति औंस पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,294.10 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 41.40 डॉलर की तेजी के साथ 3,335.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने मंगलवार को 3,509.90 डॉलर के ऑल टाइम हाई पर थे।

कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.56 डॉलर पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 33.54 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 0.21 डॉलर की गिरावट के साथ 33.33 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## गोल्ड ईटीएफ : अमेरिका से दोगुना नेट इनफ्लो चीन में !

सोने की कीमतों में शानदार तेजी के बीच इसके ईटीएफ में पिछले 12 हफ्ते से लगातार इनफ्लो बना हुआ है। चीन में इस दौरान गोल्ड ईटीएफ ने सबसे ज्यादा दम दिखाया और इसमें अमेरिकी फंडों के मुकाबले दोगुना नेट इनफ्लो आया। इससे पहले 24 जनवरी 2025 को खत्म हुए हफ्ते के दौरान ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में 0.9 बिलियन डॉलर (8 टन) का आउटफ्लो दर्ज किया गया था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक 18 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते के दौरान ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में 3.4 बिलियन डॉलर (+33.4 टन) का नेट इनफ्लो आया। पिछले यानी 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते के दौरान भी 4.7 बिलियन डॉलर (+51.6 टन) का इनफ्लो आया था। ग्लोबल लेवल खासकर अमेरिका और चीन के बीच छिड़े ट्रेड वॉर के मद्देनजर बनी अनिश्चितता ने निवेशकों को गोल्ड ईटीएफ में निवेश के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 38 |
| एक यूरो | 97. 12 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 90 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 25 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 132 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97900 चांदी -100450

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97900 चांदी -100450

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
**भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।**

# देश में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत वाले घरों की बढ़ गई मांग

*नई दिल्ली। इस साल की पहली तिमाही में एक करोड़ रुपये और उससे ज्यादा के घरों की मांग में बढ़ोतरी हुई है, जिससे देश में कुल घरों की बिक्री का आंकड़ा 65 हजार से ज्यादा हो गया है. यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।*

**जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री में मामूली गिरावट** - जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-मार्च अवधि में घरों की बिक्री में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और कुल 65,246 यूनिट्स की बिक्री हुई है. इस गिरावट के सीमित होने की वजह 3-5 करोड़ रुपये और 1.5-3 करोड़ रुपये के घरों की मांग में बढ़ोतरी होना है. रिपोर्ट में बताया गया कि ज्यादा कीमत वाले घरों की मांग में लगातार वृद्धि से घर खरीदने वालों के बीच बढ़ती समृद्धि, बदलती जीवनशैली प्राथमिकताओं और बड़ी और प्रीमियम एसेट्स को प्राथमिकता देने का संकेत मिलता है।

**इन शहरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 66 फीसदी** - रिपोर्ट के मुताबिक, देश की शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री में बेंगलुरु, मुंबई और पुणे का वर्चस्व रहा है और इन शहरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 66 फीसदी की रही है। इन शहरों में बढ़ती बहुराष्ट्रीय कंपनियों और स्टार्टअप्स के कारण रोजगार अवसर पैदा हो रहे हैं और इन्फ्रास्ट्रक्चर में निरंतर सुधार हो रहा है, जिससे ये शहर रहने और काम करने के लिए ज्यादा आकर्षक स्थान बन रहे हैं. बड़ी बात यह है कि पिछली कुछ तिमाहियों में तिमाही बिक्री मात्रा का एक बड़ा हिस्सा उसी तिमाही के दौरान शुरू की गई प्रोजेक्ट्स से आया है.रिपोर्ट में बताया गया कि 2025 की पहली तिमाही में भी यह ट्रेंड जारी रहा और जनवरी-मार्च के बीच हुए नए लॉन्च ने बिक्री में एक-चौथाई का योगदान दिया. बड़े डेवलपर्स ने समय पर डिलीवरी और स्थिर मूल्य वृद्धि के आश्वासन के साथ किए जा रहे लॉन्च इस ट्रेंड को बढ़ावा दे रहे हैं।



**1 करोड़ रुपए से कम कीमत वाले घरों की मांग में कमी-** जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख डॉ. सामंतक दास ने कहा, रेजिडेंशियल रियल एस्टेट बाजार में खरीदारों की प्राथमिकताओं में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं, जिसमें 1 करोड़ रुपये से कम कीमत वाले घरों की मांग में कमी और मध्यम से उच्च-स्तरीय संपत्तियों की मांग बढ़ रही है.डेवलपर्स को मौजूदा मांग पैटर्न के साथ तालमेल बिठाने के लिए मध्यम से उच्च-स्तरीय प्रोजेक्ट्स पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# प्रमुख ब्याज दर में कटौती से निजी खपत, निवेश को मिलेगा बढ़ावा-आरबीआई गवर्नर

*मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि नीतिगत में कटौती से निजी खपत को बढ़ावा मिलेगा और निजी कॉरपोरेट निवेश में सुधार होगा।*

उन्होंने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने और एमपीसी के पांच अन्य सदस्यों ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती के पक्ष में मतदान किया। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने नौ अप्रैल को अल्पकालिक उधारी दर यानी रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे छह प्रतिशत कर दिया था। फरवरी में भी इतनी कटौती की गई थी। आरबीआई ने बुधवार को



एमपीसी बैठक का ब्योरा जारी किया। इसमें कहा गया है, जब उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से चार प्रतिशत के अपने लक्षित स्तर के आसपास है और वृद्धि अभी भी सामान्य है तथा इसमें सुधार हो रहा है, तो ऐसे में मौद्रिक नीति को वृद्धि की गति तेज करने के लिए घरेलू मांग को समर्थन देना चाहिए। मल्होत्रा ने बैठक में कहा कि इससे निजी खपत बढ़ेगी।

# स्टील जैसा मजबूत भारत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करें : प्रधानमंत्री



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उद्योग जगत से कहा है कि अगर आप भारत को स्टील जैसा मजबूत बनाना चाहते हैं तो आपस में मिलकर काम करें। प्रधानमंत्री ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही।*

खबरों के मुताबिक, इस संबोधन में पीएम ने कहा कि मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने की जरूरत है।

**बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है-** खबरों के मुताबिक, पीएम ने इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नई खदानों से लौह अयस्क निकालना शुरू करने की भी अपील की। मोदी ने स्टील को उभरता हुआ क्षेत्र बताते हुए इसका उत्पादन बढ़ाने की जरूरत बताई, जो विकास की रीढ़ है। उन्होंने नए प्रोसेस अपनाने, इनोवेशन करने और कोयले का आयात कम करने पर भी विचार करने को कहा। मोदी ने कहा कि एक बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है। हम अभी भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। और इसीलिए, हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए, आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**भंडार के बेहतर उपयोग जैसे विकल्पों की भी तलाश करनी चाहिए-** प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को कोयला गैसीकरण (कोयला से गैस बनाना) और कोयला आयात को कम करने के लिए अपने भंडार के बेहतर उपयोग जैसे विकल्पों की भी तलाश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और नई प्रक्रियाओं, नए लेवल और नए पैमाने को अपनाना चाहिए। देश का लक्ष्य 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.9 करोड़ टन था। साथ ही प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत भी इसी अवधि में वर्तमान 98 किलो से बढ़ाकर 160 किलो करने का लक्ष्य है।

मोदी ने कहा कि सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाहों और पाइपलाइन में विकास की गति स्टील सेक्टर के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या उच्च स्तर के इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत और चंद्रयान मिशन में इस्तेमाल किया गया।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com



# वन्य जीवों को गंभीर बीमारियों से बचाने देश और विदेश के वैज्ञानिक करेंगे मंथन

*जबलपुर, देशबन्धु। वन्य जीवों का संरक्षण करने के लिये अब देश के साथ ही विदेश के वैज्ञानिक संयुक्त रूप से काम करने वाले हैं। इसकी शुरूआत हो गई है। जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं देहरादून के भारतीय वन्य जीवन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान् में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। तीन दिनों तक अलग-अलग सत्रों में वैज्ञानिक वन्य जीवों को बीमारियों से बचाने के लिये मंथन करेंगे। जिसके भविष्य में बेहतर परिणाम मिलने की उम्मीद है। इसे आधार बनाकर देश में वन्य जीवों को संरक्षित करने वाली योजनाओं को अंतिम रूप देकर क्रियान्वित किया जायेगा।*

कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि वेटरनरी कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक केंट अशोक रोहाणी, विवि के कुलगुरु प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा, पीसीसीएफ (मुख्य) असीम श्रीवास्तव, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभरंजन सेन, एआईजेडडब्ल्यूवी (ऑल इंडिया जू एडं वाइल्ड लाइफ वेटनेरियन्स इंडिया) डॉ. अपूर्व चक्रवर्ती, वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. आरके शर्मा, कॉफ्रेंस संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके बाद पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। कॉफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में आयोजन समिति ने सभी मंचसीन अतिथियों को अंग वस्त्र, पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

उन्होंने आशा जताई कि इस कॉफ्रेंस के बाद निश्चित ही वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में और काम बेहतर हो सकेगा। समारोह के विधायक अशोक रोहाणी ने कॉफ्रेंस को लेकर आयोजन समिति को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर में आयोजित कॉफ्रेंस से निश्चित ही वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कुछ नया सामने आएगा।

### वन्यजीवों का संरक्षण समय की जरूरत

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विवि के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने कॉफ्रेंस के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कॉफ्रेंस में आए सभी डेलीगेट्स को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस तीन दिवसीय सम्मेलन के विषय को बहुत ही उपयुक्त बताया और कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन की आज वन्य जीव संरक्षण हेतु बहुत आवश्यकता है साथ ही उन्होंने कहा वन्य जीव को बीमारियों से बचाना हमारा कर्तव्य है उन्होंने इस सम्मेलन में पधारे विदेशी वैज्ञानिकों और भारतीय वैज्ञानिकों को आपस में अपना ज्ञान आदान-प्रदान करने हेतु इच्छा जाहिर की।

# नए ठेकों के साथ फिर शुरु हो गई लूट

## एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक रही शराब

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के नए ठेके प्रारंभ होते ही जिले में एक बार फिर खुलेआम लूट शुरु हो गई हैं। अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कहीं अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही हैं।

जिले के आबकारी विभाग में निजाम बदलने के बाद भी पुराना ढर्रा जारी रहने से सुराप्रेमी स्वयं को दुकानों से मदिरा लेकर लौटने के बाद ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अप्रैल माह में जिले में नया शराब ठेका प्रारंभ हो गया। नए ठेके प्रारंभ होने के साथ ही एक बार फिर शराब ठेकेदारों द्वारा पुराने तरीके से लूट शुरू कर दी। शराब दुकानों में एमआरपी से ज्यादा शराब बिक्री का पुराना खेल बदस्तूर जारी है।

**कुछ दिनों तक ही रही दहशत-** बताया जा रहा हैं कि नए आबकारी अधिकारी के आने के बाद कुछ दिनों तक तो शराब दुकानदारों ने अपनी इस लूट को बंद रखा लेकिन अब फिर शराब दुकान संचालकों की मनमानी देखने को मिल रही है। हालांकि इन सबके बीच सुराप्रेमियों की स्थिति उगलत निगलत पीर घनेरी जैसी हो गई हैं। अधिकांश खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं जो विरोध कर भी रहे हैं उनकी सुनवाई नहीं हो रही हैं। लिहाजा उनके साथ लूट का सिलसिला जारी हैं। दूसरी ओर सुरा प्रेमियों की हर दिन जेब कट रही है। धड़ल्ले से चल रही अवैध वसूली पर जिम्मेदारों की कोई नजर नहीं है। इसका परिणाम ये है कि कंपोजिट दुकानों के बाद अब एकल दुकानों में भी शराब ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है।

### शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मची लूट

एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री कर शराब माफिया द्वारा की जा रही लूट सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी जमकर हो रही हैं। रांझी, कुंडम, शहपुरा, बरगी, सिहोरा, पाटन, पनागर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली शराब दुकानों ही नहीं बारों में भी जमकर लूट का खेल धड़ल्ले से जारी हैं। हर बोतल पर अंकित मूल्य से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। साठगांठ के खेल में शराब ठेकेदार करोड़ों रुपये की काली कमाई कर रहे है।



### ठेकेदारों का मुनाफा सरकार को घाटा

ऐसा नहीं हैं कि एमआरपी से अधिक मूल्य विक्रय से शराब ठेकेदार शासन को भी राजस्व का लाभ पहुंचा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शराब माफिया के प्रश्रय आरे आबकारी विभाग की मिलीभगत के चलते मुनाफा शराब ठेकेदारों की जेब में जा रहा हैं जबकि सरकार को चूना लगाया जा रहा हैं। आलम ये हैं नए आबकारी अधिकारी ने शहर में पदस्थ होते ही शराब कारोबियों की बैठक आयोजित की थी। जिसमें सख्त हिदायत देते हुए एमआरपी से अधिक पर शराब ना बेचने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही आबकारी अधिकारी द्वारा शराब बिक्री पर नजर रखने के लिए अपने गुप्तचर भी मैदान में उतारे थे। कुछ दिनों तक तो उनकी सख्ती का असर देखने को मिला लेकिन गर्मी बढ़ते ही गुप्तचर भी गायब हो गए। जिसका फायदा शराब दुकान संचालक जमकर उठा रहे हैं।

### शराब माफिया कर रहा जीएसटी चोरी

सूत्रों के अनुसार हर बोतल पर अवैध कमाई कर रहे ठेकेदार राजस्व की भी चोरी कर रहा है। अवैध कमाई के खेल को छिपाने के लिए ज्यादातर शराब दुकान ई-पेमेंट स्वीकार नहीं बन कर रहे हैं। सुरा प्रेमियों से नकद राशि माँगी जा रही है। इससे शराब क्रय करने की कोई पावती ग्राहक के हाथ नहीं आ रही है।

नकद राशि लिए जाने से हर दिन की जा रही अवैध वसूली की मोटी रकम का रिकार्ड सरकार तक नहीं पहुंच रहा है। नकदी की आड़ में जीएसटी भी ठेकेदार डकार रहे हैं। आलम ये हैँ कि शराब दुकान के गद्दीदार पहले से ही पूरा खेल समझा दिया गया है। यहीं वजह है कि बिल मांगने पर कर्मचारी झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। कई बार तो स्थिति मारपीट तक पहुँच जाती है। उन्हें भी पता है कि वह एमआरपी से ऊपर वसूल की यही राशि का बिल नहीं देंगे अगर वह ऐसा करेंगे तो उनकी चोरी पकड़ी जाएगी।

# गायों की देखभाल करने पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने की पहल

### जबलपुर में भी इसी तरह की पहल की जरूरत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश में एक बेहतर पहल की है। इसमें उन्होंने गुना के राधोगढ़ के दंदरौआ धाम की गौशाला से एक बीमार गाय के भरण पोषण की जवाबदारी ली है। इसके लिये श्री सिंह ने प्रति माह 31 सौ रूपये देने का सहमति पत्र भी भरा है। जिसमें कहा गया है कि जब तक गौ माता का जीवन है तब तक पूर्व मुख्यमंत्री ने उनकी देखभाल करने की जवाबदारी ली है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि



इस गौशाला में ज्यादातर बीमार गौ माता हैं। उनमें ऐसी गाय जो देख नहीं सकती हैं। इसलिये इस तरह की पहल कर समाज के दूसरे लोगों को प्रेरणा मिल सकती है। जबलपुर और आस-पास के ग्रामीण अंचलों में बड़ी संख्या में गौशालाओं में गायों का बुरा हाल है। आये दिन बीमार रहती हैं, वहीं उन्हें भरपेट दाना पीना भी नहीं मिल रहा है। जिसके कारण असमय गौ माता मौत का शिकार हो रही हैं। वैसे भी सनातन धर्म में गौ माता को विशेष दर्ज दिया गया है। इनकी सेवा देवी देवताओं से बढ़कर मानी जाती है। इसके लिये स्वयं संस्थाओं को आगे आना होगा।

# कैमरों की नजर में होगी वाहन की चेकिंग!

## परिवहन आयुक्त के आदेश से पशोपेश में पुलिस विभाग

**जबलपुर,देशबन्धु।** वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की लूट अब रोजमर्रा की बात हो गई हैं। वाहन चालकों से लूट के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग में ऐसी जमी-जमाई व्यवस्था हैं कि परिवहन विभाग, पुलिस के एवं पुलिस विभाग परिवहन विभाग के इलाके में कभी हस्तक्षेप नहीं करता।



कई बार तो दोनों विभागों के कर्मचारी संयुक्त टीम बनाकर संगठित अपराधियों की तरह लूट करते देखे जाते हैं। ये बात अलग हैं कि पहले परिवहन विभाग और फिर पुलिस विभाग के हत्थे चढ़े वाहन चालक कभी-कभी दो बार लूट के शिकार हो जाते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर नकेल कसने परिवहन आयुक्त ने एक ऐसा आदेश जारी किया हैं जिसके बाद परिवहन विभाग में ही नहीं पुलिस विभाग में भी हड़कंप का माहौल हैं।

परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा की जाने वाली वसूली की शिकायत कोई नई बात नहीं है इस तरह की समाचार समय-समय पर प्रकाश में भी आते रहे है। ऐसी शिकायतों को परिवहन आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए प्रभावी रोक लगाने नया फरमान जारी किया है। आयुक्त के इस नए फरमान से अब परिवहन विभाग ही नहीं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी पशोपेश में नजर आ रहे हैं। परिवहन विभाग के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक परिवहन आयुक्त ने वाहन चेकिंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। जारी गाइडलाइन के अनुसार अब बिना वर्दी के कोई भी वाहनों की चेकिंग नहीं कर पाएगा। इसके अलावा पीओएस के जरिए ही चालानी कार्रवाई होगी। वाहन चेकिंग को लेकर 8 प्वाईंट में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी की मौजूदगी जरूरी

वाहन चेकिंग को लेकर परिवहन आयुक्त ने आदेश दिए हैं कि सहायक परिवहन उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी की मौजूदगी में ही चैकिंग की जा सकेगी। चैकिंग के दौरान रिकॉर्ड मोड के दो कैमरो के अलावा बाकी दूसरे कैमरे स्टैंड बाय मोड में रहेंगे। चैकिंग के दौरान पूरा स्टाफ न केवल वर्दी में होना चाहिए बल्कि वर्दी में नेम प्लेट भी लगानी होगी किसी भी वाहन को बगैर किसी विशेष कारण के 15 मिनट से ज्यादा ना रोका जाएगा। इसके अलावा भी और दिशा निर्देश परिवहन आयुक्त के द्वारा जारी किए गए हैं और निर्देशों के बाद से ही परिवहन विभाग के उन अधिकारियों-कर्मचारियों की बेचैनी बढ़ गई हैं जो चेकिंग के नाम पर की जाने वाली वसूली के लिए ही विभाग में आए थे। परिवहन आयुक्त के द्वारा जारी किए गए निर्देशों में चेतावनी भी दी गई है कि जो अधिकारी कर्मचारी गाइडलाइन का उल्लंघन करेंगे उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

### कहीं डीजीपी न जारी कर दें ऐसे आदेश

कभी परिवहन विभाग के साथ और कभी परिवहन विभाग से पृथक कुछ चुनिंदा इलाकों में अवैध वसूली करने वाले पुलिस के वे अधिकारी कर्मचारी इस आदेश को लेकर सकते में हैं जो दिन भर में यदि वसूली न करें तो उन्हें अधूरापन सा लगता हैं। पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस बात को लेकर तनाव में हैं कि परिवहन आयुक्त की तर्ज पर इस तरह की कार्रवाई की ऑनलाइन रिकार्डिंग का फरमान यदि डीजीपी जारी कर देते हैं तो पुलिस विभाग में वे वसूली के जिस उद्देश्य के लिए आए थे उस उद्देश्य का क्या होगा। वसूली पर निर्भर कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी ऐसे भी हैं जिनकी ने आज तक विभाग से मिलने वाले वेतन को खर्च करने जरुरत नहीं पड़ी।

# प्रोफेशनल एक्सपर्ट की योग्यता के बिना बनाया गये अध्यक्ष व सदस्य

**जबलपुर,देशबन्धु।** राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण तथा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आकलन समिति में नियम विरुद्ध तरीके से अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है।

नर्मदापुरम शिक्षा एवं जन कल्याण समिति होशंगाबाद के अध्यक्ष गौरव सेठ की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि केन्द्रीय पर्यावरण विभाग के द्वारा राज्य राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण तथा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आकलन समिति का गठन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में शासन की तरफ से साल 2006 में नोटिफिकेशन जारी किया गया था। नोटिफिकेशन के अनुसार उक्त पद पर उन्हीं व्यक्तियों को नियुक्ति किया जा सकता है,जिनके पास पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव तथा प्रोफेशनल एक्सपर्ट की योग्यता होनी चाहिये।

याचिका में कहा गया था कि जनवरी माह में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में शिव नारायण सिंह चौहान तथा सदस्य के रूप में डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी को नियुक्ति किया गया है। इसी प्रकार राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आकलन समिति के अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार श्रीवास्तव तथा सदस्य के रूप में शिवरायल कोर्ट, विजय कुमार अहिरवार,डॉ. राजेश कुमार पांडे तथा डॉ. पल्लवी भटनागर को नियुक्ति किया गया है। उनकी नियुक्ति के संबंध में गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया था कि जिन व्यक्तियों को अध्यक्ष व सदस्य नियुक्ति किया गया है ।






# राज्य दंत परिषद को देनी पड़ी चेतावनी

## व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में रील्स बनाकर भ्रामक जानकारी ना फैलाये डॉक्टर

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमबीबीएस, बीडीएस, बीए, एमए, पीएचडी, एमडीएस ओरल सर्जरी, एमआईडीए, कॉस्मेटोलॉजी डॉक्टरों के बारे में इन दिनों कुछ रील्स वायरल हो रही हैं। जिनमें खास तौर पर यह दिखाया जा रहा है कि कौन से डॉक्टर किस तरह का नशा कर रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ दांत के डॉक्टरों द्वारा रील्स बनाकर उसे वायरल किया गया। व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा और अन्य कारणों के चलते वायरल वीडियो इस कदर वायरल किए गए कि इसको लेकर मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद को हरकत में आना पड़ा। परिषद के इंदौर स्थित कार्यालय से गुरुवार को चेतावनी जारी की गई कि डॉक्टर रील्स बनाकर भ्रामक जानकारी न फैलाएं। यह कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन माना जाएगा। इसके चलते उन पर अनुशासनहीनता माना जाएगा और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन रील्स में दांत के डॉक्टर ड्रग्स का नशा करते और डॉक्टर की डिग्री को खरीदना दिखा रहे हैं। हालांकि दंत परिषद को अभी इसकी जानकारी नहीं है कि रील्स में दिखने वाले डॉक्टर कहां के हैं। वे इसकी पड़ताल कर रहे हैं और पहचान होने के बाद वे उन्हें भी नोटिस देंगे।

### रील्स में नशा करते दिखाए जा रहे डॉक्टर

एक और रील जो वायरल हो रही है उसमें ये एमबीबीएस, बीडीएस, बीए, एमए, पीएचडी, एमडीएस ओरल सर्जरी, एमआईडीए, कॉस्मेटोलॉजी डॉक्टरों के बारे में बताया जा रहा है। इसमें यह भी दिखाया जा रहा है कि कौन से डॉक्टर किस तरह का नशा कर रहे हैं। जैसे कि एमबीबीएस को सिरींज के जरिए, बीए, एमए, पीएचडी वालों को ड्रग्स लेने के तरीके और बीडीएस को सिरप का नशा करते हुए दिखाया जा रहा है। इसका टैगलाइन भी दिया गया है कि सस्ते नशे कौन कर रहा हैं। दांत के डॉक्टरों द्वारा वायरल की गई रील में उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिसमें डॉक्टर के पास ईलाज करवाने गया एक व्यक्ति डॉक्टर के क्लीनिक में रखे उपकरणों का मूल्य बता रहा है। इसमें दिख रहा डॉक्टर उससे कह रहा है कि ये तो कुछ भी नहीं, इससे भी महंगी चीज आपके पीछे दीवार पर टंगी है। इसके बाद रील में डॉक्टर की डिग्री दिखाई जाती है और कहा जाता है कि यह 30 से 35 लाख रुपए से भी ज्यादा महंगी आती है।

### भ्रामक प्रचार पर भड़का दंत परिषद

मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद ने एक सख्त अधिसूचना जारी कर दंत चिकित्सकों को सोशल मीडिया पर भ्रामक, अशिष्ट और अनुचित पोस्ट करने से परहेज करने के निर्देश दिए हैं। परिषद ने यह चेतावनी उस प्रवृत्ति के खिलाफ जारी की है, जिसमें कुछ पंजीकृत दंत चिकित्सक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) पर दंत चिकित्सा संकट से संबंधित भ्रामक और भड़काऊ सामग्री साझा कर रहे हैं। परिषद के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रेश शुक्ला और रजिस्ट्रार डॉ. हर्ष चंसौरिया द्वारा जारी यह चेतावनी में स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां न केवल दंत चिकित्सा व्यवसाय की गरिमा को ठेस पहुंचा रही हैं, बल्कि नवशिक्षार्थी विद्यार्थियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। यह कार्य भारतीय डेंटल कोड ऑफ एथिक्स रेगुलेशन, 2014 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है।


**NH नेशनल हॉस्पिटल**

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 132 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 128 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |

मोबाइल नं. 9300692405

